पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कानपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 155, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत 16
रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फिल्म फाइटर पर बैन 15

## एक नजर

### आचरेकर और गणपत को मिलेगा भरतमुनि सम्मान

**नई दिल्ली।** कला एवं साहित्य में उत्कृष्टता के लिए काम करने वाली संस्था संस्कार भारती ने प्रथम 'भरत मुनि सम्मान' मुंबई के चित्रकार विजय दशरथ आचरेकर एवं लोककला में सिंधुदुर्ग के गणपत सखाराम मसगे को प्रदान करने की घोषणा की है। ये सम्मान बेंगलुरु में 03-04 फरवरी को अखिल भारतीय कलासाधक संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात संत श्री श्री रविशंकर भी होंगे। संस्कार भारती के महामंत्री अश्विन दलवी, सह कोषाध्यक्ष एवं संयोजक सुबोध शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी (यूओयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर जहर का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने जहर खाया या उन्हें दिया गया, इस पर संशय है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मूलरूप से द्वाराहाट निवासी हेमंत कांडपाल (45) पुत्र तारा दत्त कांडपाल यहां ट्यूलिप कॉलोनी में किराए पर रहते थे और रोजाना साथी प्रोफेसर के साथ कॉलेज जाते थे। बुधवार को वे उनके घर पहुंचे तो कई आवाज लगाने के बावजूद हेमंत घर से नहीं निकले। सहकर्मी ने घर के अंदर जाकर देखा तो हेमंत जमीन पर बेसुध पड़े थे और उनकी सांसें भी नहीं चल रही थीं। हेमंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, पत्नी से विवाद होने के चलते हेमंत अकेले रहते थे।

### एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नियामक को एयरलाइन एक पूर्व कर्मचारी से शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया। नियामक ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विस्तृत जांच की। डीजीसीए ने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया एयरलाइन द्वारा गैर-अनुपालन का पता चलता है।

### मीनाक्षी लेखी ने किया सहज गीता का विमोचन

**नई दिल्ली।** विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। लेखी ने यहां एक समारोह में भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुए कहा कि आम जन में गीता को वास्तविक अर्थों में पहुंचाने की आवश्यकता है, यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है।

# रामलला के दर्शन कराने में जुटी सरकार

## विशिष्ट जनों से मुख्यमंत्री ने की अपील, आना हो तो पहले से बताएं

## अयोध्या में उमड़े दर्शनार्थी, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी डटे

## अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा

- श्रद्धालुओं की वापसी को परिवहन रेलवे से समन्वय बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को स्वाभाविक बताया है। साथ ही कहा कि, सभी की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट जनों से उम्मीद की है कि वे अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास या राज्य सरकार को जानकारी दें। जिससे अयोध्या आने पर उन्हें कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों पर मंथन भी किया था। मुख्यमंत्री के जारी निर्देशों में है कि जो श्रद्धालु दर्शन कर चुके हों, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रहे। आवश्यकतानुसार परिवहन मंत्री रेलवे से भी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन कराने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी है। कहा है कि अयोध्या की सीमा से लगे जिलों के साथ अयोध्या प्रशासन और शासन के अधिकारी अंतरराज्यीय सम्पर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध हों।



अयोध्या में बुधवार को सुबह ठंड के बीच रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

### गणतंत्र दिवस पर सतर्क रहे सुरक्षा तंत्र, धार्मिक भावनाओं का न हो अपमान या तिरस्कार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए 26 जनवरी को सुरक्षा तंत्र को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस उल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी या किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान या तिरस्कार न हो। अगर कोई विद्वेष फैलाने वाले प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री के खास निर्देश

- दर्शनार्थी कतारबद्ध हों, भीड़ न लगे, कतार चलायमान रहे।
- बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का ध्यान दें, भावनाओं का सम्मान हो
- प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।
- सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।
- अलाव, पेयजल, कुर्सियों की व्यवस्था रहे, मशीनीकृत सफाई हो

### 1 फरवरी को योगी कैबिनेट शीश नवाएगी

- भाजपा शासित राज्यों की कैबिनेट भी अलग-अलग तारीखों में पहुंचेगी अयोध्या

**लखनऊ।** भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी रामलला के दर्शन कराने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसको लेकर पूरा शेड्यूल बनाया गया है। राज्यों के मुख्यमंत्री अलग-अलग तरीखों में अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचेंगे। इस कड़ी में 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट के दर्शन करने से पूर्व 1 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरी कैबिनेट रामलला के दर्शन करेगी। 2 फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 5 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 6 को अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा कंडू, 9 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, 12 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 15 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, 22 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, 24 फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 4 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

# पहले वेतन देने के लाले पड़ते थे आज हो रहा करोड़ों का निर्यात



वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- योगी ने की 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई
- डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव व नवीन तिवारी को मिला उप्र. गौरव सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** साल 2017 के पहले खराब आर्थिक स्थिति, वेतन के लाले और अव्यवस्था के तांडव का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश की तरक्की के कई उदाहरण साझा किए।

इस क्रम में उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में उप्र. का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपये का था। वहीं आज 2 लाख करोड़ रुपये का ओडीओपी निर्यात हो रहा है। उन्होंने बताया कि, कि यहां 96 लाख एमएसएमई यूनिट क्रियाशील हैं, जिन्होंने कोरोना कालखंड में दूसरे राज्यों से वापस आए 40 लाख लोगों को रोजगार दिया। हमारी सरकार एमएसएमई यूनिट को किसी दुर्घटना या आपदा पर पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर दे रही है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अवध शिल्पग्राम से 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत की। उन्होंने उप्र. गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल भी लांच किया। उप्र. दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ निवासी वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उप्र. गौरव सम्मान दिया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कानपुर के नवीन ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उप्र. और भारत के व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म से जोड़ता है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ अन्य गणमान्य रहे।

# मनोज शुक्ला हत्याकांड :11 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

- अपहरण व हत्या का आरोप, सभी पर 21,500 का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित मनोज शुक्ला अपहरण एवं हत्याकांड में कोर्ट ने 11 अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 21 हजार 500 जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज प्रेमप्रकाश की अदालत से बुधवार को सुनाया गया। सजा सुनाए जाने के बाद सबको जेल भेज दिया गया। वादी मुकदमा को जुर्माने में से 1.10 लाख रुपये बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है।

अभियोजन पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता सईद खान व सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रवीण सिंह विकास शुक्ला व राहुल सिंह ने बताया कि धारा रोड थाना कोतवाली नगर निवासी मनोज शुक्ला 12 जून 2019 की रात 11 बजे लक्ष्मणपुरी कॉलोनी निवासी वीरेश सिंह के साथ सिविल लाइंस स्थित एक होटल में खाना खाने गए थे। वहां पर वीरेश सिंह से उनकी कहासुनी हो गई। वीरेश ने अपने भाई आशीष सिंह को बुला लिया। उसके बाद मनोज को मारा-पीटा और जबरन उसको गाड़ी में बैठाकर अगवा कर लिया। इसके बाद मनोज शुक्ला कि अपने घर में हत्या कर लाश गोंडा के समीप स्थित मसकनवा रेलवे ट्रैक पर फेंक दी। पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद लाश का पोस्टमार्टम कराया। मनोज शुक्ला के भाई ने नगर कोतवाली में अपने भाई के अपहरण की रिपोर्ट आशीष सिंह के खिलाफ अपहरण की धारा में दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम के बाद लाश की पहचान मनोज शुक्ला के रूप में हुई। विवेचना के बाद पुलिस ने आशीष सिंह, विरेश सिंह, श्याम कुमार, विनीत कुमार पांडे, शिवम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विकास तिवारी, सोनू सोनकर, राना सिंह, अनीश पाण्डेय, श्रवण गोपाल पाण्डेय, मनुज मेहरोत्रा व अमन सिंह के खिलाफ अपहरण व हत्या की धारा में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में सहअभियुक्त अमन सिंह का मुकदमा किशोर न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया। अन्य अभियुक्तों के खिलाफ सुनवाई अदालत में हुई। इस दौरान मुख्य अभियुक्त आशीष सिंह को आजमगढ़ श्रवण कुमार को बस्ती जेल भेज दिया गया। अभियोजन की तरफ से 15 गवाह और बचाव पक्ष से आठ गवाह न्यायालय में पेश किए गए। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह की बहस सुनने के बाद मनुज मेहरोत्रा पर अपराध साबित न होने पर उसे बरी कर दिया।

# राहुल को हाईकोर्ट से मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि 2021 में बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है। राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है, जिसमें उस नाबालिग लड़की की पहचान होती थी।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोचिंग के गढ़ में इस साल छात्र की संदिग्ध खुदकुशी का यह पहला मामला है। ताजा घटना मंगलवार की है। पुलिस ने कोटा के न्यू राजीव गांधी नगर इलाके के एक छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया। जवाहर नगर क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के रहने वाले मोहम्मद जैद (19) के रूप में हुई है। वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# प. बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस

## इंडिया गठबंधन को झटका

- मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने किया ऐलान
- टीएमसी से सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी कांग्रेस : अधीर रंजन

कोलकाता, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा कि मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।

मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गई है। टीएमसी, कांग्रेस, माकपा 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। उनकी ये टिप्पणियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के एक दिन पहले आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए। विपक्षी गठबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उन्हें राज्य में यात्रा के कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी से सीटों की भीख नहीं मांगेगी।

### कार दुर्घटना में ममता के माथे में लगी चोट



बर्द्धमान। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे में बुधवार को यहां उस समय चोट लग गई जब उनकी कार को एक अन्य वाहन से टकराने से बचाने के लिए अचानक रोकना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी कार में आगे, चालक के बगल में बैठी थीं और उनका माथा सामने के शीशे से टकरा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कोलकाता लाया जा रहा है जहां डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। ममता एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पूर्वी बर्द्धमान गई थीं।

### 'आप' भी पंजाब में अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ भी नहीं है। 'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। देश में पंजाब बनेगा हीरो।



## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में गोमती नगर हाउसिंग सोसाइटी मकड़ीखेड़ा निवासी 30 वर्षीय अतुल कुमार सविता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी। भाई अजय और सुभाष ने बताया उसे बीपी की समस्या थी। परिजनों के अनुसार देर शाम अतुल ने मां मीरा से रुपये लिए और गुटखा खाने की बात कहकर घर से चला गया। कुछ देर बाद लौटा और घर के ऊपर वाले कमरे में जाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक नीचे नहीं आया तो पिता राम कुमार कमरे में गए जहां वह फंदे से लटक रहा था। कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि परिजनों ने घटना के पीछे के कारणों को नहीं बताया है।

### फल के ठेले हटवाए

**कानपुर।** डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद कुमार व डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने गोल चौराहे पर लग रहे फलों के ठेलों को व्यवस्थित कराया। उन्हें अन्दर स्थान दिया गया जहां पर वह ठेले लगा सकते हैं और सड़क को अतिक्रमण से खाली कराया गया।

### भामसं नेता को पत्नी शोक

**कानपुर।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय की पत्नी निर्मला उपाध्याय (52) का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। अंत्येष्टि भैरव घाट में दोपहर में की गई।

# आज माघ मेले में बड़ा स्नान और गंगा में जाता रहा गंदा पानी

## यूपीपीसीबी को निरीक्षण में जाजमऊ के 130, 43 और 5 एमएलडी एसटीपी मिले बंद

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर



जाजमऊ में नाले का पानी गंगा में जा रहा। अमृत विचार

- आज पौष पूर्णिमा पर स्नान होगा, जलनिगम को दी गई है चेतावनी

**अमृत विचार।** माघ मेले का दूसरा स्नान पौष पूर्णिमा पर गुरुवार को है लेकिन इससे पहले गंगा नदी में नाले का करोड़ों लीटर गंदा पानी बहा दिया गया। यूपीपीसीबी के औचक निरीक्षण में जाजमऊ में बने 130, 43 और 5 एमएलडी के एसटीपी व कॉमन सीवेज पंपिंग स्टेशन बंद मिला। बड़ी लापरवाही पर यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने जलनिगम इकाई और प्लांट चलाने वाली संस्था को नोटिस भेजकर चेतावनी जारी की है और तत्काल प्लांट को शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया माघ मेले को देखते हुये उन्होंने अपनी टीम के साथ मंगलवार सुबह जाजमऊ में बने 130, 43 और 5 एमएलडी का एसटीपी व कॉमन सीवेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।

इस दौरान 130 एमएलडी एसटीपी की सभी इकाईयां जैसे मैकेनिकल स्क्रीन, ग्रिट रिमूवल चैंबर, पीएसटी, एरियेशन टैंक, सभी एफएसटी, टीईपीएच और आरएसपीएच बंद मिले। इसी तरह 43 और 5 एमएलडी एसटीपी की इकाईयां भी बंद मिलीं। उन्होंने बताया कि 43 और 5 एमएलडी एसटीपी का अशोधित सीवेज एयरफोर्स नाले के माध्यम से सीधे गंगा नदी में जाता मिला।

इसके साथ ही पाया गया कि सीएसपीएस पर अपर्याप्त पंपिंग होने की वजह से बाईपास लाइन के माध्यम से अशोधित सीवेज गंगा नदी में जाता हुआ मिला। जिससे गंगा नदी गंदी होती मिली है। यूपीपीसीबी ने इसके लिये जलनिगम के साथ ही एसटीपी का संचालन कर रही कानपुर रिवर मैनेजमेंट कंपनी को चेतावनी जारी की है।

### एसटीपी शुरू करें नहीं तो होगी कार्रवाई

माघ-मेले का दूसरा स्नान 25 जनवरी यानी आज है। इसके तहत शासन की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार 12 जनवरी से टेनरियों और नालों के गंदगी को गंगा नदी में जाने से पूरी तरह से रोकना था। लेकिन इसके बावजूद गंगा में लगातार गंदगी जा रही है। जिससे एनजीटी की गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा पा रहा है। इसके साथ ही गंगा में प्रदूषण बढ़ रहा है।



गज्जू पुरवा में पकड़ी गई अवैध टेनरी। अमृत विचार

### जनवरी से मार्च तक सख्ती के निर्देश

शासन की ओर से सख्त निर्देश है कि जनवरी से मार्च के बीच गंगा नदी में गंदगी जाने से रोका जाये। इसके लिए नालों को टैप करने के साथ ही टेनरियों के बंदी का रोस्टर जारी किया गया है। लेकिन, इसके बावजूद कानपुर में अफसरों की लापरवाही की वजह से गंगा नदी को गंदगी से निजात नहीं मिल पा रही है। इसकी वजह से कानपुर से प्रयागराज की ओर करोड़ों लीटर सीवेज जा रहा है।

### यह है टेनरी बंदी का रोस्टर

| स्नान | स्नान तारीख | कब से कब तक टेनरी बंदी |
|---|---|---|
| मकर संक्रांति | 15 जनवरी | 12 से 15 जनवरी |
| पौष पूर्णिमा | 25 जनवरी | 22 से 25 जनवरी |
| मौनी अमावस्या | 9 फरवरी | 6 से 09 फरवरी |
| बसंत पंचमी | 14 फरवरी | 11 से 14 फरवरी |
| माघी पूर्णिमा | 24 फरवरी | 21 से 24 फरवरी |
| महाशिवरात्रि | 8 मार्च | 05 से 8 मार्च |

## जाजमऊ में छापा मार टीम ने पकड़ी अवैध टेनरी

**कानपुर।** टेनरियों की बंदी के आदेशों के बावजूद अवैध रूप से टेनरियों का संचालन किया जा रहा है। बुधवार को छापेमारी में जांच टीम ने गज्जू पुरवा जाजमऊ में जमाल टैनिंग इंडस्ट्रीज टेनरी के पीछे हिस्से में अवैध तरीके से टेनरी का संचालन पाया।

माघ मेला के चलते टेनरियों के रोस्टर के मुताबिक शासन स्तर से बंदी के आदेश जारी किए गए थे। टेनरी बंदी का पालन कराने के लिए जिलास्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। डीएम द्वारा गठित 8 जिला स्तरीय टीमों ने बुधवार को शहर में 100 टेनरियों का निरीक्षण किया।

एसीएम-5 जंग बहादुर यादव के मुताबिक टेनरियों की जांच में जमाल टेनरी के पीछे के हिस्से में अवैध टेनरी मिली। हालांकि इस टेनरी में कार्य नहीं हो रहा था। लेकिन इसके लिए उन्होंने अलग से बिजली कनेक्शन लिया हुआ था। बिजली के कनेक्शन को कटवा दिया गया है। अवैध टेनरी का संचालन मुसरुददीन द्वारा अल्तमस ट्रेडर्स के रूप में किया जा रहा था। यूपी पॉल्यूशन बोर्ड द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रदर्शनी में लेदर और कपड़े के उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




जानकारी देते अनारबेन पटेल और कल्पन सेठ। अमृत विचार

- 26 से 30 जनवरी तक लाजपत भवन में आयोजन
- कॉस्मैटिक सहित अन्य हस्तशिल्प उत्पाद भी होंगे

**अमृत विचार।** 26 से 30 जनवरी तक मोतीझील स्थित लाजपत भवन लॉन में क्राफ्टरूट कानपुर प्रदर्शनी शुरू होने जा रही है। इस प्रदर्शनी में 17 राज्यों के लगभग सौ से अधिक हस्तशिल्पी अपने स्टॉल लगाएंगे। प्रदर्शनी में चमड़ा, कपड़े, कॉस्मैटिक सहित अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हो रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को क्राफ्टरूट व ग्रामश्री की संस्थापिका अनारबेन पटेल व मार्केटिंग हेड कल्पन सेठ ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदशनी की शुरुआत उद्योग विकास व निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद कुमार 'नंदी' करेंगे। 27 को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी प्रदर्शनी में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कई तरह की लाइव कार्यशालाएं भी होंगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्राहक और हस्तशिल्पी को एक मंच पर लाना है।

उन्होंने बताया कि फैशन ट्रेंड में तेजी से बदलाव हुआ है। अब लोगों का क्राफ्ट के प्रति झुकाव बढ़ा है। यही वजह है कि मार्केट में क्राफ्ट के उत्पाद की बिक्री चालीस फीसदी तक बढ़ी है।

बाजार के रुझान पर उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में स्लो फैशन का रुझान बढ़ा है। पहले लोग एक कपड़े को कम समय के लिए इस्तेमाल करते थे। अब वे कपड़ों को कई दिनों तक पहनने की चाह रखते हैं। इससे हस्तशिल्पियों को सबसे अधिक सहायता मिली है। कोरोनाकाल के बाद खासतौर पर इस रुझान में परिवर्तन आया है।

## मायाराम की माया ने गुदगुदाया

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में चार दिवसीय नाट्य समारोह में बुधवार को तीसरे दिन की प्रस्तुति में नाटक मायाराम की माया ने लोगों को खूब गुदगुदाया। निर्देशक रवींद्र रंगधर के इस नाटक में हॉल में जमकर तालियां बजीं। आदित्य राजन, हर्षित वर्मा, मनीष कुमार, शरद श्रीवास्तव, ऋषभ दास, चंदन यादव आदि कलाकारों के मंचन और नाटक की कहानी में सभी दर्शक खो गए। हास्य व संगीत से भरपूर इस नाटक को सभी ने सराहा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संयोजन शैलजा कांत ने किया। संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, कुलपति प्रो. विनय पाठक, डॉ. शुभम् वर्मा, डॉ. सचिव गौतम आदि थे।

# आज हर विधानसभा में दो नव मतदाता सम्मेलन

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों की 52 विधानसभाओं में होंगे सम्मेलन
- क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर तैयारियां कीं पूरीं

### नव मतदाता सम्मेलन के लिये जिम्मेदारी तय

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा के साथ जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने गुरुवार को होने वाले युवा नव मतदाता सम्मेलन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में लगभग 50 लाख मतदाताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान करीब 15 लाख युवा मतदाता प्रधानमंत्री से सीधे तकनीक रूप से सजीव प्रसारण के माध्यम से जुड़ेंगे। कानपुर महानगर उत्तर में आठ स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। गोविंद नगर विधानसभा, नगर विधानसभा और सीसामऊ विधानसभा के लिए अलग-अलग संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया गया है। कल्याणपुर विधानसभा में वीएसएसडी कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप से विधायक नीलिमा कटियार और नीतू सिंह रहेंगी। ओमेगा कोचिंग काकादेव में सांसद देवेंद्र सिंह भोले रहेंगे।

**अमृत विचार।** गुरुवार को फर्स्ट टाइम वोटर बने मतदाताओं के लिये नव मतदाता सम्मेलन होगा। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों की 52 विधानसभाओं व सभी शिक्षक संस्थानों में सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रत्येक विधानसभा में 2-2 सम्मेलन आयोजित होंगे जिसमें उद्घाटन सत्र एवं समापन सत्र में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी से लेकर क्षेत्र तक के पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप मे सम्मलित होंगे। यह जानकारी बुधवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की ने दी।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा आगामी कार्यक्रम अभियानों में जुट गई है। बुधवार को इसके संबंध में एक बैठक हुई जिसका संचालन क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने किया। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं नव मतदाता सम्मेलन के क्षेत्रीय संयोजक सुनील साहू ने बैठक में कहा कि सभी 52 विधानसभाओं के अंतर्गत फर्स्ट वोटर वोटर युवाओं का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो चुका है एवं सूचीबद्ध किया जा चुका है जिनको सम्मेलन में भागीदारी करनी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि फरवरी के प्रथम सप्ताह में भाजपा गांव चलो अभियान का शुभारंभ करेगी। उसके पूर्व सभी जिलों मे 28-29 जनवरी को जिला कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 30-31 जनवरी व एक फरवरी तक सभी 254 मंडलों में कार्यशाला आयोजित होगी। गांव चलो अभियान का क्षेत्रीय संयोजक क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे व सह संयोजक क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, पूर्व युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास दुबे को जिम्मेदारी सौपी गयी है। बैठक में तय किया गया कि 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनने के बाद सभी बूथों पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठकें भी आयोजित की जाएंगी जिसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी को सौंपी गयी। बैठक में सुनील तिवारी, राजेश भदौरिया, अंकित अग्रवाल, खेमराज शर्मा, अनूप तिवारी सहित सभी मॉनिटरिंग टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता दिवस पर निष्पक्ष मतदान की शपथ...




कानपुर। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कर्मचारियों को मताधिकार के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पुलिस ऑफिस में डीसीपी व स्टॉफ ऑफिसर समेत कार्यालय प्रभारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। वहीं समस्त थानाक्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाकर जागरूक किया गया। इसी प्रकार पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिण और सेंट्रल जोन में पुलिस कर्मियों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई।

# नौबस्ता में बंदर की एयरगन से हत्या, तीन पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विरोध करने वाले को आरोपियों ने पीटा, हंगामा
- गड्ढा खोदकर पोस्टमार्टम के लिए निकाला गया शव



घायल अंजनी।

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में 16 जनवरी को मोहल्ले में उछलकूद कर रहे एक बंदर की एयरगन चलाकर हत्या कर दी गई। घटना का विरोध करने वाले से मारपीट भी की गई। बुधवार को स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया तो पुलिस ने मृत बंदर को गड्ढा खोदकर बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

वाई-ब्लॉक किदवई नगर निवासी अंजनी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाले सुरेंद्र सिंह चौहान ने 16 जनवरी को अपनी एयरगन से मोहल्ले में उछल-कूद कर रहे बंदर की हत्या कर दी थी। इसके बाद बंदर के शव को अपने घर के सामने बरगद के पेड़ के पास दफना दिया था। पता चलने पर 22 जनवरी की शाम को वह इस संबंध में उनसे बात करने गए तो सुरेंद्र सिंह चौहान व उनके पुत्र सोनी चौहान व सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप ने घर में घुसकर मारना पीटना शुरू कर दिया। पिस्टल की बट से उनका सिर फोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाने पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें टरका दिया। जिसके बाद डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार से शिकायत की गई। इस पर अंजनी मिश्रा की तहरीर पर सुरेंद्र सिंह चौहान, सोनी चौहान, सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप के खिलाफ जानवर की हत्या करना, मारपीट, गालीगलौज धमकी, आदि में एफआईआर दर्ज की गई है। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपियों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं बुधवार को पूरा मोहल्ला सुरेंद्र और उसके बेटे के खिलाफ उतर आया। स्थानीय लोग हंगामा करने लगे। इसके बाद पुलिस पहुंची और दफन बंदर को बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एसीपी नौबस्ता आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।



जमीन खोदकर बंदर के शव को निकाला गया। अमृत विचार



बंदर के सीने में घाव का निशान।

जन की बात

## यूपी दिवस पर सीएसए कृषि विवि में हुआ कार्यक्रम, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने देखे स्टॉल

# आवास की चाबी पा लाभार्थी हुए गदगद, शिक्षकों का सम्मान भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे, वहीं कैलाश भवन सभागार में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया। पीएम किसान निधि, शौचालय के प्रमाण पत्र व आवास योजना की चाबी लाभार्थियों को प्रदान की। स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वाहवाही लूटी।

उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ने सबसे पहले परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों को देखा। स्टॉल पर मौजूद सामग्रियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद कैलाश भवन सभागार में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सरोज कुरील के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महापौर और विधायक ने दिवस और प्रदेश के विकास की जानकारी दी। श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा की लोगों को बधाई दी। लोगों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश की छवि और आज में बहुत अंतर है। इंडिया गठबंधन में ममता के अकेले चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने कीर्तिमान स्थापित किया है। उसके बारे में जानें। गठबंधन कैसे चुनाव लड़ेगा, यह उनका मामला है।



स्टाल पर मिट्टी के बर्तन देखते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

### पहले पेंशन के नाम पर पैसे मांगे जाते थे

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 10 वर्ष पहले तक प्रदेश काफी पिछड़ा था। लेकिन सात वर्ष के अंदर कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। पहले लोग उत्तर प्रदेश में आना नहीं चाहते थे, अब सबसे पहले आने की होड़ है। पहले पेंशनधारकों से पेंशन के नाम पर पैसे मांगे जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने सभी के खाते खुलवा दिये जिससे सीधा खाते में पेंशन पहुंच रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है।



शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। अमृत विचार

### यूपी पर्यटन का केंद्र बना

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश पर्यटन का केंद्र बना है। पहले लोग दूसरे स्थानों पर जाते थे, लेकिन अब लोग घूमने प्रदेश में आ रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने देश से लेकर विदेश तक डंका बजा दिया है। प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में थी, लेकिन लोगों की आस्था ने बता दिया कि जैसे राम उनके घर में आ रहे हैं।

# गौशाला की जमीन को कब्जों से बचाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गौशाला सोसाइटी की पुलिस कमिश्नर से गुहार, कब्जा मुक्त कराने को टीम बनी

**अमृत विचार।** कानपुर गौशाला की जमीनों पर कब्जा कर बैठे भूमाफिया के साथ अन्य जगहों पर हो रहे अतिक्रमण का निरंतर विरोध के बाद शासन, प्रशासन भी एक्शन मोड पर दिख रहा है। निरीक्षण और कार्रवाई को लेकर टीम गठन के आदेश भी जारी किए हैं। साथ ही कुछ लोगों से पांच लाख रुपए का बाण्ड भी भरवाने को कहा गया है ताकि जमीनों पर कब्जा होने पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सके।

बुधवार को कानपुर गौशाला सोसाइटी के प्रतिनिधि मण्डल ने दूसरी बार पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलकर गौशाला की जमीनों पर कब्जों की शिकायत की है। उन जगहों को भी बताया है जहां कब्जा कर व्यापार फैलाया गया है। कुछ जगहों पर किए जा रहे पक्के निर्माण को भी बताया है। प्रतिनिधि मंडल ने इन जमीनों को हर हाल में कब्जा मुक्त कराने के लिए आग्रह किया है। पुलिस आयुक्त ने कानपुर गौशाला सोसाइटी की जमीनों पर हो रहे कब्जे के सम्बंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर और सहायक पुलिस आयुक्त पनकी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करने का आदेश दिया। साथ ही साथ डीसीपी विजय ढुल ने एसीपी पनकी से बाण्ड भराने के आदेश दिए हैं। प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि गौशाला की किसी भी जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

16.0° अधिकतम तापमान | 05.6° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 57 | सूर्यास्त 05 : 45

## शहर में आज

- **विज्ञान प्रदर्शनी** : बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कालेज बेनाझावर में विज्ञान प्रदर्शनी सुबह 11 बजे।
- **मतदाता दिवस कार्यक्रम** : सीएसजेएमयू में मतदाता दिवस कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- **ज्ञापन** : ईवीएम हटाओ सविधान बचाओ संयुक्त मोर्चा के द्वारा महामहिम को संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन 12 बजे।
- **बैठक** : जीएसटी को लेकर बैठक एमसीयूपी ऑडिटोरियम सिविल लाइन में दोपहर 12 :30 बजे।
- **श्रद्धांजलि सभा** : कानपुर विश्व विद्यालय छात्र संघ की ओर से डीएवी लॉन सिविल लाइन में श्रद्धांजलि सभा शाम 3 बजे।
- **साईं कथा** : वासुदेव साईं विश्व सेवा संस्थान की ओर से आर्यनगर स्थित लॉफ्टी हॉल गैंजेस क्लब में कथा शाम 6 बजे।

## एक नजर

### साईं कथा आज



**कानपुर।** वासुदेव साईं विश्व सेवा संस्थान की ओर से गैंजेज क्लब लॉफ्टी हाल आर्यनगर में गुरुवार को साईं कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन साईं कथा वाचक शुभ्रम बहल जी द्वारा किया जाएगा। कथा की शुरुआत शाम छह बजे से होगी। कथावाचक शुभ्रम बहल न सिर्फ साईं बाबा की महिमा के बारे में बताएंगे बल्कि गुरु की महिमा का जीवन में कितना महत्व और सुखी जीवन के सूत्र क्या हैं इसके बारे में भी श्रद्धालुओं को जानकारी देंगे।

### 28 जनवरी तक लौट सकती हैं ई सिटी बसें

**कानपुर।** शहर से अयोध्या गई ई-सिटी बसें 28 जनवरी तक शहर आ सकती हैं। परिवहन विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बसों के आने से पहले उनके चालकों का चार्टर तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि स्टॉप पर खड़ी दस बसों को भी जांचा जा रहा है। उम्मीद है कि इन बसों को भी जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा।

# पीजीआई का उद्घाटन, अब जटिल रोगों का सुपर स्पेशिएलिटी इलाज

## केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

**12** हजार मरीज हर माह आ रहे इलाज कराने | **30** बेड के अत्याधुनिक आईसीयू हैं | **20** हजार किलोलीटर का ऑक्सीजन टैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी अत्याधुनिक मशीनें और 30 बेड का आईसीयू

**अमृत विचार।** गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशिएलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) का बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने दिल्ली से ऑनलाइन उद्घाटन किया। कानपुर में इस पीजीआई के बनने से आसपास के 17 जिलों के मरीजों को अब गंभीर रोगों के इलाज के लिए लखनऊ, दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे बड़े शहरों में नहीं दौड़ना होगा।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के चौथे चरण में जीएसवीएम मेडिकल कालेज के एलएलआर (हैलट) अस्पताल परिसर में 200 करोड़ रुपये से जीएसवीएसएस पीजीआई बनाया गया है। यहां 30 बेड के अत्याधुनिक आईसीयू के साथ ही 240 जनरल बेड की सुविधा है। पीजीआई में न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंडॉक्रिनलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रालॉजी, पेन मेडिसिन, पीएमआर, रेडियोलॉजी व आर्थोपेडिक की आर्थोप्लास्टी समेत 12 विभाग बनाए गए हैं। इन विभागों में कैंसर समेत अनेक गंभीर और जटिल बीमारियों की शुरुआत में ही रोकथाम के साथ उपचार उपलब्ध होगा। इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। डॉ.मनसुख मांडविया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भव्य राममंदिर बनने से पता चला कि जितना कठिन संघर्ष होगा, फल उतना ही सुखद होगा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले और विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि यहां मरीजों को बेहतर गुणवत्ता परक इलाज मिलेगा।



जीएसवीएम पीजीआई का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया व जीएसवीएम प्राचार्य, सांसद, विधायक व निदेशक। अमृत विचार

### हर माह पहुंच रहे 12 हजार मरीज

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि पीजीआई में मरीजों को सुपर स्पेशिएलिटी इलाज मिल रहा है। अभी इसका संचालन ट्रायल पर हो रहा था। एक माह में करीब 12 हजार मरीज आ रहे हैं। संस्थान में दिमाग की बीमारियों, खून से शरीर में होने वाली समस्याओं, रीढ़ की हड्डी के पानी (सीएसएफ) और ब्रेन के पानी पर शोध करके बीमारियों का पता लगाकर रोकथाम की जा सकेगी।

### देश में खोले जाएंगे 16 नए एम्स

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत केंद्र सरकार ने छह नए एम्स खोले हैं। 16 और नए एम्स विभिन्न स्थानों पर खोले जाने प्रस्तावित हैं। 75 मेडिकल कॉलेजों को योजना के विभिन्न चरणों में सुपर स्पेशिएलिटी अस्पतालों की सौगात दी जा रही है। अब यहां एमबीबीएस व पीजी की सीटें भी बढ़ेंगी। कानपुर के भौगोलिक महत्व को देखते हुए यह सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश में आयुष्मान ब्लॉक बनाने का भी फैसला हुआ है, ताकि आयुष्मान धारकों को बेहतर इलाज मिल सके। देश में 60 करोड़ लोग आयुष्मान योजना से लाभांवित हुए हैं और 50 करोड़ लोगों के आभा कार्ड बने हैं। उत्तर प्रदेश में दो एम्स हैं। प्रदेश के 11 मेडिकल कॉलेजों को अपग्रेड करने का बजट दिया जा चुका है।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी, राहुल बच्चा सोनकर , दीपू पांडे, डॉक्टर व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### पीजीआई में अत्याधुनिक मशीनें

पीजीआई के नोडल प्रभारी डॉ .मनीष सिंह ने बताया कि संस्थान में तीन अत्याधुनिक एमआरआई मशीनों के साथ 128 स्लाइस की सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध है। यहां रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से लेकर आंत, पेट, हड्डियों और खून से जुड़ी सभी प्रकार की जांचों की सुविधा है। 20 हजार किलोलीटर का ऑक्सीजन टैंक, विद्युत आपूर्ति के लिए 750 केवीए के तीन डीजी सेट के पावर बैकअप के साथ सिंक्रनाइजेशन के 1000 केवीए के तीन ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। संस्थान की छत पर 30 केडब्लूपी ऑनलाइन ग्रिड सौर पीवी प्रणाली के तहत सात हजार लीटर क्षमता के गर्म पानी वाले जनरेटर की सुविधा है। एचवीएसी स्वचालित अग्नि शमन प्रणाली, सीसीटीवी और जल उपचार संयंत्र भी लगाए गए हैं।

### ये अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

वर्चुअल उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, स्वास्थ्य व परिवहन कल्याण एवं जनजाति कार्य राज्य मंत्री डॉ .भारती प्रवीण पवार, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण और मातृ एवं शिशु कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, डीजीएमई किंजल सिंह मौजूद रहे। जीएसवीएम सभागार में विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय के अलावा जीएसवीएम की उप प्राचार्य प्रो .रिचा गिरी, पूर्व प्राचार्य डॉ .आरती लाल चंदानी, पूर्व प्राचार्य डॉ .नवनीत कुमार, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह, डॉ .चयनिका काला, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ .जीडी यादव, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ .शालिनी मोहन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ .नीना गुप्ता मौजूद रहीं।



दीप प्रज्जवलन करते सांसद देवेंद्र सिंह, विधायक नीलिमा कटियार, प्राचार्य प्रो .संजय काला व पीएमएमएसवाई निदेशक नरेंद्र ओझा।

### संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स के साथ पीएचडी भी

स्पीच एंड हियरिंग संस्थान में विभिन्न तरह के डिग्री, डिप्लोमा कोर्स के साथ ही पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। यहां ऑडियोलॉजी, स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी में पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। इसके साथ ही फॉरेंसिक स्पीच साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में पीजी डिप्लोमा, न्यूरो ऑडियोलॉजी में पीजी डिप्लोमा, क्लीनिकल भाषा विज्ञान में पीजी डिप्लोमा , बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी , डिप्लोमा इन हियरिंग, लैंग्वेज एंड स्पीच, डिप्लोमा इन हियरिंग एंड एंड ईयर मोल्ड टेक्नोलॉजी, ऑगमेंटेटिव एंड अल्टरनेटिव कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा इन हियरिंग ऐड एंड ईयर मोल्ड टेक्नोलॉजी, एमएससी (ऑडियोलॉजी), एमएससी (भाषण - भाषा विकृति विज्ञान) की पढ़ाई होगी।

# स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीट्यूट का शिलान्यास भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 180 करोड़ रुपये मंजूर किए
- संस्थान में शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ दिव्यांगों के इलाज की भी रहेगी व्यवस्था
- सुरार में जल्द शुरू होगा भवन निर्माण, एक दशक से लटका और अटका था प्रोजेक्ट

**अमृत विचार।** कानपुर के सुरार गांव में स्थापित होने वाले ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग की बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअल आधारशिला रखी। संस्थान की स्थापना के लिए मंत्रालय ने 180 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। कर्नाटक में मैसूर के बाद यह देश में दूसरा संस्थान होगा, जहां पढ़ाई के साथ दिव्यांगों के इलाज और प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। बीते एक दशक से इस प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने की कवायद चल रही थी। अब जल्दी ही भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी।

वर्ष 2013 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कानपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग की स्थापना का निर्णय लिया था।

शासन ने तत्कालीन सीएमओ डॉ. आरपी यादव से इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा था। तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. रोशन जैकब ने वर्ष 2015 में सुरार में संस्थान के लिए 25 एकड़ भूमि चिह्नित करके स्वास्थ्य विभाग के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज करा दी थी। लेकिन प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर से उचित पैरवी नहीं होने के कारण प्रोजेक्ट की फाइल आलमारी में बंद हो गई। वर्ष 2018 में सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने इस प्रोजेक्ट का संज्ञान लेकर तत्कालीन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से बात की। इसके बाद मैसूर स्थित संस्थान के निदेशक एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के उप सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने संस्थान की आधारशिला रखते हुए जल्दी ही निर्माण की बात कही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि संस्थान की स्थापना के लिए धनराशि मंजूर कर दी गई है।



ऐसा बनेगा स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीट्यूट। अमृत विचार

# बिल्डिंगों में अग्नि उपकरणों की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस कमिश्नर ने घटनाओं को लेकर उठाया कदम

**अमृत विचार।** चमनगंज और मूलगंज में चार मंजिला बिल्डिंगों में हुए अग्निकांड के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस कमिश्नर ने यह तय किया है कि अब सभी थानाक्षेत्रों में ऊंची बिल्डिंगों में अग्नि उपकरणों की जांच पुलिस की टीमें करेंगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। रणनीति तैयार की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि शहर में हाल में जो आग की घटनाएं हुई हैं उसमें सबसे ज्यादा दिक्कत उन कारखानों की है जहां पर इंट्री प्वाइंट तो होते हैं मगर एक्जिट प्वाइंट नहीं होते। साथ ही वह रिहायशी इलाकों में काम कर रहे हैं। हाईराइज इमारतों में मानक पूरे नहीं हैं। इस तरह की जानकारियां भी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। रूपरेखा तय करने के बाद हाईराइज इमारतों में जांच कराई जाएगी। हमारा उद्देश्य लोगों को जागरूक करने का होगा। उन लोगों को मानक पूरे करने का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर मानक नहीं पूरे होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# 26 तक ट्रेन से दिल्ली नहीं भेजे जाएंगे पार्सल

**कानपुर।** 26 जनवरी तक ट्रेन से पार्सल दिल्ली नहीं जा सकेंगे। रेलवे की ओर से पार्सल की बुकिंग बंद कर दी गई है। गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

गणतंत्र दिवस की सुरक्षा पर सेंट्रल पर भी निगरानी तज हो गई है। आरपीएफ और जीआरपी की ओर से रोजाना सेंट्रल पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह ने बताया कि दिल्ली जाने वाले पार्सल की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके अलावा रोजाना सेंट्रल पर ट्रेन, ट्रैक और प्लेटफॉर्म की तलाशी ली जा रही है। यात्रियों को भी जागरूक किया जा रहा है।

# 31 मार्च तक बन जाएगा फ्लाईओवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंधना में रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर की बाधा दूर हो गई है। यहां हाईटेंशन लाइन की ऊंचाई बढ़ाने की सहमति रेलवे से मिलने के बाद एनएचएआई ने पुनः काम शुरू कर दिया है। अब लक्ष्य रखा गया है कि 31 मार्च तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

कानपुर से अलीगढ़ तक जीटी रोड का निर्माण हो गया है। सिर्फ मंधना में जीटी रोड पर मंधना-बिठूर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण शेष है। इस फ्लाईओवर के बन जाने के बाद लोग फर्राटा भर सकेंगे।

अभी मंधना के पहले लोगों को जीटी रोड की पुरानी रोड से जाना पड़ रहा है और आगे क्रॉसिंग पार करने के बाद फिर लोग नव निर्मित हाईवे पर चढ़ते हैं।

फ्लाईओवर के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा हाईटेंशन लाइन थी जो अब दूर हो गई है। ऐसे में 31 मार्च तक निर्माण का कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है। आठ जनवरी को जीटी रोड का उद्घाटन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री इस परियोजना का लोकार्पण करना था पर समारोह टाल दिया गया था।



मंधना में बन रहा फ्लाईओवर। अमृत विचार

# ईएसआई डॉक्टर हुए साइबर ठगी का शिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रोज कई मामले सामने आने और तमाम जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद लोग साइबर क्राइम के प्रति सचेत और जागरूक नहीं हो रहे हैं। ताजा मामला नजीराबाद थानाक्षेत्र में स्थित ईएसआई अस्पताल का है जहां तैनात डॉक्टर से साइबर ठगों ने ठगी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लखनऊ निवासी डॉ.आशीष कुमार यादव कबाड़ी मार्केट स्थित ईएसआई औषधालय में कार्यरत हैं। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी 2024 को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जिसमें रिवार्ड प्वाइंट रिडीम कराने के लिए लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करते ही वह बैंक की वेबसाइट से डायरेक्ट हो गए। ऑफिशियल वेबसाइट समझकर आशीष ने उसमें पूछी गई डिटेल भर दी। इसके बाद ओटीपी आया तो वह भी सबमिट कर दिया। इसके बाद उनके खाते से 26,192 रुपये कट गए। पीड़ित ने बैंक को सूचना देकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**जनसुविधा** | शताब्दी नगर योजना के 1152 भवनों को लॉटरी से बांटा गया, 27 को जवाहर पुरम योजना की होगी लॉटरी

# आवास पाकर कोई चहका तो किसी को मिली निराशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत शताब्दी नगर योजना में निर्मित किये जा रहे 1152 भवनों को लॉटरी के माध्यम से बांट दिया। इन भवनों के लिये कुल 4663 पात्र आवेदकों को चयनित किया था। इस दौरान आवास पाकर कोई खुशी से चहक उठा तो आवास न मिलने पर आधे से ज्यादा आवेदकों के हाथ निराशा लगी। अब 27 जनवरी को जवाहर पुरम योजना की लॉटरी होगी।

केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि दुर्बल आय वर्ग के लोग लाभान्वित हुये हैं। शताब्दी नगर स्थित प्राधिकरण स्टेडियम में लॉटरी का शुरुआत सांसद देवेन्द्र सिंह भोले और विधायक नीलिमा कटियार ने की।

लॉटरी में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के मध्य वरीयता के आधार पर भूतल का फ्लैट लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया है। नियमानुसार श्रेणीवार आरक्षण के आधार पर क्रमशः अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों के मध्य लॉटरी करायी गयी।



लाटरी निकलने की आस में उमड़े लोग। अमृत विचार

### कराई गई वीडियोग्राफी

उपाध्यक्ष के निर्देश पर पारदर्शिता के दृष्टिगत लॉटरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गयी। इसके साथ ही स्टेडियम में लॉटरी स्थल पर मजिस्ट्रेट, आवश्यक पुलिस बल, चिकित्सा दल, अग्निशमन प्रबन्धन आदि व्यवस्थायें भी की गई। इस दौरान मुख्य अभियन्ता आशु मित्तल, अधिशाषी अभियन्ता आरके पांडेय, पीओ डूडा के प्रतिनिधि, रावित रंजन चैधरी, सिविल इंजीनियर आदि रहे।

### योजनाओं का क्रियान्वयन अफसरों की जिम्मेदारी

सांसद देवेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराना सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारी है। जिसमें कानपुर विकास प्राधिकरण अपने दायित्व का निर्वहन करते हुये आम जन को उनके मकान के सपने को साकार कर रहा है। नीलिमा कटियार ने कहा कि अत्यन्त दुर्बल वर्ग के लोगों के लिये जो छत उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है, वह अत्यन्त सराहनीय है।

# बसपा सीमित आधार वाली सीटों पर भी लड़ेगी

विशेष संवाददाता

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में अकेले उतरने की कमर कस चुकी बसपा कानपुर समेत उन सभी लोकसभा क्षेत्रों में भी प्रत्याशी उतारेगी जहां उसे एक लाख से भी कम वोट मिलते रहे हैं। कानपुर में अभी तक बसपा को अधिकतम 60,000 वोट मिले हैं। पार्टी का मानना है कि यह रणनीति उसका भाजपा की तरफ खिसका वोट बैंक लौटा देगी।

2019 के लोकसभा चुनाव में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की दस लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा गठजोड़ को भाजपा ने करारी शिकस्त दी थी। इसे देखते हुए इस बार बसपा दलित-मुस्लिम-ब्राह्मण समीकरण को तरजीह देकर विधानसभा क्षेत्रवार कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए 2007 विधानसभा चुनाव वाली रणनीति बना रही है। इसी लिहाज से प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पार्टी के नेता मानते हैं कि संगठित होकर काम करने और विपक्षी दलों के साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडों से दूर रहकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। तय हुआ है कि पदाधिकारी हर दिन सेक्टर व बूथ स्तर पर काडर मीटिंग लेंगे। हर जाति को जोड़ने पर फोकस होगा। लोगों को समझाया जाएगा कि मुफ्त राशन देकर गरीबी, बेरोजगारी दूर नहीं की जा सकती है।

# प्रवर्तन दल ने 12 क्विंटल पन्नी पकड़ी

**कानपुर।** सटीक मुखबिरी पर प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने अफीम कोठी चौराहे पर नाका लगाकर एक पिकअप से 40 बोरी प्लास्टिक कैरीबैग पकड़ी। यह माल ट्रांसपोर्ट नगर से लखनऊ के कारोबारी को भेजा जा रहा था। लोडर को नगर निगम लाकर 12 क्विंटल माल जब्त कर राजस्व निरीक्षक विकास कुमार ने 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। जब्त माल को निस्तारण के लिये पनकी कूड़ा प्लांट भेज दिया गया। आलोक नारायण ने बताया कि जनवरी माह में ही प्रवर्तन दल द्वारा 160 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त कर छह लाख जुर्माने के रूप में अभी तक वसूला गया है।

# रामोत्सव के बाद विस्फोट से पुलिस की नींद उड़ी

## कंघी मोहाल में तिमंजिली इमारत में बारूद से हुआ था धमाका, घायल आमिर लखनऊ रेफर किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील इलाके कंघी मोहाल में तीन मंजिला बिल्डिंग में बारूद से हुए विस्फोट से पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है। अयोध्या रामोत्सव के बाद हुई इस घटना में खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर हैं। प्राथमिक जांच करके उनको भेजी गई रिपोर्ट में धमाका हल्के विस्फोटक का बताया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार रात राज्य और केंद्र की विस्फोटक टीम को मौके से गन पाउडर के कण मिले हैं। उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

धमाके की चपेट में आए आमिर की हालत बेहद गंभीर है। उसे लखनऊ केजीएमयू रेफर कर दिया गया है। घायल गजाला और तूबा की हालत भी गंभीर है, उर्सला में उनका इलाज चल रहा है। बजरिया पुलिस ने तीनों की फोटोग्राफी कराई है।

मंगलवार दोपहर कंघी मोहाल के तिमंजिले जर्जर मकान की तीसरी मंजिल पर धमाका हुआ था। जिससे चार लोग घायल हुए थे और तीसरी मंजिल की दीवारें व छत उड़ गई थी। मकान मालिक टीपू की मौत के बाद बेटे नसीम ने इस मकान का सेल एग्रीमेंट बंटी को किया था।

बंटी बजरिया थाने का हिस्ट्रीशीटर है। स्थानीय लोगों की मानें तो किरायेदार मकान खाली करने के लिए समय मांग रहे थे जबकि बंटी मकान को तुरंत खाली कराना चाहता था। इसलिए बंटी भी पुलिस के शक के दायरे में है। हादसे में गंभीर रूप से घायल आमिर की संगत खराब नहीं बताई गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विस्फोट बारूद से हुआ था। मौके से मिले गन पाउडर की जांच रिपोर्ट बुधवार देर रात तक आएगी, जिसके बाद विस्फोटक का पता चलेगा। अब सवाल उठता है कि यदि हल्के विस्फोटक का धमाका था तो घर की खिड़की और दरवाजों के साथ छत और दीवारें कैसे उड़ गईं। दो किलोमीटर दूर तक धमाके की आवाज क्यों गई। इसका जवाब अभी नहीं मिला है।


इंडियन आयल की टीम ने किया निरीक्षण। अमृत विचार


घायलों के परिजन बिलख रहे। अमृत विचार

- राज्य और केंद्र की विस्फोटक टीम जुटी जांच में
- गन पाउडर के पार्टिकल जांच के लिए भेजे गए

### पटाखों के लिए तो नहीं रखा था बारूद

विस्फोट की इस घटना पोटेशियम नाइट्रेट की बात सामने आने से घटना सीधे-सीधे आपराधिक हो गई है। पोटेशियम नाइट्रेट मिलने से साफ है कि यहां या तो काफी मात्रा में गैरकानूनी रूप से पटाखे रखे गए थे या उन्हें बनाने वाला बारूद।

### इंडियन ऑयल की टीम ने किया निरीक्षण

इस घटना में सिलेंडर ब्लास्ट की बात कही जा रही थी। जिसके बाद इंडियन ऑयल की तीन सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची और एक-एक जगह की फोटोग्राफस और वीडियो मोबाइल पर कैद किए। टीम ने बताया कि उन लोगों को किचन बिल्कुल ठीक हालत में मिला है। आगे का हिस्सा गिर गया। घटनास्थल के पास एक सिलेंडर भी सही रखा मिला है। उन लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्राथमिक जांच में सिलेंडर से धमाके की कोई सबूत नहीं मिले हैं। वह लोग इसकी रिपोर्ट बनाकर पुलिस को सौंपेंगे।

### धमाके में गिरी पड़ोसी की छत की दीवार

मंगलवार को हुए धमाके के बाद से इलाके के लोग दहशतजदा हैं। यहां के ज्यादातर मकान जर्जर हो चुके हैं। नासिर के इस मकान के ठीक बगल में राजा का मकान है।धमाके के बाद उसके भी घर की छत का काफी मलबा उन लोगों के ऊपर गिर गया। वह लोग घर में ताला डालकर वहां से चले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक पूरा मकान गिराया नहीं जाएगा तब तक आस पास के लोग सुरक्षित नहीं हैं।

### लखनऊ में कैसे होगी देखभाल

घटना के बाद आमिर की हालत खराब देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मां इस्लामुन का आरोप था कि उर्सला में इलाज नहीं किया जा रहा है। कोई डॉक्टर भर्ती करने के बाद झांकने नहीं पहुंचा। जिससे हालत और भी खराब होते चली जा रही है। उनका कहना था कि जब यहां नहीं इलाज हो रहा है, तो 100 किमी दूर लखनऊ में क्या इलाज होगा।

### मदद को आई भीड़ ने चोरी की

रुंधे गले किरायेदार इरशाद ने आरोप लगाया कि बिल्डर बंटी ने एग्रीमेंट के बाद दो लाख रुपया दिया था। जिसके बाद वह लोग दूसरे घर की तलाश कर रहे थे। लेकिन वह जल्दी घर खाली करवाना चाहता था। ऐसे में विस्फोट होने के बाद मदद के लिए तीस से पैंतीस लोग ऊपर चढ़ गए। जिसमें से किसी ने उनके घर में रखे दो लाख रुपये, मोबाइल और पत्नी गजाला की ज्वैलरी पर हाथ साफ कर लिया। इरशाद ने कहा कि अब हम कहां से पैसे लाएं बेटी और पत्नी की हालत गंभीर है, इलाज के लिए रुपये लग रहे हैं। नाते रिश्तेदारों से उधार रुपये मांगना पड़ रहा है।

### सोशल मीडिया पर ब्लास्ट का वीडियो वायरल

तीन मंजिला बिल्डिंग में लगे दो सीसीटीवी कैमरों में विस्फोट की घटना कैद हुई है। इसके फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। 29 सेकेंड के इस वीडियो में दिख रहा है कि तीन कुत्ते हादसे वाली बिल्डिंग के नीचे खड़े हैं, इसके बाद वह तुरंत वहां से हट जाते हैं। इतने में ही भारी दीवार और छत का मलबा गली में फैल जाता है।

### पुरानी घटनाओं को देखा जा रहा

धमाके के बाद से खुफिया को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। अधिकारियों ने पुरानी घटनाओं का देखना शुरू कर दिया है। एसीपी अनवरगंज और बजरिया पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। 22 जनवरी को सद्भावना चौकी पर हुआ विवाद और उसके तुरंत बाद अगले दिन इस तरह का गंभीर धमाका खतरनाक मंसूबों की तैयारी हो सकती है। घनी आबादी वाले इलाकों में रात्रि चेकिंग और पुलिस के साथ तैनात पीआरवी और बीपीओ को अलर्ट किया गया है।

### पुलिस सोशल मीडिया पर रख रही नजर

कंघी मोहाल में हुई सनसनीखेज घटना के बाद सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। जो लोग पुराने विवादों में शामिल रहे हैं उनकी निगरानी बढ़ा दी गई है। कई नंबर सर्विलांस पर लिए गए हैं, जबकि कई संदिग्ध लोगों के नंबर कमिश्नरेट पुलिस ने सुनना शुरू कर दिया है।

### पुलिस, खुफिया अलर्ट

मुस्लिम इलाके में घटना के बाद कमिश्नरेट पुलिस सक्रिय हो गई है। घटना के बाद से पुलिस और खुफिया ने मंगलवार देर रात से बुधवार तक कई चक्कर इलाके के लगाए और लोगों से जानकारी लेते रहे। इस दौरान कई पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में थे। सिपाहियों ने अलग-अलग इलाके के आसपास दुकानों में जाकर बिल्डिंग में कौन-कौन आता जाता था इसकी जानकारी ली।

# कंघी मोहाल में पोटेशियम नाइट्रेट से हुआ था धमाका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कंघी मोहाल में मंगलवार को हुआ विस्फोट पोटेशियम नाइट्रेट का था। फोरेंसिक टीम ने इसकी पुष्टि की है। उनके अनुसार यह पटाखे में इस्तेमाल किया जाता है। वह कितनी मात्रा में था अभी इसके बारे में कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

इस मकान में किराये पर रह रहे इरशाद समेत अन्य परिवार के लोगों ने बताया कि इस मकान को खरीदने वाला बंटी किरायेदारों से खाली करने का दबाव बना रहा था। सूत्रों की मानें तो एक सपा विधायक का साथी हिस्ट्रीशीटर के खास दो लोग हैं। दोनों शातिर अपराधी हैं। सूत्रों की मानें तो उन लोगों ने ही विस्फोटक रखकर घटना को अंजाम दिया है। दूसरी ओर बुधवार को बजरंग दल ने इसे गहरी साजिश बताया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी को जिला संयोजक कृष्णा तिवारी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पहले भी कानपुर में कई धमाके हुए हैं। इन घटनाओं में एक विशेष समुदाय के लोगों का हाथ रहा है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ माहौल बिगाड़ने समेत संगीन धाराओं में एफआईआर होनी चाहिए।

> कंघी मोहाल ब्लास्ट में फोरेंसिक वैज्ञानिक प्रयोगशाला समेत अन्य टीमों से जांच कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया जांच में कम तीव्रता वाला विस्फोटक पाया गया है, जो पटाखों का भी हो सकता है। घायल आमिर का कोई आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। जांच जारी है। ऐसा नहीं लगता कि माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। ये हो सकता है कि यहां पर गैर कानूनी तरह से विस्फोटक एकत्र किया गया होगा।
>
> -आनंद प्रकाश तिवारी, संयुक्त पुलिस आयुक्त

## सार-संक्षेप

### जेल अधीक्षक को प्लेटिनम मेडल

**कानपुर।** शासन ने जेल में रिहाई का डिसप्ले बोर्ड लगवाने, रेडियो स्टेशन शुरू कराने और जेल में बंदियों को काम पर लगाने की वजह से जेल अधीक्षक डॉ. बीडी पांडेय को प्लेटिनम मेडल देने का निर्णय लिया है। उन्हुं 26 जनवरी को मुख्यालय में मेडल दिया जाएगा। जेल में कैदियों से मोजा, झोला और झंडे के साथ दीये बनाने का काम भी जेल अधीक्षक ने शुरू कराया था। महिला बंदियों को भी काम पर लगाने के लिए शासन ने उन्हें पुरस्कृत किया है। इसके अलावा हेड जेल वार्डर दिनेश कुमार तिवारी को गोल्ड मेडल, हेड जेल वार्डर विवेक तिवारी, महिला हेड जेल वार्डर अंजली यादव और जेल वार्डर संदीप कुमार सिंह को सिल्वर मेडल दिया गया है।


डॉ बीडी पांडेय।

### कोहना में घर में घुसकर चोरी, रिपोर्ट

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र के मन्नीपुरवा के रहने वाले हरी कश्यप के घर चोरों ने घुसकर लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सीसामऊ निवासी साले नीरज के यहां सपरिवार जन्मदिन की पार्टी पर गए थे। वापस लौटे तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी में रखी बच्चों की गुल्लक, गहने व नगदी गायब थी। पीड़ित ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोहना थाना प्रभारी ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### चचेरे भाई पर छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** रायपुरवा की रहने वाली युवती ने चचेरे और फुफेरे भाई पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पिता की मौत के बाद चाचा और बुआ का परिवार घर पर कब्जा कर उसकी मां को परिवार के साथ घर से बाहर कर देना चाहते हैं। आरोप है कि चचेरा भाई और बुआ का लड़का उस पर बुरी नीयत रखते हैं। अकेला देखकर अश्लील इशारे करते हैं। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### आईआईटी के शोध से उद्योगों को फायदा

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने बुधवार को नेचर ग्रुप के सहयोग से रिलैक्सेशन ऑफ टर्बूलेंट बाइनरी फ्लूडस् की प्रक्रिया में नई अंतर्दृष्टि का खुलासा किया है। शोध के निष्कर्षों में खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उद्योगों में अनुप्रयोगों की अपार संभावनाएं हैं। मेयोनेज, एंटासिड इमल्शन, शैंपू और बॉडी क्रीम जैसे बाइनरी इमल्शन निर्मित किये जाते हैं। आईआईटी के भौतिक विभाग के प्रोफेसर सुप्रतिक बनर्जी ने इस शोध के बारे में कहा कि इससे उत्पादन के तरीके अधिक कुशल हो सकते हैं, अपशिष्ट और लागत कम हो सकती है। शोध के निष्कर्षों में खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उद्योगों में अनुप्रयोगों की अपार संभावनाएं हैं।

जय जवान


राष्ट्र पथ पर सुरक्षा प्रहरियों का शौर्य प्रदर्शन: 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में पुलिस के जवानों व महिला पुलिस कर्मियों ने फुल ड्रेस रिहर्सल किया। शानदार मार्च पास्ट में कदमताल की। हर्ष फायरिंग कर तिरंगे को सलामी भी दी गई। अमृत विचार

# दो समुदायों में टकराव बिगड़ते बचा माहौल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने सूझबूझ से मामला शांत कराया
- बगाही चौकी क्षेत्र का मामला दो हिरासत में

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के बगाही चौकी क्षेत्र में दो समुदायों के बीच बाइक टकराने के विवाद ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट, गालीगलौज के बाद हंगामा हो गया। अतिसंवेदनशील इलाके में बवाल और हंगामे की सूचना पर एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा सर्किल के फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। एडीसीपी ने लोगों को समझाने के बाद शांत कराया। दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

बगाही की रहने वाली सीमा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका नाबालिग बेटा 21 जनवरी की शाम घर के बाहर सजावट कर रहा था। इस दौरान दूसरे समुदाय के आठ लोग आए और उनकी बाइक सीमा के बेटे से टकरा गई।

इस बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। तब आसपास के लोग एकत्र हो गए थे और गाली गलौज कर रहे आरोपियों को समझा बुझा कर शांत कर दिया था। सीमा का आरोप है कि हंगामा करने वाले लोग उस समय सीमा के नाबालिग बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए थे। पीड़िता सीमा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा बुधवार सुबह घर में सो रहा था। तभी आरोपी आ गए और घर के बाहर गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज सुनकर नाबालिग बेटा बाहर आया और गाली देने का विरोध किया। इस पर आरोपियों ने उनके बेटे को पीटना शुरू कर दिया।

उन लोगों ने बीच बचाव किया को आरोपियों ने उन्हें भी मारापीटा। इसके बाद बुधवार सुबह दो समुदायों के बीच विवाद की सूचना फैलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

एडीसीपी अंकिता शर्मा और आस पास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीमा के घायल बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हंगामा कर रहे लोगों को हल्का बल प्रयोग कर मौके से हटाया गया। इस संबंध में एडीसीपी ने बताया कि बाइक टकराने के बाद विवाद हुआ था। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।




नमन | सपा कार्यालय में 100वां जन्मदिवस मनाया गया, भाजपा ने भी याद किया

# कर्पूरी ठाकुर ने की थी पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर गरीब, शोषित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मसीहा थे। उन्होंने सदैव गरीबों के हितों की रक्षा के लिए लड़ाई की। पिछड़ों की पहचान पूरे देश में कराकर उनके अधिकारों की रक्षा की। उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी व मामूली खर्च में गुजारा। जबकि वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। यह बात सपा जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने कही।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में सपाइयों ने बुधवार को कर्पूरी ठाकुर का 100वां जन्मदिवस मनाया। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर लोकतंत्र की सजग प्रहरी, स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले और गरीबों व पिछड़ों के मसीहा थे। वह सन् 1981 में कानपुर के नवीन मार्केट आए थे। उन्होंने समाजवादी नेता रघुनाथ सिंह के साथ नवीन मार्केट की छत पर बैठकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ों गरीबों के लिए पूरे देश के गांवों का दौरा किया था। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कर्पूरी ठाकुर को गरीबों के अग्रदूत कहते थे। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, आनंद शुक्ला, परमवीर सिंह गंभीर, सत्यनारायण गहरवार, नंदलाल जायसवाल, मुमताज मंसूरी, संजय निषाद, रमेश यादव, सुलेखा यादव, पूजा यादव, सिंपल सिंह, दीप्ति सिंह, वंदना यादव, राजेंद्र सोनकर, राजू पहलवान, शरद पांडे, बलवंत सिंह, जसविंदर प्रताप निषाद, इशरत ईराकी, लक्ष्मी देवी, रतन सिंह, रानू यादव, अंजली गौतम, सोनी गुप्ता, मालती देवी आदि मौजूद थे।


कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।


भाजपा ने भी कर्पूरी ठाकुर को नमन किया।

### भाजपाइयों ने कर्पूरी ठाकुर को याद किया

**कानपुर।** भाजपा उत्तर के नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में बुधवार को उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को याद किया गया। भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कर पिछड़ा मोर्चा द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि उन्हें जननायक भी कहा जाता था। वहीं परेड चौराहे पर पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुभव कटियार की ओर से स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा, जगदीश तिवारी, रंजीत पाठक, आशा पाल, सत्येंद्र पांडे, अंकित बाजपेई, शिवम, अजय, अमन, स्वामी नाथ, अंकुर, अंजलि कटियार, संध्या प्रजापति, सतीश कमल, रजत, रामकुमार रहे।

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| Sr. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Appointment of Practicing Company Secretaries /firm for Secretarial Compliances of Company during the Financial Year 2023-24 & 2024 -25 | ₹ 1,000.00 + ₹ 180.00 (18% GST) | ₹ 50,000.00 | 01.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST) | 01.02.2024 at 17:00 Hrs. (IST) |

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Municipal Commissioner/Chief Executive Officer**
**Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited**

## एक नजर

### आज फूलबाग से कर्बला तक जुलूस-ए-हैदरी

**कानपुर।** चौथे खलीफा हजरत अली के जन्मदिन पर गुरुवार को फूलबाग गांधी प्रतिमा के पास से जुलूस ए हैदरी उठाया जाएगा। यह जुलूस पारंपरिक रास्तों से होते हुए बड़ी कर्बला नवाबगंज पहुंचेगा। यह जानकारी ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के चेयरमैन शहाब रिजवी ने दी। उन्होंने बताया कि जुलूस बड़ी कर्बला में एक बड़ी महफिल में तब्दील हो जाएगा। इस महफिल में मौला अली की विलादत का जश्न मनाया जाएगा।

### सूरज गौतम बनाए गए बसपा कल्याणपुर के अध्यक्ष

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली व संजय गौतम ने बुधवार को विधानसभा कल्याणपुर अध्यक्ष के पद से श्याम बाबू गौतम को हटा दिया गया। उनकी जगह पर कल्याणपुर विधानसभा का अध्यक्ष सूरज गौतम को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा से काम किया जाएगा। घर-घर जाकर लोगों को बसपा सरकार के समय हुए अच्छे कार्य बताए जताएंगे। सूरज गौतम के अध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष राम शंकर कुरील, पूर्व महापौर प्रत्याशी अर्चना निषाद, विधानसभा प्रभारी रामनारायण निषाद, हरे कृष्ण ब्रह्मा, मोहित कठेरिया, ओमप्रकाश कठेरिया, टीकाराम निषाद व सरदार गौतम ने हर्ष जताया है।

# पांच स्मार्ट सड़कों के निर्माण को जल निगम ने दिखाई हरी झंडी

## नगर निगम को भेजी रिपोर्ट : इन मार्गों पर नहीं करना है पेयजल लाइन का काम

**ग्रीन रोड निर्माण**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत शहर में पांच सड़कों को 143 करोड़ रुपये से स्मार्ट बनाया जाना है। इसे लेकर नगर निगम ने जलनिगम से पूछताछ की थी, कि इन सड़कों पर पेयजल लाइन डालने या मरम्मत का काम तो नहीं किया जाना है। जलनिगम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सभी पांच सड़कों पर कोई भी कार्य प्रस्तावित नहीं है। इस तरह अब इन सड़कों का जल्द निर्माण सुनिश्चित हो गया है।

शहर में मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स अरबन योजना) के तहत सड़क निर्माण और सुंदरीकरण होना है। इसे लेकर ही जलनिगम से प्रस्तावित कामों की जानकारी मांगी गई थी, ताकि सड़क के निर्माण के बाद जलनिगम पाइप लाइनों के सुधार या नई लाइन डालने के लिए बनाई गई सड़कों पर किसी प्रकार की खोदाई न करे। जलनिगम के अधिशाषी अभियंता ने सभी छह जोनों की स्थिति से नगर निगम और जलकल को अवगत करा दिया है। रिपोर्ट में अलग-अलग पांचों सड़कों के बारे में बताया है कि फिलहाल इन सभी सड़कों पर पेयजल लाइन डालने या मरम्मत करने का कोई काम नहीं किया जाना है।


कर्रही रोड का मौजूदा हाल।

### 143 करोड़ रुपये से यहां मार्ग बनेंगे खूबसूरत

जोन एक में घंटाघर चौराहे से परेड चौराहा होते हुए सड़क बननी है। जोन 2 में एनएच-19 से राजाराम चौराहा एवं नमक फैक्ट्री चौराहा होते हुए हमीरपुर रोड तक सड़क, जोन-3 में बर्रा बाई पास से कर्रही रोड होकर रामबाग तिराहा होते हुए हमीरपुर मुख्य मार्ग तक, जोन-3 में ही बाबा कुटी चौराहे से सोटेबाबा मंदिर होते हुए अलंकार गेस्ट हाउस तक सड़क, जोन-6 में बगिया क्रासिंग कल्याणपुर से केसा आफिस तक सड़क का निर्माण और जोन 5 में हरमिलाप स्कूल दबौली से शास्त्री चौक होते हुए सचान चौराहे तक ग्रिड योजना के तहत सड़कों का निर्माण व सौंदर्यीकरण कराया जाना है। शासन ने इसका बजट जारी कर दिया है। वित्तीय सहमति मिलना अभी बाकी है।

- सड़क निर्माण के बाद खोदाई करने से अक्सर करोड़ों रुपये हो जाते हैं बर्बाद



### यह होंगी विशेषताएं

- सुरक्षित सड़क और जंक्शन
- समान चौड़ाई की ट्रैफिक लेन
- भूमिगत सर्विस की सुविधा
- टिकाऊ तकनीक का उपयोग
- सार्वजनिक स्थान व स्ट्रीट फर्नीचर
- सड़क पर यूटीलिटी डक्ट फुटपाथ
- सौर आधारित स्ट्रीट लाइट
- बस स्टॉप, ईवी चार्जिंग स्टेशन

## राम-लक्ष्मण वाली भूमिका विहिप और संघ ने निभाई

**कानपुर।** राम मंदिर भारतीयों के उस विश्वास और आस्था की परिणीति है, जो सदियों से प्रेरणा बनकर उनके हृदय में हिलोरें मार रहा था। मंदिर निर्माण में विहिप और संघ परिवार ने संतों की इच्छा पूरी करने में वैसी ही भूमिका निभाई है, जिस तरह राम-लक्ष्मण विश्वामित्र की इच्छा पूरी किया करते थे। यह बात राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महामंडलेश्वर युगपुरुष परमानंद गिरी जी महाराज ने बुधवार को कानपुर में कही। वह अयोध्या से हरिद्वार जाते समय सुबह कुछ देर के लिए पनकी में रूके थे। स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि मंदिर में मस्जिद दिखने से देश में एकता और भाईचारा नहीं स्थापित नहीं हो सकता है। उन्हें आशा है कि जल्दी ही काशी और मथुरा के मामले में भी सर्वमान्य हल निकलेगा। इस दौरान अखंड परम धाम के मुख्य संरक्षक स्वामी ज्योतिर्मयानंद और दिव्य चेतना भी उनके साथ रहीं।


स्वामी परमानंद।

# इजराइल को सेफ्टी शू की जरूरत, मंगाए गए सैंपल

- हमास से युद्ध के चलते तबाह हुए भवनों और विस्फोटकों का मलबा समेटने में आएंगे काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हमास से जारी युद्ध के कारण इजराइल में सेफ्टी शूज की मांग बढ़ गई है। इसे देखते हुए वहां के कारोबारियों ने शहर के चर्म निर्यातकों से संपर्क कर 15 दिनों में सेफ्टी शू के सैंपल भेजने को कहा है। माना जा रहा है कि इजरायल पहले चरण में 25 करोड़ के साथ 100 करोड़ रुपये तक के सेफ्टी शू खरीद सकता है।

इजराइल-हमास युद्ध में बमबारी और मिसाइल अटैक के चलते बड़ी संख्या में भवनों और प्रतिष्ठानों का मलबा बिखरा पड़ा है। इसे समेटने और नए सिरे से बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए इजराइल विदेशों से कामगारों को अपने यहां बुला रहा है। शहर के चर्म निर्यातकों का मानना है कि इन कामगारों के लिए ही वहां पर लाखों जोड़ी सेफ्टी बूट की मांग है। इसी कारण शहर से सैंपल मंगाए गए हैं। शहर में 213 कारोबारी सेफ्टी शूज बनाते हैं। 17 बड़े कारोबारियों से सैंपल मांगे गए हैं। इजराइल के रूप में उभरे नए बाजार को भुनाने के लिए सेफ्टी शू निर्माता गुणवत्तापरक सैंपल में वहां की जलवायु के अनुरूप बदलाव भी कर रहे हैं। सेफ्टी शू का निर्यात बढ़ने से शहर में रोजगार भी बढ़ेगा।



सेफ्टी शूज की जो गुणवत्ता शहर के कारोबारी दे सकते हैं, वैसी पूरे विश्व में कहीं नहीं है। गुणवत्ता और बेहतर रेट हमारी पहचान है। इसी को ध्यान में रखते हुए आर्डर प्राप्त करने की तैयारी शुरू की गई है।

**-डॉ. जफर नफीस, निर्यातक**



इजराइल के रूप में चर्म उत्पाद निर्यातकों को नई मार्केट मिली है। जूते बनाने वाले कई कारोबारी इस समय अपने यहां नया कर रहे हैं, ताकि उनके पास भी ऑर्डर आ सके। यह बाजार लगभग एक साल रहने की संभावना है।

**-मोहम्मद हसीमुद्दीन, निर्यातक**

# कोहरे और गलन से अभी नहीं राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को शहर में न्यूनतम पारा 2.6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिरने के बाद बुधवार को कुछ राहत मिली, न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया। लेकिन ज्यादा राहत नहीं मिली। घने कोहरे और गलन से दिन के पारे में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ। मौसम वैज्ञानिकों शुक्रवार तक सुबह व शाम को घना कोहरा पड़ने और दिन में धूप निकलने की संभावना जताई है।

शहर में सुबह धुंध और कोहरे की चादर छाई रही। मध्याह्न 12 बजे के आसपास सूरज चमका, तो गलन से ठिठुर रहे लोग बड़ी संख्या में छतों, छज्जों और पार्कों में पहुंच गए। लेकिन शाम होते ही ठिठुरन फिर बढ़ गई। जगह-जगह अलाव जल गए। मौसम विभाग के अनुसार शहर में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। अभी शुक्रवार तक सुबह-शाम कोहरा रहने और दिन में धूप निकलने की संभावना है।

### पांच साल बाद जनवरी रही इतनी शुष्क

मौसम विभाग ने वर्ष 2018 के बाद इस साल जनवरी माह को सबसे शुष्क दर्ज किया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 25 जनवरी से उत्तर भारत की पहाड़ियों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। गुरुवार को मध्यम तीव्रता का पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसका प्रभाव अगले चार-पांच दिन बना रहेगा।

### 40 ट्रेनें घंटों देरी से आईं, 2841 टिकट हुए वापस

कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। बुधवार को भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी 16 घंटे देरी से सेंट्रल पहुंची। महाबोधि एक्सप्रेस 15 घंटे देरी से आई। हावड़ा से आने वाली राजधानी एक्सप्रेस चार घंटे देरी से सुबह सेंट्रल पर पहुंची। लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस पांच घंटे देरी से दिल्ली पहुंची। करीब 40 ट्रेनें लेट रहने से 2841 यात्रियों ने अपने रिजर्व टिकट वापस कर दिए।

**पारा 5.6 डिग्री**


धूप चमकने पर भी दिन में अलाव तापकर ठिठुरन मिटाते रहे लोग। अमृत विचार






# चमनगंज के फर्नीचर कारखाने में भीषण आग, दो घंटे जूझीं दमकलें

## अलाव की चिंगारी से हुआ हादसा, लाटूश रोड फायर स्टेशन से पहुंची दो दमकल गाड़ियां



धू-धू कर जलता कारखाने में रखा सामान। अमृत विचार



कारखाने में आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात आग तापते समय उठी चिंगारी से फर्नीचर से भरे कारखाने में भीषण आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में व्यापारी का लाखों का नुकसान हुआ है। संकरी गली में कारखाना होने की वजह से दमकल कर्मियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

भन्नानापुरवा के रहने वाले मोहम्मद शानू वाहिद ने बताया कि चंद्रिका देवी चौराहे के पास गली में मंगलवार देर रात करीब 2.45 पर फर्नीचर कारखाने में कारीगरों ने अलाव जला रखा था। रात में आग बुझा कर सब कारखाना बंद करके चले गए। इसके बाद आग लग गई। इलाकाई लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लाटूश रोड अग्निशमन अधिकारी कैलाश चन्द्रा दो गाड़ियां लेकर पहुंचे और आग बुझाई। आग की चपेट में आकर तैयार रखा लाखों का फर्नीचर और माल जलकर बर्बाद हो गया।

वहीं नवाबगंज थानाक्षेत्र के विष्णुपुरी इलाके में स्थित अरिहंत अपार्टमेंट में एचटी लाइन टूटकर गिरने से शार्ट सर्किट के चलते मीटर बॉक्स में आग लग गई। अपार्टमेंट के लोगों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से सभी 48 फ्लैट की आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर टूटे एचटी लाइन तार की मरम्मत करके सप्लाई सुचारु की।

## शॉपिंग माल में घुसकर चोरों ने पार किया सामान

**कानपुर।** लालबंगला बाजार में एक शॉपिंग मॉल में छत के रास्ते घुसे चोरों ने माल से लाखों की कीमत की घड़ी, कपड़े समेत अन्य सामान पार दिया। आरोप है कि घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी पुलिस ने बीस दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा निवासी मोहित सिंह ने बताया कि लाल बंगला में वी 2 नाम से शॉपिंग माल है। जहां पर वे एएसएम पद पर कार्यरत हैं। मोहित ने बताया कि दो जनवरी की रात को उनके साथ मॉल के कर्मचारी मॉल बंद करके चले गये थे। देर रात चोर मॉल के पीछे आधी दीवार के सहारे छत पर चढ़े। फिर छत का दरवाजा तोड़कर मॉल के अंदर घुसे। इसके बाद चोरों ने मॉल में महंगी घड़ियां, कपड़े, जैकेट समेत लाखों की कीमत के माल पर हाथ साफ कर दिया।

दूसरे दिन तीन जनवरी को जब वे और कर्मचारी मॉल आये तो चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में दो से तीन चोर मॉल में चोरी करते हुए दिखे। इसके बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में इतना समय लगा दिया।

# किसान की बेटियों ने पूछा, अब तो है रामराज, फिर अन्याय क्यों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी को ज्ञापन सौंपतीं किसान की बेटी।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में पांच माह पूर्व करोड़ों रुपये की जमीन धोखाधड़ी से हड़पने के मामले में किसान बाबू सिंह यादव ने ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी थी। इस मामले में अभी तक एक लाख का इनामिया बाल संरक्षण आयोग का सदस्य डॉ प्रियरंजन अंशु दिवाकर समेत दो लोग फरार हैं। जिन्हें कमिश्नरेट पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस मामले में बुधवार को किसान की बेटी रूबी और काजल ने न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता के साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान की बेटी ने कहा कि अब तो रामराज्य आ गया फिर भी उन लोगों के साथ अन्याय क्यों हो रहा है।

उन लोगो ने फरार इनामियों की गिरफ्तारी, वादे अनुसार इनाम बढ़ाने और फॉस्ट ट्रैक के तहत केस चलाने की मांग की। बेटियों ने कहा की फरार बबलू की सभी याचिकाएं उच्च न्यायालय में निरस्त हो चुकी हैं उसके बावजूद अभी तक उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई नहीं शुरू हुई। वहीं पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पिछले हफ्ते वादा किया था कि फरार प्रियरंजन पर इनाम बढ़ाएंगे पर अभी तक इनाम बढ़ाने की भी कार्रवाई नहीं हुई। बेटियों ने कहा की पांच महीने से मुख्य आरोपी प्रियरंजन और बबलू फरार हैं। उनको कानून का कोई डर नहीं है। प्रियरंजन लगातार थाने पुलिस से संपर्क की बात कहता रहा।

● **चकेरी में किसान की आत्महत्या का मामला**

इस पर जेसीपी ने कहा की प्रियरंजन की तलाश में उसके रिश्तेदारों के यहां दबिश दी जा रही है और परिवार के लोगों से लगातार पूछताछ चल रही है। वह तत्काल फरार मुख्य आरोपी प्रियरंजन पर इनाम बढ़ाने और कोर्ट से प्रियरंजन और बबलू के लिए एनबीडब्ल्यू लेने की कार्रवाई कर रहे हैं। जेसीपी ने रूबी से कहा की बेटा अब प्रदेश में राम राज्य है, तुम्हारे साथ कोई नाइंसाफी नहीं होगी और तुम्हारी जमीन भी तुमको वापस मिलेगी।

# करौली शंकर धाम में हुआ अभिषेक



माता महाकाली का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

**कानपुर।** करौली शंकर महादेव धाम में माता महाकाली का अभिषेक किया गया। यह महाअनुष्ठान 600 दिनों से अनवरत चल रहा है। दूर दराज से आए भक्तों ने मां महाकाली का दर्शन पूजन किया। प्रत्येक माह की दोनों अष्टमी को यहां माता महाकाली का महाअभिषेक होता है। करौली शंकर महादेव महाराज ने श्रद्धालुओं को महाकाली की स्तुति से मिलने वाले फल के बारे में बताया। कहा कि मां महाकाली के पूजन, हवन में आहुति देने से रोग और शोक से मुक्ति मिलती है। पद, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्य में वृद्धि होती है।

### आज से गुरु दीक्षा पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

**कानपुर।** श्री करौली शंकर पूर्वज मुक्ति धाम करौली में 25 जनवरी से तीन दिवसीय गुरु दीक्षा पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में करौली शंकर महादेव महाराज द्वारा पूर्वजों की मुक्ति के लिए हवन कराया जाएगा। इस महोत्सव में देश के साथ ही विदेशों से आए भक्त भी हिस्सा लेंगे। करौली शंकर महादेव महाराज का कहना है कि जब हमारे पूर्वजों की मुक्ति होगी तो निश्चित रूप से परिवार में सुख, शांति का वातावरण बनेगा। दुखों से छुटकारा मिलेगा।



करौली शंकर महादेव महाराज।

## दीप जला रामलला का किया स्वागत

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय के सभागार में द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट ने प्रभु श्रीराम की स्तुति व महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया। फिजियोथेरेपिस्टों ने 2100 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया।

इस दौरान डॉ.सुधीर कुमार द्विवेदी सचिव डॉ. अभिषेक बाजपेई, कानपुर प्रांत संघ चालक भवानी भीख तिवारी, कॉर्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. आरके वर्मा, सीएसजेएमयू के स्कूल आफ हेल्थ साइंस के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा, प्रधानाचार्य राकेश राम त्रिपाठी, डॉ. आदित्य नरूला, डॉ. अमित शुक्ला, डॉ. अभिषेक बाजपाई, डॉ. अश्वनी प्रताप सिंह, डॉ. अंजनी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# यूपी वॉरियर्स टीम की नई जर्सी लांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कप्तान एलिसा हीली और दीप्ति शर्मा यूपी वारियर्स की जर्सी लांच के दौरान।

**अमृत विचार।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन की अगले माह शुरूआत होनी है। बुधवार को कैपरी स्पोर्ट्स ने डब्ल्यूपीएल के लिए अपनी यूपी वारियर्स टीम की नई जर्सी किट लॉन्च की है। यह जर्सी उत्तर प्रदेश के प्रतीक 'पलाश फूल' से प्रेरित है। यूपी वॉरियर्स की टीम में दीप्ति शर्मा और एलिसा हीली जैसी दिग्गज शामिल हैं। कैपरी स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने बताया कि यह जर्सी दिल के साथ शक्ति का प्रतीक है, जो यूपी की अग्रणी महिलाओं की सच्ची भावना का प्रमाण है। जर्सी लॉन्च समारोह के दौरान कप्तान एलीसा हीली और दीप्ति शर्मा ने फोटो शूट कराया।

**23 फरवरी से शुरू होगी लीग**

लीग के दूसरे सीजन की शुरुआत 23 फरवरी से होनी है।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। करीब 4 सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में 22 मुकाबले होंगे। बेंगलुरु और दिल्ली में मैच खेले जाएंगे। 15 मार्च को एलिमिनेटर और 17 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। एक दिन में एक ही मैच होगा। 13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच दिल्ली में आखिरी लीग मैच होगा। 14 और 16 मार्च को एक-एक दिन का ब्रेक रहेगा। अब तक लीग का अधिकृत शेड्यूल जारी नहीं हुआ है।

## सोशल मीडिया से दोस्ती फिर बलात्कार

**कानपुर।** गुजैनी निवासी युवती के पिता अपना ट्रक चलाते हैं। बताया जितेंद्र गौतम ने सोशल मीडिया के जरिए बेटी से दोस्ती की। झांसे में लेकर मिलने बुलाया, जहां उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता के अनुसार जितेंद्र पिता के ट्रक में गांजा रखकर उन्हें फंसाने की धमकी दे मिलने का दबाव बनाने लगा। इस पर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों के साथ युवती सोमवार को थाने पहुंची। यहां छेड़छाड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। मंगलवार को कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने युवती ने दुष्कर्म की बात कही। इस पर पुलिस को दुष्कर्म की धारा बढ़ानी पड़ी। एसीपी नौबस्ता आशुतोष ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान में रेप की बात सामने आई तो धारा बढ़ाई।

## शिक्षिका ने छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई

**कानपुर।** छावनी थाना क्षेत्र में सेंट एलाइसिस स्कूल में हाईस्कूल के छात्र और शिक्षिका के बीच लव चेटिंग के मामले में नया मोड़ आ गया है। शिक्षिका ने भी न्यायालय के आदेश पर पिता पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ गाली गलौज धमकी और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

छावनी के सेंट एलाइसिस स्कूल की शिक्षिका का आरोप है कि विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में अभ्यास के लिये छात्र ने उनसे मोबाइल मांगा। उसी दौरान छात्र ने मोबाइल से उसकी व्यक्तिगत फोटो बिना सहमति से अपने मोबाइल फोन में ट्रांसफर कर चैटबक्स से सारे संदेश डिलीट कर दिया। लगभग एक माह बाद उनको अलग-अलग फेक अकाउंट से मैसेज आने लगे व आपत्तिजनक संवाद आने लगे। सूर्याश नाम की एक आईडी से कुछ समय बाद उनके प्राइवेट फोटोज भेजकर ब्लैकमेल किया गया। उन्होंने छात्र और उसके माता पिता से शिकायत की तो गाली-गलौज की गई। वह छात्र और उसके पिता ने ब्लैकमेल करते हुये सम्बन्ध बनाने के लिये दबाव बनाया। आरोप है की पुलिस ने भी उनकी नहीं सुनी। प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

# नायडू ट्रॉफी में पुडुचेरी से यूपी ने जीता मैच

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कर्नल सीके नायडू टूर्नामेंट में विजयी उत्तर प्रदेश की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीसीसीआई की कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में यूपी की अंडर 23 टीम ने पुडुचेरी को 19 रनों से हराकर मैच में जीत हासिल की है। लखनऊ के सेठ आनंदराम जैपुरिया मैदान में उत्तर प्रदेश की अंडर-23 टीम ने पांडिचेरी को एक पारी और 19 रन से हराया।

टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुडुचेरी की टीम ने 230 रन बनाये। उत्तर प्रदेश की ओर से विक्रांत चौधरी ने 5 विकेट झटके। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी में 7 विकेट पर 357 रन बनाए। टीम ने 127 रनों की बढ़त हासिल की। उत्तर प्रदेश की ओर से सिद्धार्थ यादव ने मारा नाबाद शतक और स्वस्तिक ने 98 रनो की शानदार पारी खेली। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए पुडुचेरी की टीम महज 108 बनाकर ढेर हो गई। इस तरह से उत्तर प्रदेश ने यह मैच एक इनिंग एवं 19 रनों से जीता। उत्तर प्रदेश का अगला मैच बड़ौदा के खिलाफ 28 से खेला जाना है।

## ग्रीन पार्क रेड और प्रभात पब्लिक स्कूल विजयी

**कानपुर।** खेल निदेशालय की ओर से बुधवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। उपनिदेशक आरएन सिंह ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता को शुरू किया। क्रिकेट में ग्रीन पार्क रेड और वॉलीबॉल में प्रभात पब्लिक स्कूल हुआ विजयी हुआ। क्रिकेट में पहला मैच ग्रीन पार्क रेड एवं ग्रीन पार्क ब्लू के मध्य हुआ। रेड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 156 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन पार्क ब्लू की टीम ने 19 ओवरों में 145 रन पर आलाउट हो गई। ग्रीन पार्क रेड की टीम 11 रन से विजयी हुई।

**वॉलीबॉल में प्रभात पब्लिक स्कूल हुआ विजयी:** जिला स्तरीय जूनियर बालक वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 5 टीमों ने प्रतिभाग किया।

सभी टीमों को प्रभात पब्लिक स्कूल की टीम ने जमकर धोया। प्रथम मैच में प्रभात पब्लिक स्कूल लगातार 2 सेट जीतकर विजयी हुई। दूसरे मैच में एक्मे पब्लिक स्कूल की टीम विजयी हुई। तीसरे मैच में प्रभात पब्लिक स्कूल विजयी रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच में प्रभात पब्लिक स्कूल विजयी रहा।



शकुंतला शक्ति पीठ में धर्मशांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। अमृत विचार

# राम नाम का सवा लाख जाप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शकुंतला शक्ति पीठ की ओर से धूनी ध्यान केंद्र में बुधवार को धर्मशांति महायज्ञ आयोजित किया गया। भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। यज्ञ के दौरान गणेश-गौरी व नवग्रह पूजन भी हुआ। आचार्यों की ओर से सवा लाख राम नाम का पाठ किया गया। आचार्य डॉ. अमरेश मिश्रा ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि इससे पूरे विश्व में हिंदू सनातन संस्कृति को और अधिक बल मिलेगा। कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य केए दुबे पद्मेश, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश पाठक, कर्नल आशीष मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

● **यज्ञ में आहुतियां डालीं नवग्रह पूजन भी हुआ**

**मुकाबला** नामांकन दाखिल करने का अंतम दिन था, अब कुल 64 नामांकन दाखिल हो चुके

# लॉयर्स चुनाव : अंतिम दिन 42 दावेदारों ने नामांकन किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नामांकन दाखिल करते अधिवक्ता। अमृत विचार



प्रत्याशियों के समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दि लायर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव को लेकर बुधवार को आखिरी दिन अलग-अलग पदों के लिए 42 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। अबतक कुल 64 नामांकन किये जा चुके हैं। मंगलवार को 22 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य ने बताया कि अब कुल 64 नामांकन दाखिल हो चुके हैं।

अध्यक्ष पद के लिए रमेश चन्द्र वर्मा, अनूप कुमार द्विवेदी, श्याम नारायण सिंह, सुरेंद्र कुमार पाण्डेय, प्रवीन कुमार यादव, अरविन्द कुमार दीक्षित ने नामाकंन किया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हर्ष कुमार, सुधीर कुमार अवस्थी, शैलेन्द्र दत्त लिपाठी, वीरेन्द्र कुमार सचान, रमाकान्त मिश्रा ने नामांकन कराया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष लिवेदी, अमितेश कुमार सिंह सेंगर, संजय वर्मा, चन्दन पाण्डेय और पुष्करधर द्विवेदी ने नामांकन कराया। महामंत्री पद के लिए सुनील कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार गुप्ता, अजय प्रकाश अग्निहोत्री, राजीव यादव, अतुल श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, सुनील कुमार पांडेय ने नामांकन कराया। इसी तरह कोषाध्यक्ष के लिए कपिलदेव राय सिन्हा, राकेश प्रसाद साहू, अजय प्रताप सिंह गौतम, पवन कुमार तिवारी, संयुक्त मंत्री प्रशासन में आशीष पांडेय, संतोष कुमार यादव, मनीष कुमार कुरील, दीपा जायसवाल, नीतिश मिश्रा संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद में राजेश सिंह परिहार, शशी गौतम, तरूण कुमार कुशवाहा, संयुक्त मंत्री प्रकाशन में दिनेश कुमार, आलोक कुमार दुबे, मनीष गौड़, भानु प्रताप सिंह गौतम, प्रवीण कुमार शर्मा और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में सरोज कुमार सोनकर, अशफाक अहमद खां, पवन कुमार तिवारी, आनन्द स्वरूप शुक्ला, जय बहादुर सिंह गौतम, राजेन्द्र कुमार शुक्ला, जयन्त कुमार जायसवाल, प्रमोद सिंह भादौरिया, पुष्पेन्द्र कुमार और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद में प्रदीप कुमार सिंह, शोभ्भित सोनकर, धीरेन्द्र कुमार, आयुष अग्रवाल, पवन कुमार पांडेय, बिजेन्द्र सिंह यादव, चन्द्रमौलि अवस्थी, रोहित कुमार मिश्रा, अश्वनी कुमार यादव, वरूण कुमार सिंह, मोहनीश कुमार, राहुल कुमार, शिवम कुमार और राजेन्द्र शर्मा ने नामाकंन कराया।

# छह घंटे जाम रहा हमीरपुर हाईवे, जूझी जिंदगी

## नौबस्ता से बिधनू तक 10 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, कहीं नजर नहीं आई पुलिस, जाम से जूझते रहे वाहन सवार लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार की सुबह घना कोहरा और शीतलहर के बीच हमीरपुर हाईवे का सफर मुसीबत भरा रहा। नौबस्ता से बिधनू तक एक लेन का ट्रैफिक पूरी तरह जाम रहा। 10 किलोमीटर लंबे जाम में पांच घंटे तक वाहन सवार जूझते रहे, मगर कहीं भी पुलिस नजर नहीं आई। इस जाम की वजह से बीएससी के परीक्षार्थियों को जूझना पड़ा। सुबह पांच बजे से लगा जाम पूर्वाह्न 11 बजे खुल सका।



बुधवार को हमीरपुर हाईवे पर भीषण जाम लगा रहा, जिससे वाहन सवार जूझते रहे। अमृत विचार

बुधवार की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। कोहरे के कारण वैसे भी रात से ही वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे। दृश्यता इतनी कम थी कि 10 फीट दूर के वाहन साफ नहीं दिख रहे थे। सुबह करीब पांच बजे हमीरपुर हाईवे पर जाम लगना शुरू हुआ। नौबस्ता से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया। हालत यह थी कि दासू कुआं चौराहा पूरी तरह जाम हो गया। एक लेन से दूसरी लेन में पहुंचने के लिए लोग जूझते रहे। बहुतेरे लोग दासू कुआं से वापस होकर खांडेपुर होते हुए नौबस्ता बंबा पहुंचे, लेकिन वहां भी जाम के हालात मुसीबत पैदा किए थे।

नौबस्ता से लगा जाम बंबा, गल्ला मंडी और फिर ओरियारा चौराहे तक पहुंच गया। हमीरपुर हाईवे पर मौरंग-गिट्टी लदे भारी वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण जाम बढ़ता ही गया। हमीरपुर की ओर से भारी वाहन आते रहे और कतार में लगते रहे, जिससे धीरे-धीरे यह जाम पहले रमईपुर और फिर बिधन तक पहुंच गया। आगे निकलने की जुगत में कुछ डंपर वाले दूसरी लेन से निकले तो ओरियारा के पास दोनों तरफ जाम लग गया। खास बात यह है कि सुबह पांच बजे से लगा जाम बढ़ता गया। सुबह से 10 बज गए, लेकिन कहीं भी पुलिस नजर नहीं आई। न तो बिधनू पुलिस ने कोई सुधि ली और न ही सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस नजर आई। जाम में भारी वाहनों के साथ यात्री वाहन भी फंसे रहे। हमीरपुर, महोबा से आने वाली रोडवेज बसें भी जाम में फंसी रहीं। इनमें सवार यात्री खासे परेशान थे, लेकिन जाम से निपटने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। टेंपो भी नहीं निकल पाने के कारण लोगों को मजबूरी में बसों पर बैठकर समय गुजारना पड़ा। करीब छह घंटे तक जाम में जूझने के बाद जब धीरे-धीरे वाहन आगे बढ़े, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

### गांव की गलियों में घुसे चार पहिया वाहन

जाम में जूझने के बाद तमाम चार पहिया वाहनों में सवार लोगों ने गांव की गलियों की ओर रुख किया। रमईपुर से सचेंडी की तरह जाने वाले रास्ते से होकर लोग ऊबड़-खाबड़ खरंजों में हिचकोले खाते ओरियारा से थोड़ा पहले हाईवे पर पहुंचे और फिर ओरियारा चौराहे से न्यौरी होते हुए बर्रा बाईपास का सफर पूरा किया।

### साधन के इंतजार में जूझते रहे परीक्षार्थी

इन दिनों विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चल रही हैं। कानपुर दक्षिण क्षेत्र के तमाम परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र रमईपुर के आसपास है। एक तो सुबह से घना कोहरा, ऊपर से हमीरपुर हाईवे पर जाम लगा होने के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। रमईपुर के सुखदेव प्रसाद महाविद्यालय के परीक्षार्थी नौबस्ता बंबा में साधन के इंतजार में खड़े रहे। सुबह आठ बजे से परीक्षा में समय पर पहुंचने के लिए उन्हें मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

## सार-संक्षेप



नर्वल में बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। अमृत विचार

### नाटक, कविता और गीतों के जरिए मतदान का संदेश

**सरसौल।** नर्वल में बुधवार को भास्करानंद इंटर कालेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। दो किलोमीटर लंबी इस रैली की शुरुआत भास्करानन्द इन्टर कालेज से हुई और नर्वल के मुख्य चौराहा होते हुए राजकीय कन्या विद्यालय होते हुए तहसील प्रांगण में खत्म हुई। रैली की अगुवाई उप जिलाधिकारी ऋषभ वर्मा ने की। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान कई जगह नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ और मतदाता जागरूकता गीतों के माध्यम से ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान का महत्व बताते हुए चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान का संदेश दिया गया।



घाटमपुर में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते सविता समाज के लोग। अमृत विचार

### जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

**घाटमपुर।** नंदवंशी सविता समाज की ओर से बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नंदवंशी सविता समाज के प्रदेश सचिव शिवभजन सविता, प्रदेश प्रभारी आलोक सविता, जिलाध्यक्ष राजेंद्र बाबू, नीलकमल सविता, जगदीश प्रसाद, हरिओम, बृजेश कुमार, सभासद रोहित सिंह एडी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।



हादसे में घायल महिला को गोद में उठाकर अस्पताल भेजा गया। अमृत विचार

### नशेबाज चालक ने पलटाया ई रिक्शा, पति-पत्नी घायल

**सरसौल।** नर्वल थाना क्षेत्र में हथेरुआ से थरेपाह मार्ग पर एक ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवारी के रूप में बैठे साढ़ के रहने वाले पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरसौल सीएचसी लाया गया। साढ़ क्षेत्र के छतेरुआ के रहने वाले रामचंद्र पासवान (50) और उनकी पत्नी संगीता (45) ई रिक्शा के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का सरसौल सीएचसी में इलाज चल रहा है। हादसे के समय ई रिक्शा का चालक कूद गया। बताते हैं कि नशे में होने के कारण वह अपना नाम और पता नहीं बता सका। पुलिस का कहना है कि अगर तहरीर मिली तो रिपोर्ट दर्ज कर दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सर्दी का सितम, बेजुबान बेदम...



कड़ाके की ठंड से जनमानस ही नहीं, अपितु पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। तापमान लगातार गिरने से जहां गलन बढ़ गई है, वहीं शीतलहर आम लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। हाड़कंपाऊ ठंड से बेहाल पक्षी घोसलों से बाहर नहीं निकल रहे हैं, वहीं पशु भी दुबके से नजर आ रहे हैं। बुधवार को चौबेपुर में एक बिल्ली चाय की दुकान में आग से धधक रही अंगीठी के पास बैठकर ठंड से बचाव का प्रयास करती रही। उसे देखकर इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि बेजुबान भी मौसम के मिजाज से किस कदर परेशान हैं। ● शैलेश शुक्ल

# ईओ का घेराव कर जताया कड़ा विरोध

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने बुधवार को ईओ का घेराव कर पालिका अध्यक्ष के पति पर सार्वजानिक अवकाश के दिन बैठक कर ठेकेदारों को काम बांटने का आरोप लगाया है। नगर पालिका ईओ ने सार्वजनिक अवकाश के दिन कार्यालय खुलने की जानकारी लिपिक से मांगी है। ईओ ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



सभासदों ने 22 जनवरी को नगर पालिका कार्यालय खोलने का किया विरोध।

नगर पालिका के सभासद सत्यम सिंह चौहान, विवेक शुक्ला, राजपूत साहू, मो. ओएस उर्फ लाला, जितेंद्र आदि बुधवार की दोपहर नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां पर सभासदों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. महेंद्र कुमार का घेराव कर 22 जनवरी को कार्यालय खोले जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश सरकार ने सार्वजानिक अवकाश घोषित किया था। सभासदों का आरोप है कि सार्वजनिक अवकाश के दिन नगर पालिका सभागार में अध्यक्ष गजाला तबस्सुम के पति हाफिज अब्दुल अहद ने ठेकेदारों को बुलाकर बैठक की और ठेकेदारों के साथ काम की रूपरेखा बनाई, जो संवैधानिक रूप से सरासर गलत है।

सभासदों का कहना है कि इस बैठक के बाद ठेकेदार अपने-अपने कागजात तैयार कराने में जुटे हुए हैं। सभासदों की शिकायत पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार ने नगर पालिका लिपिक से सार्वजानिक अवकाश के दिन कार्यालय खोले जाने की जानकारी मांगी है। नगर पालिका ईओ डा महेंद्र कुमार ने बताया कि लिपिक से सार्वजानिक अवकाश के दिन कार्यालय क्यों खोला गया? इसका स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### सभासद के प्रयास से उठ सका गोवंश का शव

**घाटमपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर तीन में गोवंश के शव को किसी ने फेंक दिया। सभासद जितेंद्र यादव ने नगर पालिका अध्यक्ष पति से बात करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं उठा। ईओ ने भी नहीं फोन उठाया। सफाई नायक सुनील कुमार को भी सभासद ने सूचना दी, परंतु कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा। जवाहर नगर पूर्वी मोहल्ले के लोगों ने विरोध करते हुए पालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। सभासद जितेंद्र यादव ने एसडीम रामानुज से बात की। जब एसडीएम ने नगर पालिका को फोन किया, जब गोवंश के शव को उठाया गया।

# सपा ने शुरू की चुनावी कवायद

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में शामिल बिल्हौर विधानसभा में बुधवार को सपा की संविधान बचाओ, देश बचाओ गोष्ठी हुई। पिहानी मजबूत नगर और गुजेपुर में आयोजित गोष्ठी में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व मंत्री आरके चौधरी व विकास यादव शामिल हुए।



सपा की संविधान बचाओ, देश बचाओ गोष्ठी में भाग लेते पूर्व मंत्री आरके चौधरी।

गोष्ठी में सपा नेता विकास यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर व डॉ. राममनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए बनाया है, उससे निश्चित तौर पर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग का भला होगा। उन्होंने दलित समाज से अपील की कि 2024 के चुनाव में संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरी ताकत के साथ समाजवादी पार्टी का साथ दें, ताकि संविधान व लोकतंत्र की रक्षा हो सके। पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने बिल्हौर विधानसभा प्रत्याशी रचना सिंह गौतम से कहा कि प्रत्येक बूथ पर सेक्टर प्रभारियों और बूथ प्रभारियों को मजबूती के साथ काम में लगाएं। 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक है, इसलिए बूथ को मजबूत करना जरूरी है। गोष्ठी की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के बिल्हौर ब्लाक अध्यक्ष अशीष कटियार और संचालन पंकज यादव ने किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शाहिर हुसैन जाफरी, रजनीश यादव, प्रधान इदरीश, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष शशिकांत पाल आदि मौजूद रहे।

● पीडीए के नारे से शुरू किया लोकसभा का अभियान

## गणतंत्र दिवस पर होगी प्रतियोगिता

**चौबेपुर।** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर ग्राम सेवा दल की ओर से तातियागंज में ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले बच्चों को मेडल और नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

ग्राम सेवा दल के संस्थापक केएम भाई ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने व क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो आदि खेल शामिल रहेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिताएं बालक व बालिका दोनों वर्ग में अलग-अलग होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चे सम्मानित किए जाएंगे।

खिले चेहरे | श्रीराम प्राइवेट आईटीआई में लगा मेला, 24 कंपनियों ने अभ्यर्थियों का लिया साक्षात्कार

# रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** नंदना के श्रीराम ग्रुप ऑफ एजूकेशन एवं प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में नौकरी पाने के लिए युवाओं की खासी भीड़ जुटी। 24 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।



रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र के साथ चयनित अभ्यर्थी। अमृत विचार

श्रीराम ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन मनोज सिंह भदौरिया ने मां सरस्वती का पूजन कर मेले की शुरुआत की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक किया और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प सभी बेरोजगार युवाओं को उत्तर प्रदेश में ही रोजगार देकर सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष फरवरी में रोजगार मेले का आयोजन कराया गया था, जिसमें 11 कंपनियों ने प्रतिभाग करके 450 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। बुधवार को युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनका साक्षात्कार एक बजे से प्रारम्भ हुआ। इस दौरान योग्यता के अनुसार 24 कंपनियों महिंद्रा एंड महिंद्रा हरिद्वार, डाना ग्राजलानो नोएडा, टाटा मोटर्स सनाड अहमदाबाद, भारत सीट, असाही इंडिया ग्लास हरयाणा, विकास ग्रुप फरीदाबाद, इसरेल कैंपस, फुरुकावा मिण्डा इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा, वेस्टर्न इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद, एल एंड टी अहमदाबाद, अडानी ग्रीन सोलर एनर्जी गुजरात, पीजी एलेक्ट्रो प्लास्ट महाराष्ट्र, श्रीराधा फाउंड्री एंड इंजीनियरिंग वर्क्स कानपुर, एसडीआरजी इंफ्रा सोलुशन प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, प्रेसिशन कैनवास प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, विक्रांत केमिको प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, टाटा मोटर्स पनकी कानपुर, रतन इंजीनियरिंग कानपुर, इगुलप्लस प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, थर्मोकेयर प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, आप्टिव कम्पोनेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पुणे, रेमसंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड गुरुग्राम, बादवे ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद की कंपनियों के अधिकारी रहे। साक्षात्कार लेने के बाद चयनित छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। यहां महाविद्यालय के कोआर्डीनेटर विपिन कुमार यादव, आईटीआई के प्राचार्य सौरभ सचान, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार सिंह, रणधीर सेंगर, विजय कुशवाहा, जीतेन्द्र खरे, सुरेंद्र पाल, प्रांशु त्रिपाठी, महेंद्र पाल सिंह, सुरजीत सचान, आशीष कुशवाहा, शिवम तिवारी, सौरभ यादव, मीना द्विवेदी, रूबी सचान, लक्ष्मी सिंह, पूजा शुक्ला, दीपक कुमार, रवि यादव, फूल सिंह, राजा भदौरिया रहे।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# गणतंत्र दिवस : कड़ी होगी सुरक्षा, दी जाएगी सलामी

## पुलिस अफसरों ने सभी चौराहों व बार्डर पर सुरक्षा परखी, रैतिक परेड की तैयारी में पुलिसकर्मी दिनभर जुटे रहे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों व इससे पहले जिले की सुरक्षा को देखते हुये जिला पुलिस सर्तक है। शाम से ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के चौराहों व बार्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस छोटे बड़े वाहनों को चेक कर संदिग्धों पर सख्त निगाह बनाए है। शहर व हाइवे के होटलों-ढाबे भी चेक किये जा रहे हैं। वहीं, पुलिस लाइन में रैतिक परेड को लेकर ग्राउंड को सजाने का कार्य भी शुरू किया गया है।

शुक्रवार को होने वाले गणतंत्र दिवस पर आयोजनों को लेकर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने सभी सीओ व थाना-कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दिया कि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाये। गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुये गश्त बढ़ाई जाये। साथ ही अराजकतत्वों पर पूरी निगाह रखने के निर्देश सभी थानेदारों को दिए।

इसके बाद सदर, बांगरमऊ, गंगाघाट, हसनगंज, पुरवा, अजगैन व बीघापुर कोतवाली के अलावा माखी, फतेहपुर चौरासी, आसीवन, औरास, सोहरामऊ, दही, असोहा, थानाक्षेत्र में चौराहों व बार्डर के थानों में विशेष रूप से सख्ती बढ़ा दी गयी है। साथ ही सभी स्थानों पर छोटे-बड़े वाहनों की भी सघन चेकिंग शुरू कर दी गयी है। साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गई।




सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में गश्त करते एएसपी, पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में रिहर्सल करते बच्चे। अमृत विचार

### परेड के रिहर्सल का एसपी ने किया निरीक्षण

पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में 75वें गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का बुधवार को फुल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल का निरीक्षण एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने किया। परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन करते हुए एसपी ने उसे और भी सुव्यवस्थित व सुसज्जित बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान एएसपी व सभी सीओ मौजूद रहे। वहीं पुलिस लाइन में शहर के सात विद्यालयों के बच्चे भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। देश भक्ति सहित मनमोहक कार्यक्रमों का रिहर्सल बच्चो ने परेड ग्राउंड पर किया गया। सीओ सिटी ने बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की।

**जीआरपी व आरपीएफ ने भी चलाया चेकिंग अभियान** : सुरक्षा के मद्देनजर जीआरपी व आरपीएफ ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसमें टीमों ने उन्नाव जंक्शन के सभी प्लेटफार्म, वेटिंग रूम, रेलवे ट्रैक के अलावा यात्रियों के सामान की तलाशी ली। वहीं उन्नाव में ठहराव वाली ट्रेनों की भी चेकिंग की गयी।

### कार्यालयों में 8.30, शिक्षण संस्थाओं में 10 बजे ध्वजारोहण

उन्नाव। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में अलग-अलग समय पर ध्वजारोहण कराने के निर्देश दिये हैं। डीएम को जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि कार्यालयों में सुबह साढ़े आठ और शिक्षण संस्थानों में सुबह 10 बजे ध्वजारोहण किया जाना है। मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया है 75वें गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यालयों में सुबह 8 .30 बजे ध्वजारोहण किया जाना तय हुआ है। संबंधित सभी स्थानों पर ध्वजारोहण के साथ संविधान में उल्लिखित संकल्पों का स्मरण किया जाए। इसी तरह शिक्षण संस्थानों में 10 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्म निरपेक्षता व सांप्रदायिक एकता कायम रखने का संकल्प दिलाया जाए। उल्लेखनीय है कि इधर लगातार भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। माना जा रहा है कि इसीलिए विद्यालयों में 10 बजे से गणतंत्र दिवस समारोह शुरू होंगे।

## गैंगस्टर एक्ट में तीन को पांच-पांच साल की सजा

उन्नाव। आसीवन थानाक्षेत्र में साल-2007 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले की सुनवाई बुधवार को पूरी हुई। इसमें कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि आसीवन पुलिस ने नेवाती टोला कस्बा मियागंज निवासी नासिर पुत्र रफीक, इमरान पुत्र नासिर व फुरकान पर वर्ष-2007 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

आरोप था कि पिता व उसके दो बेटे गैंग बनाकर क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। तत्कालीन एसओ ब्रज किशोर सक्सेना ने तीनों के विरुद्ध जनवरी-2014 को चार्जशीट दाखिल की थी।

बुधवार को मुक़दमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ताओं हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलों को सुनने के बाद एडीजे-5 शिप्रा आर्या ने नासिर, इमरान व फुरकान को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई।

# पिता व दो बेटों को हत्या में आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत युवक को अगवाकर हत्या करने के मामले में करीब 12 साल बाद आए फैसले में कोर्ट ने पिता व उसके दो बेटों को गुनहगार करार देते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। साथ ही सभी पर 45 हजार का जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि आसीवन थानांतर्गत खरगौरा निवासी लालबहादुर ने 27 जुलाई-2012 को गांव के हरिपाल व उसके बेटे संतोष और सर्वेश के विरुद्ध उसके भाई अमरपाल को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लाल बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके भाई अमरपाल ने हरिपाल की बेटी से कोर्टमैरिज की थी। इसकी जानकारी होने पर हरिपाल व उसके दो बेटों ने उसके भाई को अगवा कर लिया है। लाल बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने हरपाल व उसके बेटों संतोष व सर्वेश विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद उसी दिन सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में अमरपाल का शव मिला था। इसके बाद मामले में हत्या की धारा तरमीम की गई थी। आईओ मनोज कुमार ने जांच के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तबसे मामला कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को एडीजे कोर्ट संख्या-1 में मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की दलील व पुलिस द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर कोर्ट ने हरिपाल व उसके दोनों बेटों संतोष व सर्वेश को हत्या का दोषी माना। अमरपाल की हत्या के आरोप में तीनों को आजीवन कारावास दिया गया।



### छेड़छाड़ के मामले में तीन साल की सजा

उन्नाव। असोहा थानांतर्गत वर्ष-2014 में छेड़छाड़ के मामले की सुनवाई कोर्ट में पूरी हुई। आईओ राधेलाल द्वारा एकत्र साक्ष्य व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी राजू निवासी पाठकपुर असोहा को तीन साल कारावास व सात हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गयी।




मॉडल के साथ मौजूद छात्राएं व विद्यालय प्रबंधन। अमृत विचार

# राम मंदिर का मॉडल बना कर रामलला को किया विराजमान

संवाददाता, नवाबगंज

● मॉडल बनाने में कक्षा छह की दोनों छात्राओं को 10 दिन का समय लगा

अमृत विचार। सोहरामऊ क्षेत्र स्थित पंचशिला विद्यालय की कक्षा-6 की छात्रा अनुष्का व तनिष्का शुक्ला ने राम मंदिर का मॉडल बनाकर उसमें प्रभु श्रीराम को विराजमान किया है। छात्राओं ने जब संस्थापक व अध्यक्ष बद्री विशाल तिवारी को राम मंदिर का मॉडल दिखाया तो उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और दोनों का मुह मीठा कराकर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इसी तरह जिले का नाम रोशन करो। जिससे बच्चों में खुशी की लहर दिखी। प्रबंधक ने बच्चों के पिता मुकेश शुक्ला व माता अंजली शुक्ला को भी शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने बताया कि यह मॉडल बनाने में उन्हें पूरे 10 दिन का समय लगा। वहीं मंदिर के मॉडल ने सभी का मनमोह लिया। इस दौरान शिक्षिका तरनजीत कौर, आस्था, सविता, कविता व सिमरन आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की मौत शिनाख्त नहीं

उन्नाव। उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास किए। सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के डीह गांव के मजरा पहली खेड़ा के पास से निकले उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर ललऊ खेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पुलिस ने उसकी पहचान कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। जामा तलाशी में भी उसके पास कुछ नहीं मिला। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया। साथ ही उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की है। वृद्ध चेकदार नीली शर्ट, सफेद और नीले रंग का स्वेटर और पैंट पहने था। कयास लगाया गया कि वृद्ध प्रयाग पैसेंजर से गिरकर ट्रेन से कट गया है। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि शव मोर्चरी में रखवाने के साथ शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## माखी क्षेत्र में सब्जी विक्रेता, आसीवन में अधेड़ की मौत, फतेहपुर चौरासी में हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

# सड़क हादसों में सब्जी विक्रेता समेत तीन की गई जान

आसीवन/फतेहपुर चौरासी उन्नाव। अलग-अलग हुए सड़क हादसों में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। घटना के बाद से तीनों परिवारों में कोहराम मच गया।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर, रेफर

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पकरीगवां गांव निवासी रामबक्श (50) देरशाम अपने गांव निवासी विमल के साथ बाइक से रैनापुर गांव की सब्जी मंडी जा रहा था। दोनों बिचपरी-पकरीगवा मोड़ के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार लोडर की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गए। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने रामबक्श को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं विमल के परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराने की बात कह लेकर चले गए। घटना के बाद लोडर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने लोडर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

**केस 01** माखी थानाक्षेत्र के अकबरपुर दबौली गांव के मजरा रग्घाखेड़ा निवासी नन्हक्के उर्फ नन्हू (58) सब्जी बेचकर परिवार पालता था। मंगलवार वह रोज की तरह सब्जी बेचने सदर क्षेत्र में हरदोई पुल के नीचे लगने वाली मंडी आया था। देरशाम सब्जी बेचकर घर लौट रहा था इसी दौरान माखीक्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर दोस्ती नगर नहर पुल के पास बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। सड़क पर सिर के बल गिरकर वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां से डाक्टर ने उसे कानपुर हैलट रेफर किया। परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते पत्नी नन्हीं, बेटा फूलचंद्र, बेटी पार्वती और रोहिनी बेहाल हो गई।



नन्हके।

**केस 02** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के देवरिया गांव निवासी गुड्डू (40) उर्फ राधेश्याम पड़ोसी रामजीवन (55) और परमेश्वरदीन (50) के साथ मंगलवार को गांव के बबलू की बीमार पत्नी रिंकी को देखने कालीमिट्टी स्थित निजी अस्पताल गए थे। वहां से लौटते समय फतेहपुर चौरासी कस्बा में उनकी बाइक की बांगरमऊ निवासी मुकेश (25) की बाइक से सामने से टकरा गई थी। बाइकों की टक्कर में इन चारों के साथ पैदल घर जा रहे फतेहपुर चौरासी मोहल्ले के सुभाष नगर पूर्वी निवासी छात्र अनमोल (16) भी घायल हुआ था। घायलों में मुकेश को छोड़ चारों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुड्डू की देररात मौत हो गई। वह मजदूरी कर परिवार पालता था। उसकी मौत से पत्नी आशा, तीन बेटों में अमित, सुमित व विनीत के साथ बेटियों में शिल्पी, कंचन, पिंकी व कार्तिका रो-रोकर बेहाल हैं। इंस्पेक्टर राजेश पाठक ने बताया कि हादसे में पांच लोग घायल हुए थे। जिनमें एक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।



गुड्डू।

**केस 03** आसीवन थानांतर्गत कस्बा हैदराबाद के मोहल्ला बिनोवा नगर निवासी अनंत कुमार (55) मकबूल खेड़ा गांव के पास शराब ठेके के बाहर मूंगफली का ठेला लगाता था। मंगलवार रात करीब 10 बजे वह ठेला लेकर घर लौट रहा था। उन्नाव-संडीला मार्ग पर मकबूल खेड़ा गांव के पास ही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे मियागंज सीएचसी लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिवंगत की पत्नी सुशीला के साथ पांच बच्चों में तीन बेटी व दो बेटे हैं। इसमें बड़ी बेटी मोहिनी का विवाह हो चुका है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन




अलग-अलग विद्यालयों में विरोध जताते शिक्षक नेता। अमृत विचार

उन्नाव। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की विभिन्न ब्लाक इकाइयों ने तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन और वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं देने की मांग को लेकर प्रतीकात्मक विरोध जताया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने मांगों पर जल्द फैसला न होने पर प्रदेशस्तरीय आंदोलन की चेतावनी भी दी।

जिले के विभिन्न ब्लाकों में कार्यरत संघ से जुड़े शिक्षक बुधवार को विद्यालय पहुंचे और हाथों में काली पट्टियां बांध कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अलग-अलग विद्यालयों में शिक्षकों की बैठकों में कहा गया कि 31 दिसंबर को कानपुर के आर्य कन्या इंटर कालेज में हुए संगठन के स्थापना दिवस पर प्रांतीय समिति ने सभी तदर्थ शिक्षकों की बहाली, पुरानी पेंशन बहाली वित्तविहीन शिक्षकों को अन्य सभी शिक्षकों के समान चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं देने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने नहीं सुनी। प्रदेश कार्य समिति के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, सतीश चंद्र मिश्र व पूर्व प्रधानाचार्य हनुमत सिंह आदि ने इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण कर इकाइयों की गतिविधियों का जायजा लिया। संघ की जिला इकाई के अनुसार बांगरमऊ, फतेहपुर चौरासी, ऊगू, बिहार, भगवंत नगर ऊंचगांव, पहाड़पुर सहित शहर के राजा शंकर सहांय इंटर कालेज व अटल बिहारी इंटर कालेज सहित चार दर्जन इकाइयों में अध्यापक शिक्षण कार्य से विरत रहे।

## अन्ना मवेशी खदेड़ने पर बरसाईं लाठियां

पाटन। बिहार थानाक्षेत्र के गांव उसरहा बेहटा के मजरे कुतुबपुर में शिवकुमारी पत्नी बिंदाप्रसाद के खेत में जेठानी मालती पत्नी गया प्रसाद पासी ने अन्ना मवेशियों को खदेड़ दिया। जिससे उसकी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। इस बात से आक्रोसित शिवकुमारी ने जेठानी पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल कराकर उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# सभासदों ने चेयरमैन व ईओ पर लगाया भेदभाव का आरोप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● शिकायतीपत्र देकर कहा, प्राण प्रतिष्ठा के दिन उनके वार्डों में नहीं लगाई गईं सजावटी लाइटें

अमृत विचार। नगर के संडीला मार्ग स्थित दो वार्डों की महिला सभासदों का आरोप है कि उनके मार्ग पर विद्युत खंभों में तिरंगी सजावटी लाइट नहीं लगवाई गई। सभासदों ने पालिका प्रशासन से जल्द सजावटी लाइट लगवाने की मांग उठाई है।

नगर के नौनिहालगंज उत्तरी, पटेल नगर व अंबेडकर नगर की सभासद शिवदेवी अर्कवंशी व गीता रानी अर्कवंशी ने चेयरमैन रामजी गुप्ता व ईओ मोनिका उमराव को दिए शिकायतीपत्र में कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पालिका द्वारा उन्नाव-हरदोई मार्ग के डिवाइडर पर अधिकांश विद्युत पोल पर तिरंगी सजावटी लाइट लगाई गई थीं, लेकिन उनके दोनों वार्डों के मध्य प्रमुख मार्ग संडीला रोड पर स्थित खंभों पर झालर नहीं लगाई गईं। जिससे उनके क्षेत्र के रामभक्तों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष है। महिला सभासदों ने पालिका प्रशासन से जल्द विद्युत पोल पर तिरंगीं सजावटी लाइट लगवाने की मांग की है।

## गिरी दीवार बनाने पर मारपीटा, रिपोर्ट

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव परसंदन के मजरे कीर्तीखेड़ा निवासी सुनील पुत्र जागेश्वर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वो गांव में अपने घर की गिरी दीवार बना रहा था। तभी गांव निवासी विश्वनाथ, गोले, जयपाल, वीरेंद्र वहां पहुंचे और उसे रोकने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसे और काम कर रहे मजदूर शौलेश कुमार को पीट दिया। जिससे दोनों को चोटें आई हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम फैसल अहमद से बदल कर फैसल अहमद खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। – **फैसल अहमद खान पुत्र शमशाद अहमद खान, निवासी– 156 तकी नगर उन्नाव**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोनू दिवाकर दर्ज है। जबकि पहले मेरा नाम मोनू था। मैंने अपना नाम मोनू से बदलकर मोनू दिवाकर रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मोनू दिवाकर के नाम से जाना व पहचाना जाए। – **मोनू दिवाकर पुत्र श्री केशन, निवासी ग्राम– परशुरामपुर परगना व तहसील– बांगरमऊ, जिला– उन्नाव**

**सूचना**

सूचित हो कि रामजी सिंह पुत्र मुन्ना ठाकुर, निवासी– ग्राम कोड़रा, थाना– अजगैन जनपद उन्नाव के विरुद्ध, थाना–अजगैन पर मु.अ. सं. 225/23 धारा 376/452/541-I.P.C. व 3(2) 5 Scst Act पंजीकृत है। उक्त व्यक्ति घर से फरार चल रहा है। जिस सज्जन को ज्ञात हो कृपया निम्न नम्बरों पर सूचित करें। – **क्षेत्राधिकारी– 8081211180, प्रभारी निरीक्षक अजगैन– 9454404357**

# आग से झुलसी महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। एक माह पूर्व आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के माढ़ापुर मार्ग स्थित मोहल्ला दुबियाना निवासी श्याम सुंदर गुप्ता की 56 वर्षीय पत्नी मुन्नी बीती 15 दिसंबर की सुबह अलाव तापते समय गंभीर रूप से झुलस गई थी। परिजनों ने उसका इलाज निजी अस्पताल में कराया। हालत में सुधार न देख 23 दिसंबर को उसे बांगरमऊ सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार भोरपहर मुन्नी की मौत हो गई।



मुन्नी।

सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही बेटे अश्वपति, वेदरत्न व कीर्तमान और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार सहित कई लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

मुसीबत | स्टेशन से छमक नाली के आगे डाउन ट्रैक में फाल्ट ढूंढने के लिए की गई पेट्रोलिंग

# सिग्नल का ब्लाक सिस्टम फेल, मेमो देकर रवाना की गईं ट्रेनें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● अप व डाउन लाइन की ट्रेनों को मेमो देकर किया रवाना

अमृत विचार। बुधवार दोपहर सिग्नल प्रणाली में तकनीकी दिक्कत आने से ब्लॉक उपकरण फेल हो गया। जिससे अप व डाउन ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों की लोकेशन एक से दूसरे स्टेशन तक नहीं दिख रही थी। यह देख रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया और लखनऊ के अफसरों को सूचना दी। जिसके बाद एसएनटी विभाग के जेई, आरपीएफ व रेल कर्मियों ने फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की। लेकिन रात तक फाल्ट नहीं मिल सका। इस दौरान कई ट्रेनें गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रुक कर गुजरीं।

कानपुर-लखनऊ रेलरूट पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे तकनीकी खराबी आ गई। जिस कारण गंगाघाट स्टेशन पर लगे सिग्नल पैनल प्रणाली में ब्लाक उपकरण फेल होने का संकेत मिला, जिससे एसएनटी विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन कर्मी दौड़े और आरपीएफ को सूचना दी। वहीं आरपीएफ ने केबिल चोरी होने का अंदेशा जताया। जिस पर आरपीएफ एएसआई गुप्तार सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र कुमार, एसएनटी के जेई धीरेंद्र कुमार, सहायक रामकुमार सरैयां क्रासिंग पहुंचे। आरपीएफ व एसएनटी विभाग ने डाउन ट्रैक पर कटी केबिल खोजने के लिए छमक नाली के आगे से पेट्रोलिंग की। लेकिन कोई केबिल गायब नहीं मिली और न ही कटी मिली। घंटों खाक छानने के बाद भी फाल्ट नहीं मिला। जिससे देरात तक रेल संचालन प्रभावित रहा। वहीं देररात लखनऊ के एडीएसटी अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसएनटी टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने फाल्ट ढूंढने का काम किया।

दोपहर से रात के बीच गुजरने वाली ट्रेनों को कुछ देर के लिए स्टेशन पर रुकना पड़ा। जिन्हें स्टेशन मास्टर ने मेमो देकर रवाना किया। इसी तरह अपलाइन की ट्रेनों को मगरवारा से मेमो देकर कानपुर रवाना किया गया।

### मेमो देकर ट्रेनों को किया गया रवाना

सिग्नल ब्लॉक होने से डाउन ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों को रोककर गंगाघाट स्टेशन पर मेमो देकर भेजा गया। यही हाल मगरवारा स्टेशन का भी रहा। जहां अप लाइन वाली ट्रेनों का संचालन मेमो देकर हुआ।

### एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें हुई प्रभावित

सिग्नल पैनल प्रणाली में ब्लाक उपकरण फेल होने का संकेत न मिलने पर लखनऊ जाने वाली गोरखपुर एक्सप्रेस, मेमो, उद्योग नगरी, मालगाड़ी के अलावा अन्य ट्रेनों को गंगाघाट स्टेशन पर रूकना पड़ा। जहां उन्हें मेमो दिया गया। इसी तरह अप लाइन की ट्रेनें मगरवारा स्टेशन पर रूकी। जहां उन्हें मेमो देकर रवाना किया गया।



बच्चों को सम्मानित करतीं डीएम अपूर्वा दुबे व मौजूद सदर विधायक पंकज गुप्ता और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार



कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

# यूपी दिवस पर बंटे 273.27 करोड़ रुपए के ऋण

## सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर विकास प्रदर्शनी व समारोह का उद्घाटन किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के निराला प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश दिवस 2024 आयोजित हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता व डीएम अपूर्वा दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी के साथ समारोह का उद्घाटन किया।

जिला प्रशासन व जिला पर्यटन संस्कृति परिषद की संयुक्त त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी का सबसे पहले मुख्य अतिथि सदर विधायक व डीएम ने अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर जाकर सरकारों की ओर से संचालित योजनाओं के संबंध उपलब्ध कराई जा रही जानकारियों का जायजा लिया। अतिथियों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत किए गए 273.27 करोड़ रुपए की धनराशि के सांकेतिक ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए।



किसान को ट्रैक्टर की चाबी का प्रतीक सौंपतीं डीएम। अमृत विचार

साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से लाभांवित किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने भव्यतापूर्ण समारोह आयोजित कराने के लिए अधिकारियों सहित समस्त मशीनरी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सभी को स्थापना दिवस पर यूपी की सांस्कृतिक विरासत को और अधिक गौरवपूर्ण बनाने का संकल्प लेना चाहिए। हाल के पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के सर्वांगीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। ऐसा पीएम व सीएम की जीरो टालरेंस की नीति से संभव हो सका है। भाजपा के दोनों ही शीर्ष नेता समाज के सभी लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचाने पर जोर देते हैं। इसलिए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के तहत सभी चयनित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा है। इस मौके पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, सीडीओ ऋषिराज, डीडीओ संजय पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. नीलम सिंह, बीएसए संगीता सिंह, डीडी कृषि डा. मुकुल तिवारी, एलडीएम सुनील वर्मा व पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### विकास के लिए डीएम ने मांगे सुझाव

डीएम ने अपने संबोधन में जिले के विकास सहित जनकल्याणकारी कार्यक्रम क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि शासन के निर्देश के मुताबिक जिले को विकसित बनाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजित हो रही तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी में सुझाव पेटिका भी रखी गयी है। इसलिए जनपद वासियों को विकास कार्यों के संबंध में अपने सुझाव इस पेटिका के माध्यम से उपयुक्त स्थान तक पहुंचा सकते हैं। अच्छे जनहितकारी सुझावों पर अमल भी कराया जाएगा।

### इन स्टालों में रही दर्शकों की भीड़

प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशु चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सूचना विभाग, कृषि विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, जिला उद्योग केंद्र, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मत्स्य विकास अभिकरण, बीएसए व यूपी नेडा आदि के स्टालों पर लगाकर लोगों की भीड़ बनी रही। स्टालों के काउंटर पर बैठे अधिकारी-कर्मचारी लोगों को जानकारियां उपलब्ध कराते रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेता किया गया पुरस्कृत

समारोह के बीच उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता सहित जिला खेल कार्यालय की आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र आदि देकर पुरस्कृत किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को मिली सराहना

आल्हा गायक ने गायन के जरिए लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें शामिल सरस्वती वंदना, नाटक, लोक गायन व स्वागत गीत आदि की श्रोताओं व दर्शकों ने खूब सराहना की। इस दौरान श्रम विभाग की ओर से सुहानी व सौरभ को विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### मामूली बात पर युवक को जमकर पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव घोंघी निवासी एक युवक को दबंग ने मामूली बात पर जमकर पीट दिया। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। घोंघी निवासी सुधीर ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाला एक दबंग उसे गालियां दे रहा था। जिसका उसने विरोध किया तो दबंग ने उसे पीट दिया। जिससे उसे चोटें आई हैं। घायला अवस्था में वह कोतवाली पहुंचा। जहां उसने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

### दो एसडीएम के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

**उन्नाव।** डीएम अपूर्वा दुबे ने सफीपुर एसडीएम प्रज्ञा पांडेय और एसडीएम नवीन चंद्र के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। प्रज्ञा को सफीपुर से स्थानांतरित कर अतरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम बनाया गया। वहीं नवीन को सफीपुर एसडीएम पद पर भेजा गया है।

### शराब पीकर बवाल काटने वाला युवक गिरफ्तार

**पाटन।** बिहार थानाक्षेत्र के गांव भैया खेड़ा निवासी मिलन पुत्र हरिशंकर शराब पीकर गांव में गालीगलौज व बवाल कर रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में निरुद्ध कर जेल भेज दिया।

### सरकार की योजनाओं से गरीबों के जीवन में आया परिवर्तन

**बांगरमऊ उन्नाव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गाजे-बाजे व एलईडी वैन के साथ ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर व ततियापुर पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। वहीं, आंगनवाड़ी बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। साथ ही सभी को विकसित भारत की शपथ दिलाई। ततियापुर में आयोजित विकसित भारत शपथ ग्रहण समारोह में विधायक ने कहा कि वर्ष-2014 के पहले देश की आर्थिक व सामाजिक स्थिति क्या थी, यह बात लोग बखूबी जानते हैं। आजादी के 70 साल बीतने के बावजूद गावों में बिजली नहीं थी। महिलाएं चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर थीं। महिलाओं को खेतों में खुले में शौच जाना पड़ता था। खासकर अनपढ़ व गरीब महिलाओं के पास अपना बैंक खाता तक नहीं था। गरीब परिवारों के बच्चे कच्चे घरों व जीर्ण-शीर्ण छतों के नीचे जीवन-यापन को मजबूर थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। आज भारत एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में एलईडी वाहन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीणों व किसानों को दिखाई गईं। इस दौरान प्रधान मनीराम यादव, लाल शर्मा, मुन्नू सिंह भंडारी, कुशल तिवारी, महिपाल कटियार, बालेश कनौजिया, मिथलेश गुप्ता व ओमप्रकाश पांडेय सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



गर्भवती महिला की गोदभराई करते विधायक श्रीकांत।



रात के समय फोरलेन के किनारे आग तापते लोग। अमृत विचार

### कोहरा और बर्फीली हवाएं चलने से ठिठुरे लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार रात से सर्दी ने इस कदर सितम ढाया कि हर कोई कांप गया। रात में शीतलहर चलने से हर कोई ठिठुर गया। वहीं कोहरा पड़ने से मुख्य मार्ग से लेकर हाइवे तक वाहन रेंगते रहे। सर्दी को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव तापते लोग देखे गये। मंगलवार रात से अचानक गलन बढ़ी और सर्द हवाएं चलने लगीं। बर्फीली हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। सुबह के समय अधिक सर्दी होने से बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। वहीं कोहरे की धुंध होने से बाइक सवार लाइटों में पीली पन्नी लगाए हुए दिखे। हर कोई गर्म कपड़ों में लिपटा दिखा। वहीं दोपहर में धूप निकलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। शाम को एक बार फिर सर्दी बढ़ी। जिससे लोग अपने काम निपटाकर जल्द घर की ओर भागते दिखे। वहीं पालिका की ओर से कुछ स्थानों पर अलाव जलवाये गये। जहां लोग सुबह से शाम तक आग तापते दिखाई पड़े।

### पीक ऑवर में नवीन पुल व सरैयां क्रासिंग पर लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को पीक ऑवर में नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया। जिससे वहां जाम लगने लगा। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गईं। भीषण जाम देख पुलिस पहुंची। जहां जाम हटवाने में पुलिस हाफ गई। इसके बावजूद वाहन रेंगते हुये निकले। दोपहर में वाहनों का भार कम होने पर जाम हट सका। इसी तरह बैराज मार्ग पर भी जाम की स्थिति बनी रही। सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवीन पुल पर वाहनों का भार अचानक बढ़ गया। इस दौरान बालूघाट से छोटे-बड़े वाहन निकलने लगे। जिससे एक ओर का यातायात रुक गया। इसी बीच कानपुर से ई-बस आ गई। जिससे पुल से फोरलेन तक जाम लग गया। जाम में दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा व अन्य वाहन फंसे रहे। जाम देख पहुंची पुलिस को भी खासी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस जाम हटवाने के लिये जूझती रही। भीषण जाम होने से लोग परेशान होते रहे। जाम के चलते कानपुर ड्यूटी जाने वाले विलंबित हो गये। वहीं स्कूली छात्र-छात्राएं भी देरी से विद्यालय पहुंचे। साढ़े 11 बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ और यातायात सामान्य हो सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के संकरे मार्ग के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। वहीं क्रासिंग पर पुलिस और पीआरडी के ड्यूटी न लगने के कारण आड़े तिरछे वाहन लगने से पूरे दिन रुक रुक कर जाम लगने से वाहन सवारों को परेशानी उठानी पड़ी।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई, भारत रत्न देने पर आभार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सविता महासभा के तत्वावधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की परंपरागत ढंग से 100वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने उन्हें पिछड़ी जातियों का मसीहा व सर्वमान्य नेता बताया। साथ ही संगठन की लंबित मांग पर उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने की घोषणा करने पर केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया गया।

मुख्य वक्ता आशुतोष शर्मा ने बिहार के पूर्व सीएम के संस्मरण बताए। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को दिवंगत नेता के आदर्शों पर चलना चाहिए। महासभा के अध्यक्ष अजय शंकर ठाकुर ने कहा कि संगठन लंबे समय से दिवंगत नेता को भारत रत्न दिए जाने की मांग करता आ रहा था। केंद्र सरकार ने जननायक की स्वर्ण जयंती की पूर्व संध्या मरणोपरांत भारतरत्न देकर सविता समाज का गौरव बढ़ाया है। इसके लिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति सरकार के प्रति आभार जताते नहीं थक रहा है, क्योंकि वह वास्तव में इस सम्मान के हकदार भी थे। केंद्र सरकार को इसके लिए बधाई भी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश आर्य ने की और व्यवस्था में अशोक सविता व अवधेश कुमार शर्मा का सहयोग रहा। अरुण सविता, दिलीप कुमार सविता, कल्लू सविता, प्रदीप कुमार शर्मा, उमाशंकर यादव, हरि सविता, शिवशंकर सविता रामदास वर्मा, एसके सविता, बाबूलाल आदि रहे।



100वीं जयंती पर कर्पूरी ठाकुर को याद करते लोग। अमृत विचार

# मानक के विपरीत कार्य की जिलाधिकारी से शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव सरैया के मजरा देवारा खुर्द गांव में सांसद निधि से सड़क निर्माण हो रहा है। जहां ठेकेदार मानकों को ताख पर रख इंटरलॉकिंग बिछा रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने डीएम को पत्र देकर काम की जांच कराने व मानक के अनुरूप काम कराने की मांग की है।

देवारा खुर्द निवासी शंकरलाल ने डीएम को दिये पत्र में बताया कि उनके गांव में राम सजीवन के घर से रोड तक इंटरलॉकिंग का कार्य सांसद निधि से हो जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार ने मानक ताक पर रख गली में नाली बनवाई हैं। जिसमें पीली ईंट का प्रयोग हुआ है। इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग में पीसीसी व पीली ईंट का प्रयोग हो रहा है। इंटरलाकिंग के नीचे पक्की गिट्टी भी नहीं डाली जा रही है। आरोप है कि जब ठेकेदार से मानक के अनुरूप काम करने की बात कही गई तो उसने लोगों को वहां से भगा दिया।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से 17 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरी में रखा ट्रांसफार्मर मंगलवार रात अचानक खराब हो गया। जिससे क्षेत्र की 17 घंटे बिजली गुल रही। इसी तरह विद्युत विभाग की ओर से मुख्य मार्ग पर रखे ट्रांसफार्मरों में मीटर लगाने को लेकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। वहीं नगर के अलग-अलग मोहल्लों में ट्रांसफार्मर में खराबी आने व फाल्टों के कारण कई-कई घंटे बिजली गुल रही।

विष्णुपुरी इलाके में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात करीब 12 बजे खराब हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी। पूरी रात बिजली न आने से लोग परेशान रहे। बुधवार शाम करीब पांच बजे ट्रांसफार्मर सही किया जा सका। करीब 17 घंटे एक सैकड़ा से अधिक घरों की बिजली गुल रही। इसी तरह नेहरू नगर, ऋषि नगर, सुभाष नगर, मदनी नगर, कोतवाली चौराहा आदि जगह के ट्रांसफार्मरों में मीटर लगाने से सुबह दस बजे से शाम छह बजे के बीच हर आधे घंटे के बाद बिजली कटौती की गई। वहीं गोपीनाथपुरम में केबिल टूटने के कारण दिन करीब ग्यारह बजे से रात करीब नौ बजे तक बिजली गुल रही। जिससे सैकड़ों उपभोक्ता परेशान रहे।

# यूपीएससी में प्रतिभा और रुचि का चयन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- दोनों छात्राओं का डिप्टी जेलर के पद पर चयन हुआ है
- विधायक समेत अन्य ने उनके घरों में जाकर बधाई दी है

**अमृत विचार।** सोहरामऊ क्षेत्र के सरौती व निधानखेड़ा निवासी एक छात्रा ने यूपीएससी में 16वीं और दूसरी ने 27वीं रैंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। छात्राओं का चयन डिप्टी जेलर पद पर हुआ है। इसकी जानकारी पर क्षेत्रीय लोगों ने उनके घर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बीते दिनों को घोषित हुए यूपीएससी के रिजल्ट में निधान खेड़ा निवासी डिप्टी जेलर के पद पर प्रतिभा सिंह ने 16वीं रैंक हासिल की है। छात्रा ने बताया कि नौ साल पहले उसके पिता अरविंद सिंह की कैंसर से मौत हो गई थी। उसके जीजा जितेंद्र सिंह, मित्र संदीप व प्रोफेसर गनेश कुमार ने उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद छठे प्रयास में उसने यह मुकाम पाया है। उसने प्रयागराज से अपनी पढ़ाई पूरी की है। ग्रेजुएशन व पीएचडी लखनऊ यूनिवर्सिटी से की है। उसके दो भाई प्रकाश व प्रभात हैं। बताया कि एक सप्ताह पूर्व उसकी राजस्व विभाग में लेखपाल के लिए लखनऊ तहसील में तैनाती हुई थी। वह पूर्व में बिहार में तीन मेंस की परीक्षाएं दे चुकी हैं। बेटी का चयन होने पर मां उर्मिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं निधान खेड़ा की रुचि सिंह की यूपीएससी की 27वीं रैंक आई। इसमें उसका भी डिप्टी जेलर के पद पर चयन हुआ। जिससे उसके परिवार में भी खुशी है। छात्रा के पिता निलेश, मां नीलम, बहन प्राची, भाई जयदीप व रंजीत की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्षेत्रीय लोगों ने उसके घर पहुंचकर बधाई दी। रुचि ने बताया कि उन्होंने पांचवें प्रयास में सफलता हासिल की है। क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह, प्रधान अभेंद्र सिंह ने क्षेत्र की बेटियों को शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# घर के बाहर से चोरों ने ई-रिक्शा कर दिया पार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सर्वोदय नगर में घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा को चोरों ने मंगलवार रात पार कर दिया। जानकारी होने पर ई-रिक्शा मालिक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है।

सर्वोदय नगर निवासी मनीष वर्मा ने बुधवार को कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात वह घर के बाहर ई-रिक्शा खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर निकला तो ई-रिक्शा वहां नहीं था। यह देख उसके होश उड़ गये। उसने आसपास ढूंढा लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी बेटी से सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहारी बाग निवासी प्रेमशंकर से दोस्ती थी। आयुष ने बेटी को शादी का झांसा देते हुए उससे दुष्कर्म किया।

इधर बेटी ने शादी की बात कही तो उसने गालीगलौज व मारपीट कर भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

जागरुकता | राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग की तरफ से आयोजित किए जाते हैं कई कार्यक्रम

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल मतदान के लिये किया जागरूक

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कस्बे के महात्मा गांधी इंटर कालेज के छात्रों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में निकाली गई। इसमें बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कोतवाली चौराहा सेल्फी प्वांइट पर छात्राओं के रंगोली बनाकर जागरूक करने का प्रयास किया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना है। जागरूक करने के अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जरिए देश के नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। देश में आज भी ऐसे कई लोग हैं जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है। ऐसे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग कई कार्यक्रमों का आयोजन करता है।



सफीपुर में रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार



शपथ लेते अधिकारी व अन्य लोग। अमृत विचार

- कोतवाली चौराहा स्थित सेल्फी प्वांइट पर बनाई गई रंगोली
- बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया

### कब हुई राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने की शुरुआत

राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने की शुरुआत तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने पहली बार साल 2011 में की थी। तभी से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस साल देश 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने जा रहा है। इस दौरान महात्मा गांधी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शफीक खां, क्षेत्रीय लेखपाल शिवशरण बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

### मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

**फतेहपुर चौरासी।** फतेहपुर चौरासी विकासखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद व खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार की अगुवाई में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। एडीओ पंचायत हेमंत कुमार, ग्राम सचिव विवेक कुमार, अमित पटेल, शैलेंद्र त्रिपाठी, अभय सिंह, गरिमा शुक्ला, गंगाबक्स, विमल गौतम, कार्यालय कर्मी हुकुम सिंह, प्रज्ञा कुशवाहा, कुलदीप, कमल किशोर, नारेंद्र आदि मौजूद रहे।

# देश हित में मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बिहार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित हुआ। इसमें शिक्षक गिरीश प्रताप सिंह 'गौरीशंकर' व शिखा बाजपेई ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व व कर्तव्यों की जानकारी दी। बच्चों को बताया कि एक जागरूक मतदाता मत का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र का गठन करता है। शिक्षिका प्रीति सिंह ने बताया कि देश हित में सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। हमें किसी प्रकार के लालच, बहकावे या दबाव में आए बिना स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को वोट देना चाहिए। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ व छात्र-छात्राओं ने देशहित में मतदान की शपथ ली। प्रधान शिक्षिका गायत्री देवी, अक्षय, प्रिंस, रिजवान आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




शपथ लेते कंपोजिट विद्यालय बिहार के शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

रथ: शरीरं पुरुषस्य राजत्रात्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्चा:।
तैरप्रमत्त: कुशली सदश्वैर्दान्तै: सुखं याति रथीव धीर:॥

यह मानव शरीर रथ है, आत्मा (बुद्धि) इसका सारथी है, इंद्रियां इसके घोड़े हैं, जो व्यक्ति सावधानी, चतुराई और बुद्धिमानी से इनको वश में रखता है वह श्रेष्ठ रथवान की भांति संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है।

## संपादकीय

# भारत का विश्वास

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध शीघ्र समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ तीन महीने पहले शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मिस्र की सीमा से लगे रफाह शहर और इसके आसपास करीब 15 लाख लोग आश्रयगृहों तथा तंबुओं के शिविरों में रह रहे हैं। यह संख्या गाजा की आबादी की करीब दो-तिहाई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इजराइल को आगाह किया कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का द्वि-राष्ट्र समाधान से इनकार यकीनन संघर्ष को बढ़ाएगा जो पहले ही वैश्विक शांति के लिए खतरा है। उधर भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर भारत के ऊर्जा एवं आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। भारत के साथ ही विभिन्न असफलताओं से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह खबर चिंताजनक है। ध्यान रहे युद्ध की शुरुआत में ही आशंका जताई गई थी कि यह संघर्ष मध्य पूर्व में व्यापार और कच्चे तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकता है जिससे इस क्षेत्र के कई देश एवं उनके व्यापारिक भागीदार प्रभावित होंगे।

विश्व की 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है, इस क्षेत्र में संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें 150 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति लगभग 6.7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसके अलावा भारत और अमेरिका जैसे देशों के लिए गंभीर प्रभाव के परिणामस्वरूप संभावित वैश्विक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है जिसमें भारत से जुड़े जहाजों पर हुए कुछ हमले भी शामिल हैं और इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष को लाभ नहीं पहुंचाएगी। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय है। अनेक देश चाहते हैं कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध मानवीय आधार पर रुकना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को भोजन, पानी और दवाएं आदि पहुंचाई जा सकें। भारत का दृढ़ विश्वास है कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान ही अंतिम विकल्प है और यही स्थायी शांति प्रदान करेगा जिसकी इजराइल और फलस्तीन के लोग इच्छा रखते हैं और इसके हकदार हैं।

# अर्थव्यवस्था, आत्मविश्वास, आवश्यकता, असलियत और आंकड़े



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है।

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ सब कुछ अर्थव्यवस्था के आसपास है। आम आदमी से जुड़े बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों की व्याख्या अपनी-अपनी आस्था के अनुसार हो रही है। इस बीच दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर 15 से 19 जनवरी तक हुई चर्चाओं के दौरान आर्थिक असमानता पर भारत के संदर्भ में आक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी कुल संपत्ति के 40 फीसदी से अधिक हिस्से पर काबिज है। रिपोर्ट में 2012 से 2021 तक इससे नीचे की आधी आबादी की कुल संपत्ति में हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत बताई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 के बाद दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हो गए हैं।

अगले दिन आनन-फानन जारी नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2013-14 से 2022-23 तक 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला गया है। इस अवधि में गरीबी 29.17 फीसदी से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका महत्वपूर्ण कारक 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बताया गया। नीति आयोग के सीईओ बीवी सुब्रह्मण्यम ने आत्मविश्वास से कहा कि 2030 से पहले गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। देश में 2004-05 में 37 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे,जो 2011-12 में अनुमानित 21.9 फीसदी रह गए थे। बाकी 15 करोड़ लोगों को भी गरीबी से निकालने के लिए अर्थव्यवस्था का गतिशील रहना आवश्यक है। इसमें आत्मनिर्भरता नहीं है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों की खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में 74.1 प्रतिशत भारतीय या 104.3 करोड़ लोग स्वस्थ आहार लेने में असमर्थ थे। रिपोर्ट भारत सरकार के 81.35 करोड़ लोगों को ही खाद्य सहायता देने पर सवाल उठाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती रहीं हैं कि 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ की हो जाएगी। उधर,केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांवों और शहरों के मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा से दो महीने में 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र के 9541 स्थानों तक पहुंच चुकी है और इससे 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। आयुष्मान कार्ड के मानकों से पता चलता है कि ये कौन सी श्रेणी के लाभार्थी हैं।

विंग्स इंडिया 2024 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत ने बोइंग और एयरबस को एक साल में 1120 जहाजों के लिए ऑर्डर दिए हैं। 2030 तक हवाई अड्डे 149 से बढ़ाकर 200 करने का लक्ष्य है। तब तक देश 30 करोड़ एयर ट्रैफिक वाला और विमानों की संख्या डेढ़ से दो हजार हो जाएगी। 2042 तक 2500 नए विमानों और 20 वर्षों में 41 हजार पायलटों की जरूरत होगी। स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो के मिशन डायरेक्टर कुणाल कुमार ने भी बता दिया कि देश में 100 स्मार्ट शहरों में 40 हजार करोड़ की 383 परियोजनाएं चल रही हैं। 1300 पूरी हो चुकी हैं जिनमें 76 हजार सीसीटीवी कैमरे, 50 लाख से अधिक सौर और एलईडी लाइट लगाना और 89 हजार किमी से अधिक भूमिगत बिजली केबल का निर्माण प्रमुख है। 6855 स्मार्ट क्लास रूम और 40 डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई हैं। दूसरी ओर 140 करोड़ के देश में 12 करोड़ युवक-युवतियां बेरोजगार के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटबंदी और जीएसटी के कारणों के अलावा कोरोना काल में संगठित-असंगठित क्षेत्र में 17 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। फिर भी दावा है कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत रह गई। 2020 में बेरोजगारी दर 8, 2021 में 5.98 और 2022 में 7.33 फीसदी रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्टूबर 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 के आंकड़े बताते हैं कि 20-24 आयुवर्ग में भयावह बेरोजगारी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की श्रमबल एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने आशंका जताई कि 2024 में बेरोजगारी वैश्विक स्तर पर विकराल होगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। 2024 में दुनिया में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी,जो 2023 में 5.1 प्रतिशत थी। 2022 में यह 5.3 फीसदी रही थी। मान्यता है कि बेरोजगारी एक प्रतिशत बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी की कमी आ जाती है।

गूगल ने साल के शुरू में एक हजार से अधिक कर्मचारी निकाल दिए। सीईओ सुंदर पिंचाई ने और कर्मचारियों को भी छंटनी के लिए तैयार रहने को कहा है। 2022 में भी गूगल ने सबसे अधिक 12 हजार कर्मचारी बाहर कर दिए थे। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोग निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआई के कारण भारत जैसे विकासशील देश में औसतन 40 प्रतिशत नौकरियां खत्म होने की आशंका जताई है। बीते साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग निकाल दिए। बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां भारत के 36 हजार कर्मचारी निकाल चुकी हैं। नौकरी डॉट काम की मानें तो आईटी, बीपीओ, शिक्षा, खुदरा कारोबार, स्वास्थ्य देखभाल और सतर्कता के क्षेत्र में दिसंबर 2023 में पेशेवरों की नियुक्ति में 16 फीसदी की कमी आई है।

यही नहीं, जोर-शोर से कहा जा रहा है कि 2014-15 से 2023-24 के दौरान महंगाई दर 5.5 प्रतिशत रही। 2009-14 के बीच यह 10.04 प्रतिशत थी। आईएलओ की रिपोर्ट का महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेरोजगारी बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ेगी। देश में महंगाई दर दिसंबर 2023 में 5.69 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2023 में थोक महंगाई नौ महीने में सबसे ज्यादा बढ़ी। दिसंबर 2002 में यह 5.02 प्रतिशत थी। महंगाई के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन ने दावोस में ही चेतावनी दी है। कहा, 2024 में दुनिया इसमें राहत की उम्मीद न करे।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24.82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24 .82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

## व्यंग्य

# अपने लिए यही तो चाहते हैं

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं ,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है।

जो लोग खासकर हिंदुस्तानी लोग, सास को लेकर रोने रोते हैं मुझे उनसे कतई इत्तेफाक नहीं है। सास को समस्या,सिरदर्द बताने को लेकर बने सारे ही चुटकुले झूठे हैं। सच तो ये है कि जब पूरी दुनिया आपको नकारा समझकर लतियाने में जुटी हो ऐसे दुर्दिनों में भी आपकी मां के अलावा दुनिया में सास ही आपकी वो इकलौती रिश्तेदार होती है जिसके हिसाब से आप दुनिया के सबसे होनहार,लायक और नजर उतारने के काबिल खूबसूरत इंसान होते हैं।

सास ही है,जो आपके आने का इंतजार करती है। आपको देखते ही खुश हो उठती है। आपको देखकर गदगद होकर अपनी बहुओं को छप्पन भोग बनाने के लिए रसोई की तरफ रवाना कर देती है। वह दुनिया की इकलौती औरत होती है,जो अपनी गैरशादीशुदा बेटियों को देर रात तक आपसे गपियाते देख नाराज नहीं होती,जो आपकी खातिरदारी में अपने पति और लड़कों सहित पूरे घर को जुटा दे,आपके आने की खबर भर से पुराने सोफे पर नए कवर चढ़वाने लगे,शैल्फ में बहुत दिनों से बंद नई क्राकरी खनकाने लगे,आपकी जेब को अपनी बचत के नोटों से भर दे,जो आपको अपने बेटों से ज्यादा तवज्जो दे,आपकी हां में हां मिलाए,आपकी सारी घिसी पिटी बातों को ध्यान से सुनें,वह आपकी सास के अलावा और कौन हो सकता है?

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है। इसी भरोसे के चलते वो बहुत बार आपकी जब भी अपनी बीबी से तनातनी होती है,वो आप की तरफदारी करती है। अपनी बेटी से ज्यादा आपको सराहती है। आपको और क्या चाहिए? सास का होना ही ससुराल के आतिथ्य की गारंटी है,उसका होना भर आपके मन में अपने वीआईपी होने की गलतफहमी पैदा कर देता है, जो आप वाकई होते नहीं है। यदि आपके दामाद होने के पहले ही आपकी सास दुनिया छोड़ चुकी हो तो मेरे ख्याल से आप एक बदनसीब इंसान हैं, आप कभी जान ही नही पाएंगें कि सास का सुख क्या होता है,आप खुद को कभी खास महसूस ही नहीं कर सकेंगे। हमारे देश का पिलपिला से पिलपिला आम आदमी जब अपनी सास के सानिध्य में होता है तो खास बना रहता है। जहां तक खास होने की बात है तो यकीन मानिये आपका ये रुतबा सास के होने भर तक का है,उसके जाते ही आपकी ससुराली दुनिया उजड़ जाएगी और आप वहां अचानक अलफांसो से दशहरी आम हो सकते हैं। उसका जाना आपका डॉलर से रुपया हो जाना है। आपका शेयर मार्केट धड़ाम से मुंह के बल आ गिरता है और आप मुद्रास्फीति का मतलब समझने लगते हैं। हां यदि आप बहुत सी बहनों की सबसे छोटी बहन के पति हैं तो आपका यह सौभाग्य अक्षुण्ण रह सकता है। यह दुर्लभ संयोग है, जो आपको अतिरिक्त ममतामयी सासें दिलवा सकता है,वे भी बलिहारियां जाएंगी आप पर। आप अपनी पत्नी की बड़ी बहनों के घर में भी दामादों सी ठसक से तर माल उड़ा सकते हैं,पर ऐसा हो ही यह जरूरी नहीं,ससुराल की दुनिया में बस सास की ही शुद्धता की गारंटी है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

यदि आप कुंवारे हैं,आप की शादी की बात चल रही हो तो होने वाली सास से जरूर मिल लें। आपका ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि आपकी होने वाली बीबी पच्चीस -तीस साल बाद कैसी दिखेगी? कैसे बोलेगी बतियाएगी? कैसा व्यवहार करेगी,यह भावी सास से मिलकर आसानी से जाना जा सकता है।

मां के अलावा वो ही है,जो आपकी किसी छोटी सी उपलब्धि को भी वो समुद्र पर बना पुल मान लेती है। जब भी आपका थोड़ा बहुत नाम हो जाए तो आप पर गर्व होता है उसे। हर आने जाने वाले से वो आपकी चर्चा करती है और सच्चे मन से खुश हो जाती है। लिहाजा अपनी सास की इज्जत कीजिए। उसकी इज्जत करेगें तो उनकी बेटी आपकी इज्जत करेगी। वो आपकी इज्जत करेगी तो दुनिया आपकी इज्जत करेगी। सास का होना ही आपका इज्जतदार बने रहने के लिए काफी है। मेरा ख्याल है आप अपने लिए यही चाहते हैं।

# भारत-मालदीव संबंध: वर्तमान और भविष्य



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया।

भारत द्वारा कोरोना के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए 250 मिलियन यूएस डॉलर की दी गई,मदद हेतु संयुक्त राष्ट्र में धन्यवाद देते मालदीव के विदेश मंत्री के वक्तव्य को अभी तीन वर्ष भी नहीं हुए थे कि मालदीव के जनप्रतिनिधियों, विपक्ष और सरकार की मंशा में चीनी मिलावट होते दिखने लगी है।

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया। चीन के वन बेल्ट वन रोड योजना का भी खुलकर समर्थन करने वाले मालदीव में चीन की यह उपस्थिति सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है। न केवल हिंद महासागर,बल्कि भारत के निकटवर्ती राष्ट्रों में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिंता का कारण है। इसी बात को समझते हुए हमारे नीतिगत निर्णयों में शानदार प्रयास विगत वर्षों में होते दिखाई दिए हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही भारत और मालदीव के बीच वाणिज्यिक,सांस्कृतिक आर्थिक, संबंधों का दूसरा दौर शुरू होता है। भारत उन आरंभिक देशों में से एक है जिसने मालदीव के मुक्ति संघर्ष और स्वतंत्र मालदीव को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की। औपनिवेशिक शासन के अधीन रहे भारत और मालदीव दोनों के ही बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान संबंधों में प्रगाढ़ता आई। वर्ष 1974 में मालदीव के तत्कालीन प्रधानमंत्री अहमद जैकी की भारत यात्रा इस संदर्भ में प्रासंगिक है। इसी बैठक के बाद भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र को शांति क्षेत्र के रूप में स्वीकृत करते हुए इस क्षेत्र को बड़ी महा शक्तियों और सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखने का संकल्प लिया था। शिक्षा, मत्स्य पालन, वायु और समुद्री संचार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय सहयोग को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर दोनों पक्ष सहमत हुए। इसी क्रम में भारत द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु मालदीव के 19 एटोल में 19 विद्यालयों की स्थापना और मत्स्य के डिब्बाबंद उद्योग को बढ़ावा देने की समुचित व्यवस्था भारत द्वारा की गई।

80 के दशक के दौरान मालदीव की सत्ता पर आसीन मोमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिशों को निरस्त करने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' चलाया गया। इसके बाद के वर्षों में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। भारत की मालदीव के प्रति विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में आया। लगभग एक दशक के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी का मालदीव दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुआ। वर्ष 1995 के बाद इतने वर्षों के अंतराल के बाद अटल जी की यात्रा कई मायनों में वर्ष 2023 में महत्वपूर्ण रही। हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मालदीव में, "इंडिया फर्स्ट" की नीति अपनाने वाले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराकर,निर्वाचित नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और जेल से छूटकर आए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने उन सभी सकारात्मक पहलों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है,जो इतने वर्षों तक मालदीव के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक,पर्यावरणीय विकास के लिए भारत द्वारा की गई हैं। हालांकि भारत के लिए यह ऐसा पहला अनुभव नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2008 के चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और वर्ष 2013 चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भी चीन के प्रति झुकाव को प्राथमिकता देते थे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न विकास प्रोजेक्ट से लेकर कैंसर हॉस्पिटल निर्माण तक भारत ने एक अच्छे पड़ोसी और समावेशी विकास की नीति के चलते मालदीव को हर संभव मदद की है। बंदरगाहों के निर्माण से लेकर, मजबूत कनेक्टिविटी तक, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्र के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान हालातों में केवल मालदीव का विरोध नहीं,बल्कि सार्थक चर्चाओं और कूटनीति के आधार पर इसका समाधान होना चाहिए। लक्षद्वीप के विकास में पर्यटन,इस मॉडल को मालदीव के मॉडल से भलीभांति अध्ययन कर, वहां से काफी कुछ सीखा जा सकता है। भावावेश में विरोध की राजनीति के इतर हमें बातचीत द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से मालदीव से खराब रिश्ते किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किए जा सकते।

## सोशल फोरम

# आसान है अच्छा इंसान बनना



हफीज किदवई
लेखक

जिंदगी में सब कुछ हुआ मेरी, मगर मैं कभी कुंठित नहीं हुआ। कुंठा और मेरा, वैसा ही साथ रहा जैसे ओस और धूप। मुझे लगता है कि अगर मुझमें कुंठा जन्मी,तो हम खत्म हो गए। नाराजगी में तो बात की गुंजाइश रहती है, कुंठा में बात की गुंजाइश को ही तो घुन लग जाता है।

सैकड़ों बातें मेरे मन की नहीं होती। मेरे बहुत करीबी लोग,बहुत बार मेरे ठीक उल्टा सोचते हैं। तो क्या करें,उन्हें उलट-पुलट करके अपने जैसा ही बना दें या कहिए उनसे मन में गंदगी पाल लें। हमसे यह दोनों नहीं होता,सबसे बड़ी बात न मक्कारी होती है और न ही हम कुंठित होते हैं।

एक बात जान लें,दुनिया की बड़ी से बड़ी लड़ाई, कुंठा से नहीं लड़ी जा सकती है। कुंठित व्यक्ति हमेशा अपने पक्ष की दीमक ही बनता है। हमें न लोगों से चिढ़ है और न ही उनके बदलते रवैय्ये से कोई कुंठा। एक बात और मेरा अगर कोई दुश्मन भी है तो हम यह कतई नहीं चाहेंगे कि सब उससे लड़ने लगे। मेरा दुश्मन मेरा दुश्मन है। हमें उससे लड़ना है, न कि उसे अकेला करने का कुंठित प्रयास करना है।

हमसे बहुत गलतियां होती हैं। लोगों को समझने में गलती करते हैं,मगर कभी इस बात पर कुंठित नहीं होते। सब मेरे ख्याल के नहीं हो सकते और न ही हम सबके ख्याल के हो सकते हैं। एक अंतिम बात, हमने जिंदगी में इतना एहतियात हमेशा बरता है कि दुश्मन से लड़ते लड़ते,दुश्मन जैसे न बन जाए।

बाकी आपका जो जी चाहे, वह समझें। हमें जो पसंद है,वह किसी का भी दुश्मन हो,मेरा नहीं होगा। मैं उसके खिलाफ हो सकता हूं,मगर उसके प्रति कुंठित नहीं होऊंगा। हमें यह व्यवहार ही सबसे बुरा लगता है कि जो हमारा सगा नहीं,वह दुनिया का सगा नहीं। दुनिया बहुत बड़ी है, लोग बहुत खूबसूरत हैं। जमाना अच्छे लोगों से खाली नहीं है। हो सकता है अच्छा दोस्त,अच्छा इंसान मिलना बहुत मुश्किल हो,मगर अच्छा दोस्त या अच्छा इंसान बनना तो बहुत आसान है। इसकी पहली शर्त है कुंठा छोड़ दो...

-फेसबुक वॉल से

# राम का विवेक



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

अयोध्या कांड को पूरी कथा का मर्म कहा गया है। उसका एक कारण यह है कि पूरी कथा संरचना में यहां पर एक बहुत ही रोचक मोड़ आता है और दूसरा यह है कि समाज में संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से संप्रेषित होता है,पर यहां पर अधिकांश संदेश राम और भरत ही देते हैं। चित्रकूट प्रसंग जो उदात्तता की चरम सीमा को दर्शाता है उसमें किसी महिला पात्र का कोई विशेष योगदान नहीं दिखता है। पूरे संवाद रचना में प्रमुख रूप से राम, भरत, लक्ष्मण,निषादराज,वशिष्ठ ही दिखते हैं। कैकेयी का पश्चाताप तो है,पर वह मुखर नहीं होता। कई बार लगता है,यह सायास है। कैकेयी का पश्चाताप इतना घोर है कि वह अभिव्यंजित नहीं हो सकता शब्दों से। कैकेयी का मौन संभवतः भरत की तीव्र प्रतिक्रिया के कारण आया। वरदान देने के बाद पति विमुख पहले ही चुके थे,राम के शोक में प्राण त्याग दिए,पुत्र ने त्याग दिया- पश्चाताप मात्र मौन से ही हो सकता था जितनी आक्रामक कैकेयी दशरथ के साथ वचन लेते समय होती हैं,उसकी तुलना में पश्चाताप पर उनकी मौन अभिव्यक्ति है। किसी भी महिला पात्र की भूमिका पूरे प्रसंग में कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय नहीं है।

राम के चरित्र निर्माण पर गोस्वामी जी ने विशेष ध्यान दिया है। इंद्र पुत्र जयंत के दुस्साहस पर राम ने सीता के सम्मान को ध्यान में रखते हुए उस पर प्रत्यंचा का प्रयोग किया। उसने सीता के चरणों में एक कौए का वेश धरकर आक्रमण किया। सीता के पैर से हुए रक्तस्त्राव पर राम इतने कुपित हुए कि राम के बाण ने उसका पीछा तीनों लोक में किया और अंत में उसके द्वारा क्षमा मांगने पर भी उसको एक नेत्र से हीन कर दिया,पर जब सूपनखा ने सीता पर आक्रमण का प्रयास किया तब राम का रोष लक्ष्मण के माध्यम से निकला।

राम के चरित्र में स्त्री पर हमले का अंश नहीं था। वह स्त्री का बहुत सम्मान करते थे। चाहे वह राक्षसी ही क्यों न हो?

वह परशुराम के क्रोध पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण के रोष को नियंत्रित करते हैं। राम महिलाओं , ज्ञानियों एवं मुनियों पर न तो वचन से और न ही पौरुष से कोई आक्रमण करने में विश्वास रखते हैं। लक्ष्मण प्रायः अपने आप पर से नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनके संवादों से उनके अहम का भी अहसास होता है। वह अकसर यह कहते हुए दिखते हैं कि अगर प्रभु की आज्ञा हो तो वह कुछ भी कर सकते हैं,पर राम ऐसा कहते हुए कभी नहीं दिखते। राम में नम्रता का अपार सागर है। वह सिंधु राज पर भी क्रोध करने के पूर्व उससे विनती करते हैं।

'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।।' यह पंक्ति राम की नम्रता के बारे बहुत सुंदर अभिव्यक्ति देती है। वह कोप करने के पहले भी तीन दिन तक विनय करते हैं। उनका रोष अकारण हो ही नहीं सकत,पर जब सिंधुराज प्रकट होकर क्षमा याचना करते हैं तो राम उसे स्वीकार करते हैं। राम का विवेक अयोध्याकांड से लेकर लंका कांड तक पूरी घटनाक्रम को संचालित करता है। वह किसी भी अवसर पर अधीर नहीं होते। राम के पराक्रम का ही नहीं उनके वंदनीय विवेक का युग भी सघन जंगलों में गतिशील है।

# समृद्धि की वाहक शिक्षित नारी



शालिनी मिश्रा
बरेली

नारी शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है,क्योंकि एक समर्पित, ज्ञानवान और आत्मनिर्भर महिला समाज की स्थिति को सुदृढ़ करती है। नारी शिक्षा का महत्व इसलिए भी बहुत है,क्योंकि यह महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वतंत्रता का एहसास दिलाती है। संस्कृत में कहा गया है "नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समो गुरुः" अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है।

बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पहली अध्यापक होती है। बालक का प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थाई आधार बन जाता है। समाज में बाल अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। यदि मां शिक्षित नहीं होगी तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा। पुरुष और स्त्री इस समाज के एक सिक्के के दो पहलु हैं तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरुष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देश के हित के लिए आवश्यक है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच इस समाज के विकास का रोड़ा बन सकती है। आज के इस युग में स्त्री पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर एक क्षेत्र में नारी आज कुशल है,वह घर की देखभाल के साथ-साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग है। भारत में महिला साक्षरता की अहम जरूरत है।

महिलाओं के शिक्षित हुए बिना हम देश के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। परिवार, समाज और देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के लोकतंत्र को सफल बनाने का एकमात्र रास्ता यही है कि महिलाओं तथा पुरुषों को शिक्षा हासिल करने के लिए बराबरी का हक दिया जाए। शिक्षित महिलाएं ही देश,समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

# सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें

## जिला अदालत ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करेंगे

**ज्ञानवापी मामला**



**वाराणसी, एजेंसी।** जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला अदालत के न्यायाधीश एके विश्वेश ने अपने आदेश में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाए। मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान न्यायाधीश के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे, उसे सार्वजनिक न किया जाए। इस पर जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक न करने का हलफनामा अदालत में जमा करा कर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें। वहीं, अधिवक्ता यादव ने बताया कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने सिविल न्यायाधीश सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) प्रशांत सिंह की अदालत में ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की। जिसके बाद जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। अदालत के आदेश में कहा गया है कि अन्य लंबित आवेदन पर छह फरवरी को सुनवाई की जाएगी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि चूंकि आदेश की प्रति देर शाम आई, इसलिए सभी पक्ष प्रार्थना पत्र जमा करने के बाद बृहस्पतिवार को आदेश की प्रति प्राप्त करेंगे। इंतेजामिया कमेटी के वकील मोहम्मद तौहीद ने भी कहा कि वे बृहस्पतिवार को प्रार्थना पत्र जमा करके आदेश की प्रति हासिल करेंगे। यादव ने कहा कि जहां विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के वकील अपने मुवक्किल के लिए आदेश की प्रति हासिल करेंगे, वहीं जिलाधिकारी वाराणसी और राज्य के प्रमुख सचिव गृह के लिए सरकारी वकील आदेश की प्रति हासिल करेंगे और उन्हें उपलब्ध कराएंगे। जिला अदालत के पिछले साल 21 जुलाई के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं। यादव ने कहा कि एएसआई ने अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट न्यायमूर्ति प्रशांत सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रस्तुत की जिसके बाद मामला जिला न्यायाधीश की अदालत में आया, जिन्होंने पक्षों को रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया। बुधवार को मुस्लिम पक्ष ने जिला अदालत में अनुरोध किया कि सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों के पास होनी चाहिए और इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। इस पर अदालत ने कहा कि उस रिपोर्ट को हासिल करते समय पक्षकारों को रिपोर्ट अपने पास रखने और उसे सार्वजनिक नहीं करने का हलफनामा देना होगा। हिंदू याचिकाकर्ताओं के यह दावा करने के बाद कि 17वीं सदी की मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद मंदिर के ऊपर किया गया था, अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था। एएसआई ने 18 दिसंबर को सीलबंद लिफाफे में अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट जिला अदालत को सौंपी थी। एएसआई ने 3 जनवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 19 दिसंबर के फैसले का हवाला देते हुए अदालत से अपनी ज्ञानवापी परिसर सर्वेक्षण रिपोर्ट को कम से कम चार सप्ताह तक सार्वजनिक नहीं करने का आग्रह किया था।

**एक नजर**

### नीलगाय से टकराए बाइक सवार दंपति, पत्नी की मौत

**खागा-फतेहपुर।** गाजीपुर निवासी रामदत्त विश्वकर्मा अपनी पत्नी रूप रानी के साथ बुधवार को एक अंतिम संस्कार में शामिल होने धाता थाना क्षेत्र के घोषी गांव जाने के लिए निकले थे। जैसे ही बाइक सवार दंपती कुल्ली गांव के पास पहुंचे तभी नीलगाय से टकरा गए। बाइक से गिरकर दंपती घायल हो गए। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खखरेरू पहुंचाया, जहां डाक्टर ने रूप रानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामदत्त को जिला अस्पताल रेफर किया। जिला अस्पताल में डाक्टर ने उसकी नाजुक हालत देख तत्काल कानपुर रेफर किया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा है।

### ढाई मीटर जमीन के थ्रीडी प्रकाशन की रुकी कार्रवाई

**औंग-फतेहपुर।** नेशनल हाईवे के सिक्स लेन निर्माण में एक बार अधिग्रहण हो जाने के बाद कस्बा औंग में भाग-दो के तहत 31 जुलाई 2023 को दोबारा ढाई मीटर भूमि अधिग्रहण के लिए भारत सरकार का राजपत्र जारी हुआ था। इसके बाद तीन माह बाद थ्रीडी प्रकाशन होता है जो अभी तक नहीं हुआ। जबकि इस भूमि पर खड़े मकान व दुकानों का मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है। जमीन अभी खाली नहीं कराई गई है। तहसील बिंदकी के लिए पहले की गई गलतियों के कारण जमीन खाली करना परेशानी का सबब बनी है। अभी नेशनल हाईवे को पेयजल पाइपलाइन के लिए भूमि तथा फुटपाथ को चौड़ा करने के लिए करीब तीन मीटर भूमि की आवश्यकता है।

### राजस्व निरीक्षक सहयोगी सहित रिश्वत लेते गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर में कार्यरत राजस्व निरीक्षक और उसके साथी को कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम ने 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने राजस्व निरीक्षक व उसके साथी के विरुद्ध थाना मऊ दरवाजा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जहानगंज के गांव मुरस जैतपुर निवासी अमर सिंह कुशवाहा पुत्र मेघनाथ अपने खेत की पैमाइश कराने के लिए राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) विवेक तिवारी के काफी दिन के चक्कर लगा रहा था। विवेक तिवारी उनसे लगातार 10 हजार की मांग कर रहा था। किसान ने परेशान होकर एंटी करप्शन कानपुर में शिकायत दर्ज कराई। आज यहां आए एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने अमर सिंह को रुपए देने को कहा। अमर सिंह ने जैसे ही रुपए दिए वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने कानून गो विवेक तिवारी और उनके सहयोगी उमाशंकर को गिरफ्तार कर लिया।

### आज से शुरु होगा मेला राम नगरिया

**फर्रुखाबाद।** माघ के पवित्र महीने में पांचाल घाट गंगा तट पर कल्पवास के लिए साधु संत व कल्पवासियों ने तंबुओं का शहर बस चुका है। गंगा तट पर एक माह के लिए कल्पवास के लिए इटावा, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आदि कई जिलों से लोग कल्पवास करने के लिए आ चुके है। गुरुवार को मेले का उद्घाटन डीएम संजय कुमार सिंह करेंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज-गोण्डा
## पताः- गाड़ी बाजार पश्चिमी

पत्रांक- 1307/न0पा0परि0कर्न0/2023-24 दिनांक: 24.01.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा को राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से प्राप्त धनराशि की संस्तुतियों के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं:-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | गोण्डा | मो0-सकरौरा पूर्वी वार्ड नं0 16 में बाबा पेठा के दुकान से मो0 प्लाट तक तक नाला निर्माण का कार्य। | 16.13 | 32,260.00 | 2,124.00 | दो माह |
| 02 | गोण्डा | मो0-सकरौरा वार्ड नं0 21 में अकबाल पुलिया से वी0के0 श्रीवास्तव के प्लाट तक नाला निर्माण का कार्य। | 10.13 | 20,260.00 | 1,416.00 | दो माह |
| 03 | गोण्डा | मो0-भैरवनाथ पुरम् में भोला सोनी के दुकान से भैरवनाथ मन्दिर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 16.69 | 33,380.00 | 2,124.00 | दो माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 27.01.2024, 2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समयः- 07.02.2024 को सायं 05.00 बजे तक। 3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 08.02.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे। 4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट /शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट **http//etender.up.nic.in** पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

## कार्याल नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज-गोण्डा
## पताः- गाड़ी बाजार पश्चिमी

पत्रांक- 1308/न0पा0परि0कर्न0/2023-24 दिनांक: 24.01.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा को अन्त्येष्टि स्थल योजना/राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से प्राप्त धनराशि की संस्तुतियों के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं:-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | गोण्डा | नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा द्वारा सरयू घाट पर अन्त्येष्टि स्थल निर्माण/ सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 42.62 | 85,240.00 | 5,192.00 | दो माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: 27.01.2024। 2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः- 07.02.2024 को सायं 05.00 बजे तक। 4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 08.02.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे। निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट **http//etender.up.nic.in** पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

# धारदार हथियार से हमला कर किसान को मार डाला

संवाददाता बसरेहर, इटावा



लियाकत हुसैन।

- प्लाट के बाहर रखी झोपड़ी में मिला शव
- सबसे पहले बेटी ने देखा, फॉरेंसिक टीम ने की जांच

**अमृत विचार।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत मुगलपुरा गांव के रहने वाले एक किसान की सिर पर धारदार हथियार के प्रहार से हत्या कर दी गई। हत्या किस कारण से हुई है इसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।

मुगलपुरा गांव के रहने वाले लियाकत हुसैन उर्फ दुर्रे हुसैन (58) गांव से बाहर 100 मीटर की दूरी पर चौपला समथर मार्ग पर अपना मकान बनवा रहे थे। लेंटर की तैयारी थी, लेंटर को डलवाने के लिए मौरंग सीमेंट सरिया आदि सामान पड़ा हुआ था। रात्रि में वह प्लॉट के बाहर रखी झोपड़ी में सोते थे। बीती रात्रि वह प्लाट के बाहर रखी झोपड़ी में सोने के लिए घर से रात्रि में आए। रात्रि के दौरान उनकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी। हत्या करने के बाद मौके से हत्यारे फरार हो गये।

झोपड़ी में अंदर पूरा शरीर खून से लथपथ अवस्था में चारपाई पर पड़ा हुआ था। सुबह जब वह घर पर चाय पीने नहीं पहुंचे तो मृतक की बेटी निशा प्लाट पर गई। पिता को देखकर दंग रह गई। चिल्लाकर गांव में दौड़ी। घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी थाना चौबिया पुलिस को दी गई। मौके पर थाना अध्यक्ष चौबिया मंसूर अहमद मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू करदी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सैफई सैफई नागेंद्र चौबे भी फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे।

उन्होंने घटना की गहनता से जांच पड़ताल शुरू की। मौके पर डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया। मृतक की पत्नी मीना बेगम की तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा

पत्रांक: 1306/न0पा0परि0कर्न0/2023-24 दिनांक: 24.01.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि की प्राप्त धनराशि से कार्यालय नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा के पंजीकृत ठेकेदारों से उनके पंजीकरण सीमान्तर्गत दिनांक 08.02.2024 प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 04 बजे ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2024 को समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा में किया जायेगा। यदि उपरोक्त दिवस में कोई अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस को समस्त कार्यवाही सम्पन्न होगी। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद कर्नलगंज से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य + 18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो0-सकरौरा वार्ड नं0 03 में शिवानन्द के मकान से अब्दुल हाई के मकान तक सी0सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 6.96 | 13,920.00 | 944.00 | दो माह |
| 2 | मो0-सकरौरा वार्ड नं0 03 में राजदीप सोनी के दुकान से सिंहानिया के प्लाट तक तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 5.32 | 10,640.00 | 826.00 | ,, |
| 3 | मो0-कुम्हरगढ़ी वार्ड नं0 04 में प्राथमिक विद्यालय के छत, इण्टर लॉकिंग व टाईल्स मरम्मत कार्य। | 6.13 | 12,260.00 | 944.00 | ,, |
| 4 | मो0-अम्बेडकर नगर वार्ड नं0 05 में प्राथमिक विद्यालय पिपरी के प्लास्ट, छत, बाउण्ड्रीवाल ग्रिल के साथ मरम्मत कार्य। | 4.89 | 9,780.00 | 590.00 | ,, |
| 5 | मो0- गांधी नगर वार्ड नं0 12 में केदार के दुकान से दर्शन क्लीनिक तक तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 9.80 | 19,600.00 | 1,298.00 | ,, |
| 6 | मो0- गांधी नगर वार्ड नं0 12 में दर्शन क्लीनिक से गनेशी मशीनरी के दुकान तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 2.49 | 4,980.00 | 472.00 | ,, |
| 7 | मो0- गांधी नगर वार्ड नं0 12 में मंगल सोनी के मकान से बब्लू के मकान तक तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 2.38 | 4,760.00 | 472.00 | ,, |
| 8 | मो0-बालकराम पुरवा वार्ड नं0 13 में प्राथमिक विद्यालय में सी0डब्लू0एस0एन0 शौचालय निर्माण का कार्य। | 1.47 | 2,940.00 | 354.00 | ,, |
| 9 | मो0-बालूगंज वार्ड नं0 13 में प्राथमिक विद्यालय में सी0डब्लू0एस0एन0 शौचालय निर्माण का कार्य। | 1.47 | 2,940.00 | 354.00 | दो माह |
| 10 | मो0-बालूगंज वार्ड नं0 13 में बी0आर0सी0 सेंटर में सी0 सी0 इण्टर रोड निर्माण का कार्य। | 8.91 | 17,820.00 | 1180.00 | ,, |
| 11 | मो0-सकरौर वार्ड नं0 14 में खेलावन के मकान से रमेश के मकान तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 3.35 | 6,700.00 | 590.00 | ,, |
| 12 | मो0- गाड़ी बाजार वार्ड नं0 18 में नगर पालिका कैम्पस से संजय श्रीवास्ता के मकान से नाली निर्माण का कार्य। | 1.09 | 437.00 | 354.00 | ,, |
| 13 | मो0-सकरौरा वार्ड नं0 24 में जमील के मकान से इब्राहीम के प्लाट तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 3.10 | 6,200.00 | 590.00 | ,, |
| 14 | मो0- भैरवनाथ पुरवा वार्ड नं0 25 में राम किशोर किराना के दुकान से परितोष गुप्ता के मकान तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 6.34 | 12,680.00 | 944.00 | ,, |
| 15 | मो0-भैरवनाथ पुरवा वार्ड नं0 25 में भोला सोनी के मकान से साहू गेस्ट हाउस तक नाला निर्माण का कार्य। | 3.24 | 6,480.00 | 590.00 | ,, |
| 16 | मो0-भैरवनाथ पुरवा वार्ड नं0 25 में महेश चौबे के मकान से सागर के मकान तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 3.21 | 6,420.00 | 590.00 | ,, |
| 17 | मो0- भैरवनाथ पुरवा वार्ड नं0 25 में भैरवनाथ मन्दिर से किराना के दुकान तक सी0 सी0 इण्टर रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 2.39 | 4,780.00 | 472.00 | ,, |
| 18 | नगर पालिका परिषद कर्नलगंज क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली व चबूतरा का निर्माण / मरम्मत का कार्य। | 0.78 | 1,560.00 | 236.00 | ,, |
| 19 | मो0-सदर बाजार, वार्ड नं0-15 में लखनऊ मार्ग पर नगर कोतवाली रोड से परसपुर मार्ग मोड़ तक एवं मो0-गौर्य नगर, वार्ड नं0-11 परसपुर मोड़ से ठाकुर बस्ती मोड़ तक वितरण प्रणाली हेतु पाइप लाईन विस्तार का कार्य। | 6.24 | 12,480.00 | 944.00 | ,, |
| 20 | नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में ई0ओ0 आवास परिसर स्थित शिरोपरि जलाशय के स्लूस वाल्ब को बदलने के कार्य का प्राक्कलन। | 0.89 | 1,780.00 | 236.00 | ,, |

**नियम शर्ते :-**

1- निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि के रूप में एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धरोहर धनराशि के रूप में एन0पस हो अथवा नकद जमा करना होगा।

2- ठेकेदार को निविदा क्क परिषद सर्नलगंज गोण्डा के पलगते हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।

3-ठेकेदार को आयकर, जी0एस0टी0 नम्बर निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

4-निर्माण कार्य का भुगतान धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही किया जायेगा।

**(ब) वित्तीय शर्ते-**

1- 15 प्रतिशत से अधिक निविदा को स्वतः निरस्त मान लिया जायेगा। 2- 15 प्रतिशत तक की निम्न हिसाबको के लिये अतिरिक्त जमानत धनराशि ली जायेगी।

3- 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा पर 1.00 प्रतिशत की दर से जमानत /परफार्मेस गारण्टी ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कर्नलगंज,**
**गोण्डा।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कर्नलगंज,**
**गोण्डा।**

## एक नजर

### आईपीएस अभिषेक गोयल बने ईडी के विशेष निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईपीएस अभिषेक गोयल प्रवर्तन निदेशालय में विशेष निदेशक नियुक्त किये गये हैं। वह कर्नाटक कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। दूसरी ओर आईपीएस हिमांशु कुमार को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में तैनात किया गया है। वह अभी तक 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद (पुलिस अधीक्षक विशेष ड्यूटी एसआईटी मणिपुर) में कार्यरत थे।

### यूरिया बिक्री में गड़बड़ी आठ डीलरों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिसंबर में टॉप-20 योजना के तहत यूरिया में गड़बड़ी की गई। जांच की गई तो आठ डीलरों द्वारा मानक से अधिक बिक्री करना पाया गया। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने संबंधित डीलरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। टॉप-20 योजना के तहत फसलों की अधिक पैदावार करने वाले किसानों को वरीयता देकर उर्वरक की बिक्री की जाती है। इसमें एक किसान खसरा-खतौनी पर 50 बोरी तक उर्वरक खरीद सकते हैं। लेकिन, इस योजना का डीलर फायदा उठाकर मालामाल हो रहे हैं। जो एक किसान के नाम पर दूसरों को अधिक बेचते हैं। कई ऐसे मामले पकड़े गए हैं। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने दिसंबर में आठ डीलरों को चिह्नित किया। जिन्होंने मानक से अधिक यूरिया बेची है। डीलरों ने किसानों को बिक्री करने का हवाला दिया है। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने नोटिस जारी कर अभिलेख मांगे हैं। जो न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

### रालोद ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्हें भारत रत्न दिए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी समेत तमाम पदाधिकारियों ने ने माल्यार्पण कर कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी।

# समितियों में 767 .78 अरब का गबन दबाए है विभाग

## 2010 के पहले से हो रही खरीद-बिक्री और ऋण वितरण में धांधली, ऑडिट में पकड़ा गोलमाल

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

**▸▸ गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के 38,292 मामले वसूली नहीं कर पाए विभाग**

**अमृत विचार :** सहकारिता अनुभाग में 767.78 अरब रुपये का गोलमाल दबा है। इसमें 2010 के पहले से गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के कुल 38,292 मामले (प्रस्तर) हैं। जिन्हें सहकारी समितियां एवं पंचायत (लेखा परीक्षा) ने पिछले वर्ष तक सहकारी समितियां, दुग्ध डेयरी, गन्ना व चीनी मिलें, आवास समितियां, ग्रामीण आवास, मत्स्य समितियां व उद्योग बुनकर की कुल 17,419 समितियों के ऑडिट में पकड़े हैं। मनमानी इस कदर है कि हर वर्ष मिले करोड़ों के गबन की संबंधित विभाग वसूली नहीं कर पाए हैं और यह मामले ऑडिट की फाइलों तक सीमित हैं। इन समितियों में मुख्य रूप से व्यवसाय के नाम पर खरीद-बिक्री और किसानों को ऋण वितरण में जमकर धांधली हुई है। ऑडिट में पुष्टि होने के बाद कार्रवाई न होना बड़ा सवाल है।

**पंचायतों में भी 421.91 अरब वसूलना बाकी**

ग्राम पंचायतें भी विकास के नाम पर धांधली करने में पीछे नहीं हैं। 2012 से अब तक अरबों रुपये का गबन ऑडिट में पकड़ा गया है और वसूली भी विभाग ने की है। फिर भी 41588 प्रस्तर में 421.91 अरब रुपये पंचायती राज विभाग को वसूलना बाकी है। यहां त्वरित कार्रवाई न होकर प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद होती है। इस कारण वसूली नहीं हो पाती है।

### ऑडिट में आनाकानी, नहीं देते अभिलेख

अभिलेख न मिलने के कारण समितियों का 100 प्रतिशत ऑडिट करना लेखा परीक्षा विभाग के लिए मुश्किल रहता है और आनाकानी के कारण यह प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें गन्ना समितियों की स्थिति ज्यादा खराब बताई जाती है। इन्हीं अव्यवस्थाओं के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिर्फ 4403 समितियों का ऑडिट हो पाया है।

### 1954 की ज्यादातर समितियां कर्ज में डूबकर हो गईं बंद

इनमें कई समितियां 1954 के आसपास की हैं। कई बंद हो चुकी हैं तो अधिकांश के अभिलेख नहीं हैं। वहीं, धांधली के कारण सैकड़ों समितियां कर्ज में डूबकर बंद हो गई हैं तो बहुत सी कर्जदार हैं। कार्रवाई के लिए समितियों में गबन के मामले पटल पर रखने का प्रावधान नहीं है। इसलिए वसूली करना मुश्किल है। ऐसे में ऑडिट का भी कोई महत्व नहीं है।



गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान विधानभवन के सामने से गुजरता भारतीय सेना का टैंक, इस क्षण को अपने मोबाइल में कैद करने को लेकर दर्शकों में दिखा उत्साह। अमृत विचार

# सरकारी अस्पतालों में एक ही दिन में पूरा इलाज

## पैथोलॉजी में दो बजे तक लिए जाएंगे सैंपल, रिपोर्ट भी मिलेगी, सभी अस्पताल प्रभारियों को आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को दिक्कतें नहीं आएंगी। एक ही इलाज के लिए मरीजों को कई दिन अस्पताल में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पतालों में ओपीडी टाइम दो बजे तक पैथोलॉजी में सैंपल लिए जाएंगे और यथा संभव रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि ओपीडी में आने वाले मरीजों को एक ही दिन में पूरा इलाज उपलब्ध हो सके। इस संबन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने सभी अस्पताल के प्रभारियों को आदेश जारी किये हैं।



स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी में 12 बजे तक ही खून के सैंपल लिए जाते हैं, जिसकी वजह से दो बजे तक ओपीडी में उपचारित मरीजों को अगले दिन सैंपल देने और उसके अगले दिन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आना पड़ता है, जिसकी वजह से संपूर्ण इलाज प्राप्त करने में तीन दिन व्यतीत हो जाते हैं। मरीजों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर अस्पताल की पैथोलॉजी में दो बजे तक सैंपल लेने के साथ ही एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाए और यथासंभव जांचों की रिपोर्ट भी उसी दिन दी जाए। शासन के निर्देश को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अस्पताल के प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

### पोस्टमार्टम में लापरवाही बरतने वाले दो डॉक्टर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदायूं में पोस्टमार्टम के बाद शव की आंखें गायब होने के मामले में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बाद पोस्टमार्टम करने वाले दोनों डॉक्टर भी निलंबित कर दिए गए हैं। साथ ही दोनों डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बुधवार को दोनों डॉक्टरों को निलंबित कर अपर निदेशक कार्यालय बरेली से संबद्ध कर दिया गया है।

मामला 10 नवम्बर, 2023 का है। बदायूं के थाना अलापुर के कुतरई गांव निवासी पूजा की ससुराल वालों ने दहेज न मिलने पर हत्या कर दी थी। पिता गंगाचरण ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। डॉ. मोहम्मद उबेश एवं डॉ. मोहम्मद आरिफ हुसैन की संयुक्त टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों ने शव का बैग खोला तो पूजा की दोनों आंखें गायब थीं। जिसके बाद परिवारीजनों ने पोस्टमार्टम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से संबन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वाष्णेय को निलंबित कर स्वास्थ्य महानिदेशालय में सम्बद्ध किया कर दिया था। मामले की जांच के निर्देश दिए थे, जांच रिपोर्ट में लापरवाही उजागर होने पर उन्होंने दोनों डॉक्टरों को निलम्बित करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिये हैं।

### धमकी देने वाले डॉक्टर के खिलाफ अभियोजन की संस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्पताल में कर्मियों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देने वाले महोबा में खरेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के आरोपी डॉ. राजेश कुमार वर्मा के खिलाफ अभियोजन चलाया जाएगा। यह स्वीकृति उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को दी है। डॉ. राजेश पर जैतपुर सीएचसी में तैनाती के दौरान कई असंवैधानिक कृत्यों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। साथ ही सहकर्मी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन पर दुर्व्यवहार किया एवं धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित कार्मिक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जांच हुई। विभाग की जांच में सभी आरोप सही पाये गये।

# गांवों में बिजली आपूर्ति में पशिमांचल निगम फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ केंद्र सरकार की अध्ययन रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

**अमृत विचार :** गांवों में बिजली आपूर्ति के मामले में पशिमांचल विद्युत वितरण निगम पूरे देश में फिसड्डी साबित हुआ है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) की ओर से जारी अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 30 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ही केवल 80 प्रतिशत उपभोक्ता हैं। आरईसी ने वर्ष 2022-23 में ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति के घंटों का अध्ययन किया, जिसमें पश्चिमांचल विद्युत वितरण कंपनी देश की सबसे कम बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी पाई गई है। मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 17.61 घंटे, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 18.57 घंटे, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 19.11 घंटे व प्रदेश की निजी घराने की नोएडा पावर कंपनी 19.16 घंटे ही बिजली आपूर्ति कर पाई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरईसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सबसे ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम बिजली आपूर्ति करने वाली गुजरात बिजली कंपनी है। इस कंपनी के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में 23.92 घंटे बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया गया है, वहीं देश में 19 बिजली कंपनियां औसत से नीचे व 35 बिजली कंपनियां औसत बिजली आपूर्ति से ऊपर रहीं।

# सांस्कृतिक व आर्थिक प्रगति में यूपी की अग्रणी भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ उप्र. दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिली बधाई, योगी ने जताया आभार**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को एक्स के माध्यम से बधाई दी। राष्ट्रपति लिखा कि उप्र. दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश में सबसे अधिक आबादी वाला यह राज्य भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि, उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. निरंतर प्रगति और प्रतिष्ठा के पथ पर अग्रसर है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र. में रामराज्य की स्थापना की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### लोक नृत्य और प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ :** राजधानी के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित उप्र. दिवस कार्यक्रम में एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही बुंदेलखंड, अवध, पूर्वांचल एवं ब्रज क्षेत्र के कलाकारों ने राम पर लोक गायन प्रस्तुत किया। इसके अलावा श्रीरामोत्सव-2024 के अंतर्गत भक्ति संगीत भी आयोजित हुआ। यहां शिल्प मेला एवं विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### सवा लाख जोड़ों ने सामूहिक विवाह के लिए किया आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश के 75 जिलों से 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है। अभी तक 51 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अक्टूबर में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिलों में शिविर भी लगाए गए थे। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह समारोह शुरू हो गए थे। इस बार प्रदेश में एक लाख से अधिक सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया था। अभी तक 51 हजार ऑनलाइन और ऑफलाइन विवाह कराए जा चुके हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फरवरी तक विवाह कराए जाएंगे।

# कांशीराम को भी मिले भारत रत्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**▸▸ मायावती ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का किया स्वागत**

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी संस्थापक रहे कांशीराम को भी भारत रत्न दिया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष कर उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत है। उन्होंने देश के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए उनके परिवार व सभी अनुयाइयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# अस्पतालों में ठंड से बचाव के हों इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और संस्थानों में मरीज और तीमारदारों को शीतलहर से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों के लिए वार्डों में ब्लोवर और हीटर लगाये जाएं। यदि मरीज ठंड की शिकायत कर रहे हैं तो उन्हें मांग के हिसाब से कंबल उपलब्ध कराएं। इसी तरह रैन बसेरे में तीमारदारों के लिए गद्दे और कंबल का इंतजाम करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तीमारदारों को ठंड से बचाने के लिये परिसर में अलाव का इंतजाम करें। रैन बसेरा, ओपीडी ओर इमजरेंसी के आसपास अलावा जलवाये जाएं। ताकि रात में तीमारदार, एम्बुलेंस ड्राइवर आदि राहत की सांस ले सकें। अस्पतालों में दूरदराज से तीमारदार आते हैं। इनके ठहरने के बेहतर इंतजाम किये जाएं। ठंड से बचाने के लिए कंबल और गद्दे की पर्याप्त व्यवस्था की जाये।

### अधिकारी नियमित राउंड लें : ब्रजेश पाठक



ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पताल के अधिकारी, प्रिंसिपल व अन्य अधिकारी सुबह शाम राउंड लें। कंबल, गद्दे और अलाव देखें। यदि किसी वार्ड में खिड़की दरवाजे टूटे हैं तो उसे तुरंत दुरुस्त करायें।

## वर्ग पहेली-323

**बाएं से दाएं**

1. 1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।
4. 1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।
6. 1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।
7. 1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री
8. 1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

**ऊपर से नीचे**

2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।
3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बाँस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।
4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली, एक गर्भनिरोधक उपकरण।
5. मोटी तह
7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



### वर्ग पहेली - 322 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | | | 2 मू | 3 स | ली |
| हु | | 4 घ | | ज | |
| रा | | ह | | वा | |
| | 5 नि | र | ख | ना | |
| 6 काँ | ख | ना | | | 7 के |
| | र | | 8 लं | ब | क |
| | ना | | | | ड़ा |

## सुडोकू-40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | |
| 4 | | 3 | | 6 | 1 | | 8 | |
| 5 | | 7 | 8 | 2 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | 5 | | 3 | | 8 | | 7 | |
| | 8 | | 4 | | | 5 | | |
| 8 | | | | 5 | 2 | 1 | | 3 |
| | 6 | | 7 | 3 | | 4 | | 8 |
| | 3 | | | | | | | |

### सुडोकू - 39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 23 .23 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज घर में नकारात्मकता हावी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। जितना शांत0 रहेंगे उतना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप काफी शान्त रहेंगे। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारु रूप से पूर्ण होंगे। इससे आपकी आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

**मिथुन:** आज धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा।

**कर्क:** आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। शोध कार्यों से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्च करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या:** आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**तुला:** आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। ऑफिस आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रिनया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाने वाली यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर:** आज आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

**कुंभ:** आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मीन:** आज नया कार्य शुरू करने से बचें। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुरे लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11 .57-12 .40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10 .31-11 .14, 14 .50-15 .33 तक।

**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 08 .16 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- इंसानियत — सुबह : 11 .40
- ब्लैकमेल — रात : 07 .20

**Sony Max**
- दीवाना मैं दीवाना — सुबह : 08 .49
- भूल भूलैया 2 — रात : 07 .00

**Sony Pix**
- सिसु — सुबह : 10 .21
- जॉम्बीलैंड — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- दस्तक — दोपहर : 01 .30
- हाईवे ड्रीम्स — रात : 10 .00

**Colors Cineplex**
- चेन्नई एक्सप्रेस — सुबह : 09 .52
- हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया।
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका?
एक औरत ने गुस्से से कहा -फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।



## पहले दिन रामलला को 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

**अयोध्या, अमृत विचार:** राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने तीन करोड़ 17 लाख रुपये का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्री राम को भेजा है। डॉ. मिश्रा के अनुसार मंगलवार 23 जनवरी को पांच लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किए हैं। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

# दूसरे दिन 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

### चार पंक्तियों में बनाई गई दर्शन की व्यवस्था, चाक-चौबंद रही सुरक्षा

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर और मंदिर में प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में राम भक्त बुधवार सुबह से ही लंबी कतार में खड़े हो गए। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भीड़ कम रही। दूसरे दिन बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन के लिए मंगलवार को अचानक सैलाब के बाद प्रशासन ने आज चाक-चौबंद व्यवस्था रखी। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए चार लाइन बनाई गईं। जिनके माध्यम से अलग-अलग लाइनों में पुरुष व महिलाओं को प्रवेश कराकर बाहर निकाल गया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में मंदिर दर्शन का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। मंगला आरती के साथ ही दर्शन प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गृह सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम नितीश कुमार समेत सभी स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि रामपथ से लेकर जन्म भूमि पथ तक चार अलग-अलग लाइन के माध्यम से राम भक्त दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचे। आज सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए दर्शन कराए गए। सभी आने वाले श्रद्धालु आसानी से सुरक्षा के बीच होते हुए परिसर पहुंचे जहां दर्शन के बाद गेट नंबर 3 से बाहर निकाला गया।

### जन्मभूमि पथ से श्रद्धालुओं का प्रवेश और गेट नंबर तीन से कराई गई निकासी

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का जत्था। ● प्रशांत शेखर



### मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गया बंदर

राम मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद एक बंदर मंदिर परिसर में भी पहुंचते ही रामलला के मुख्य द्वार से मूर्ति तक चला गया। मंदिर परिसर में रखें किसी भी सामान का नुकसान नहीं किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंगलवार शाम श्रीराम के गर्भ ग्रह में हुई एक अद्भुत घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आज शाम लगभग 5 :50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में प्रवेश करके उत्सव मूर्ति के पास तक पहुंचा। बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर यह सोच कर भागे कि कहीं वो उत्सव मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे। जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, वैसे ही बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने के कारण पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और दर्शनार्थियों के बीच में से होता हुआ, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि ये हमारे लिए ऐसा ही है, मानो स्वयं हनुमान जी रामलला के दर्शन करने आये हों।

### समर्थकों के साथ प्रवीण तोगड़िया ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को समर्थकों के साथ रामनगरी पहुंचे। मंदिर निर्माण की संकल्प की पूर्ति के बाद उन्होंने सरयू में स्नान किया और रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रवीण तोगड़िया ने मोदी और अमित शाह पर विश्वास जताते हुए कहा कि अब मथुरा और काशी के लिए आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर बन गया है, यह आनंद का विषय है। जैसे राम मंदिर बना हुआ है वैसे काशी और मथुरा भी बना दिखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समृद्ध हिंदू, सम्मानित हिंदू का देशव्यापी समृद्ध अभियान चलाने जा रही है। जो देश भर में चला जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए राम मंदिर खुशी का विषय है।

## भीड़ नियंत्रण की रात भर चली कवायद

- अब भी मोर्चा संभाले हैं गृह सचिव व एसडीजी
- निगरानी में जुटे एडीजी, आईजी व एसएसपी मुख्य मार्ग पर डाइवर्जन अब भी लागू



जन्मभूमि पथ पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में मंगलवार रात भर चली कवायद के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन-पूजन की व्यवस्था को बुधवार को सुचारु कर लिया। अब भी प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने परिसर में मोर्चा संभाल रखा है। एडीजी, आईजी व एसएसपी निगरानी में जुटे हैं। रामनगरी के मुख्य मार्ग रामपथ पर अभी भी रुट डाइवर्जन लागू है। स्थानीय लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन की अनुमति दी गई है। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण योजना सख्ती से लागू किये जाने के बाद बुधवार को सारी व्यवस्थाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण में दिखीं। रामपथ पर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर आरएएफ के जवानों ने मानव श्रृंखला बना रखी थी। दूसरी पटरी पर बज्र व दंगा नियंत्रण वाहन तथा उस पर तैनात सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाल रखा था। एसएसएफ और सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान और अधिकारी पूरे पथ पर मुस्तैद रहे। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर बाएं तरफ स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल कैनोपी वाले पत्थर जड़ित मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा था। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाबलों की निगरानी में बैरियर और स्कैनर सक्रिय रहे, जबकि निकास दाएं स्थित वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्ग से कराया गया। आसपास के मंदिरों में दर्श-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को अमावां मंदिर-राम गुलेला मार्ग से भी निकलने की अनुमति दी गई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने परिसर स्थित कंट्रोल रूम में मोर्चा संभाल रखा था तो प्रशासन की ओर से लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जमे थे। वहीं एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर घूम-घूमकर हालात और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत विशेष ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारी निगरानी में जुटे दिखे। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि सुचारु रूप से दर्शन-पूजन कार्यक्रम जारी है। सभी को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं।

# रामोत्सव में रंगोत्सव के रंग में रंगी रामनगरी

12 जनवरी से रामलला के दर्शन को कई प्रदेश के लोग रामनगरी में रहे डटे

### रामपथ पर उतर आई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक, पारंपरिक परिधानों में पहुंच रहे श्रद्धालु

### अयोध्या धाम में आस्था के जनसैलाब के संग सांस्कृतिक विरासतों का संदेश दे रहे भक्त

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** सुंदर सजी रामनगरी में आस्था के आवेग के बीच भारतीय संस्कृति का समावेश एक भारत श्रेष्ठ भारत का संवाहक बन गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक और पारंपारिक विरासत रामपथ पर नए युग के आरम्भ का प्रतीक बन गई है। अब यहां रामलला के दर्शन के लिए आने वाले राम भक्त अपने-अपने प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं अयोध्या धाम में मन रहे रामोत्सव में श्रद्धाभाव के भी जुदा-जुदा रंग दिख रहे हैं।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार की तरह बुधवार को भी रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। मंगलवार को दर्शन को लेकर हुई असहजता भी प्रशासनिक व्यवस्था से बुधवार को सहज हो गई। जन्मभूमि मार्ग पर रैपिड एक्शन फोर्स जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन की व्यवस्था बना रहे थे। श्रद्धालु भी अनुशासन की डोर स्वयं से बांधे हुए आते-जाते रहे। 12 जनवरी से यहां डटे नेपाल के आशाराम और मध्य प्रदेश के निरंजन सिंह बोले ऐसी व्यवस्था यहां कभी नहीं दिखी। हर जगह प्रसाद और राम नाम की चाय के साथ अन्य इंतजाम से हृदय प्रसन्न हैं। कश्मीर से आए श्रीनिवास बोले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन सरलता के साथ रामलला के दर्शन प्राप्त हुए।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर बुधवार को हनुमंतलला का रूप धरे कर्नाटक का श्रद्धालु। अमृत विचार

### 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का किया दर्शन-पूजन

रामलला के दरबार में महाराष्ट्र के पुणे से आए केशव शंखनाद पथक के 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का दर्शन-पूजन किया। जिसमे ज्यादातर महिलाएं थीं। केशव शंखनाद पथक के सदस्य केसरिया व सफेद वस्त्र पहनकर अयोध्या की सड़कों पर शंखनाद करते हुए राम जन्मभूमि पथ पहुंचे। वहां से राम के दरबार पहुंच शंखनाद किया। इस दौरान केशव शंखनाद पथक के सदस्यों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से हमें अयोध्या आने होता दिया गया था, मंगलवार को हम अयोध्या पहुंचे थे। हमारी सात पीढ़ीयों नें जो संघर्ष किया उसका आनंद आने वाली पीढ़ी के लोग लेंगे। कहा कि इतने सालों का जो सपना था आज भगवान श्री राम के दर्शन कर पूरा हो गया। रामलला की मूर्ति देखने के बाद बहुत ही सुंदर लगी। उन्होंने कहा यह केशव शंख नाद पथक विश्व का पहले पथक है जो एक साथ और एक आवाज में शंख बजाते हैं।



### मुंबई की श्रद्धालु 56- अनारकली में तो लाल कोट में दिखे बादशाह

मुंबई से अपने पति राहुल सांबे के साथ दर्शन के लिए पहुंचीं शक्ति भी विशेष परिधान में रामलला के दर्शन के लिए आईं। उन्होंने बताया कि जो परिधान वह पहने हैं उसे महाराष्ट्र में 56-अनारकली कहा जाता है। बोलीं सुंदर अयोध्या धाम में सुंदरता के साथ आना अच्छा लगा। राहुल बोले रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामपथ पर भ्रमण कर रहे सूरत के लाल बादशाह सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाल कोट - लाल पैंट और लाल जूते के साथ ऊपर से नीचे तक लाल रंग में रंगे दिखे। पूछा तो बोले सूरत गुजरात में भी इसी वेशभूषा में रहते हैं। अयोध्या में भी इसी में रामलला के दर्शन के लिए आएं हैं। बताया सूरत में 10 हजार बच्चों को अब तक दीक्षा दे चुके हैं। वह श्रद्धालुओं को लाल रंग का पेन भी वितरित करते रहे।



मुंबई से आए दंपती।



तेलंगाना से पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में पहुंचा श्रद्धालु।

### सिर पर आस्था की गठरी लादे अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा

रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में राजस्थान के अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा भी रहे। सिर पर बड़ी सी गठरी लादे बाबा रामपथ पर पैदल बढ़े जा रहे थे। बताया अलवर से आ रहे हैं, फिर उन्होंने सरयू नदी की राह पूछी और आगे बढ़ गए।



### तेलंगाना के श्रद्धालु देवोवस्त्र तो आंध्र के राम रेड्डी पारम्परिक अंगवस्त्र में दिखे

रामपथ पर बुधवार को तेलंगाना से आया रामभक्तों का समूह अपनी पूरे पारम्परिक परिधान में रामलला के दर्शन कर आह्लादित दिखे। समूह के साथ मौजूद राकेश ने बताया कि हमारे परिधान को देवोवस्त्र कहा जाता है। प्रभु रामलला के दर्शन के लिए इसीलिए इस परिधान में आएं हैं। बताया कि यह साउथ का पारंपरिक परिधान है। जो देवों के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पहना जाता है। उनके साथ आए महाकाली, शिवा, बालाजी, महेश, सुरेश आदि मौजूद रहे। रामपथ पर दर्शन के लिए जा रहे आंध्र प्रदेश के राम रेड्डी कड़ाके की सर्दी के बाद भी धोती अंगवस्त्र में मिले। पूछा सर्दी नहीं लग रही है? बोले कुछ नहीं दोनों हाथ जोड़ प्रभु की ओर इशारा किया। इसी तरह बिहार के शैलेन्द्र विष्णु भी अपने पारंपरिक परिधान में दर्शन के लिए पहुंचे।

### संकल्प हुआ पूरा तो राम की वेशभूषा में पहुंचे अयोध्या धाम

राजस्थान के रहने वाले राज दास भी अयोध्या कोतवाली के निकट भगवान राम की वेशभूषा धारण किए आकर्षण का केंद्र रहे। बताया भव्य राम मंदिर बनने पर यह संकल्प लिया था कि उन्हीं की वेशभूषा में दर्शन करने जाएंगे। बोले रामलला विराजे तो आतुरता के साथ चला आया। उनके साथ श्रद्धालु भी सेल्फी लेते रहे। राज ने बताया कि मूलरूप से वह शेफ हैं। रंगमंच में भी सहभागिता रहती है।



**आस्था**



रामनगरी में अपनी बेटी को रामलला का दर्शन करा लौटता पिता।

**खरीदारी**



दर्शन-पूजन के बाद रुद्राक्ष खरीदती युवती।



रामपथ पर तिरंगा लहराता युवक।

**रामोत्सव** | तीन मूर्तिकारों ने अलग-अलग बनाई थी रामलला की मूर्ति, एक हुई गर्भगृह में प्रतिष्ठित

# बाल रूप रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी आईं सामने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पांच वर्षीय बाल रूप में रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्रतिष्ठित हो गए। यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामलला की दो अन्य मूर्तियों की भी तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि ट्रस्ट ने इस मूर्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया है। दावा किया है कि इन दोनों मूर्तियों को भी उचित सम्मान दिया जाएगा।

राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन अलग-अलग मूर्तिकारों से 51 इंच ऊंची रामलला की बाल स्वरूप मूर्ति तैयार करने को कहा था। ट्रस्ट के अनुमति पर मैसूर के अरुण योगीराज, कर्नाटक के कृष्ण शिला पर गणेश भट्ट व राजस्थान के मकराना संगमरमर के पत्थर पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाने का काम शुरू किया था। मूर्ति तैयार होने के बाद ट्रस्ट ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के अरुण योगीराज की मूर्ति चयन किया और उसे 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठ के तीसरे दिन बुधवार को मूर्तिकार गणेश भट्ट व सत्यनारायण पांडेय की ओर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि मंदिर के प्रथम तल पर लगने वाले राम दरबार के साथ इन दोनों मूर्तियों का प्रयोग किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि दोनों अन्य मूर्तियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। अभी तक ट्रस्ट ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जल्द ही मंथन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।



मूर्तिकार गणेश भट्ट की द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति।



मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे द्वारा बनाई की गई रामलला की मूर्ति।

- मूर्तिकार गणेश भट्ट ने कृष्ण शिला व सत्यनारायण पांडेय ने मकराना संगमरमर की बनाई मूर्ति - मूर्तियों को राम मंदिर उचित स्थान देने पर ट्रस्ट लेगा निर्णय



महाराष्ट्र से आए रामभक्तों ने भेंट की स्वर्ण जड़ित तलवार।

### रामलला को समर्पित की स्वर्ण जड़ित तलवार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद रामभक्त अपने आराध्य को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए 20 सदस्यीय राम भक्तों की टोली ने बुधवार को स्वर्ण जड़ित तलवार रामलला को समर्पित की है। तलवार सात फीट लंबी और 80 किलो वजनी है। जिस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसके साथ ही इस तलवार पर विष्णुजी के 10 अवतारों के चिह्न भी अंकित हैं। निलेश अरुण ने कहा कि तलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। यह तलवार प्राचीन नंदन तलवार को देखकर बनाया गया है, इसे एक गाड़ी में रखकर अयोध्या लाया गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| अरहरफूल | 14400-14600 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12400 |
| चनादाल | 6600-6700 |
| मटरदाल | 5450-5550 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7000-7100 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| सेला | 2500-3000 |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |
| नाषिवपुरी 1 | 0000-11200 |
| बटाली | 9500-10800 |
| सेहुआं | 4000-4500 |
| सरसों | 2750-2850 |
| अलसी | 4300-4400 |

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स 690 अंक उछला

## धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली, टाटा स्टील का शेयर 3.77 फीसदी मजबूत

**मुंबई, एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ।

मानक सूचकांक कारोबार के दौरान ऊंचे में 71,149.61 अंक तक गया और नीचे में 70,001.60 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

सेंसेक्स के कुल 30 में से 25 शेयर लाभ में रहे जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मंगलवार की बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की।

### वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80 .01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,115 .39 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 1,053 .10 अंक टूटा था और निफ्टी 330 .15 अंक नुकसान में रहा था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 718 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,875 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |

## यूको बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपये : अश्वनी

**कोलकाता**। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (सीईओ) अश्वनी कुमार ने बुधवार को बैंक के तृतीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसका प्रसारण यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। इसमे यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या से अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़ा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 1119.00 करोड़, नेट प्रॉफिट 503.00 करोड़ एवं नेट एनपीए 0.98 प्रतिशत रहा है।



# सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया ज्ञापन

भारतीय उद्योग मंडल (सीआईआई) ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है। सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए।

सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

## बैंकों की ऋण वृद्धि 15 प्रतिशत रहने की उम्मीद: इक्रा

**मुंबई**। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अपने बैंक ऋण वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 14.9-15.3 प्रतिशत कर दिया। अगले वित्त वर्ष में घटकर 12 प्रतिशत ही रहने की आशंका जताई। इक्रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 14.9-15.3 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर के साथ बैंक कर्ज 20.4-20.9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। यह अब तक की सर्वाधिक वृद्धिशील बैंक ऋण वृद्धि होगी और 2022-23 में दर्ज 15.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 18.2 लाख करोड़ रुपये के पिछले स्तर को पार कर जाएगी।

# महीनों बाद भी खरीफ फसलों के क्लेम का पता नहीं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

▸▸ नवंबर में कटी थीं धान समेत अन्य खरीफ फसलें

▸▸ जिलों से समय पर नहीं मिले क्रॉप कटिंग के आंकड़े

**अमृत विचार** : प्रदेश में खरीफ 2023-24 की फसल कटे काफी समय हो गया है लेकिन, बीमित फसलों के क्लेम का पता नहीं है। विभाग समय पर उपज के आंकड़े नहीं जुटा पाए तो कंपनियां नुकसान का आकलन नहीं कर पाईं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि प्रदेश में कितने किसानों को कितनी क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलेगी। जबकि नवंबर तक धान समेत अन्य फसलें कट गईं थीं और इधर खेतों पर रबी की फसलें खड़ी हैं। दरअसल, बीमित फसलों का क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर तय होता है। यानी फसल की कटाई के दौरान निकली उपज का पॉलिसी के अनुसार आकलन कर क्षतिपूर्ति निकाली जाती है और उपज कम होने पर कंपनियां भरपाई करतीं हैं। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि आंकड़े बीमा कंपनियों को दिए गए हैं। इस बार जल्द किसानों को क्लेम मिलेगा।



### 15 दिसंबर तक जुटाए थे आंकड़े

कृषि विभाग इस बार क्रॉप कटिंग और उपज का आकलन जल्द होना बता रहा है। जबकि जिलों से समय पर उपज के आंकड़े न मिलना भी बताया जा रहा है। हालांकि 15 दिसंबर तक उपज के आंकड़े जिलों से जुटाए गए और 15 जनवरी तक बीमा कंपनियों को पॉलिसी के अनुसार मैचिंग यानी क्षतिपूर्ति की तुलना कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिए गए। जिसकी केंद्र के पोर्टल पर फीड करने की जा रही है।

### पांच हजार किसानों का 3 करोड़ बाकी

खरीफ में व्यक्तिगत व मध्य अवधि के कुल 13 हजार किसानों को 9 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना तय हुआ था। इनमें कंपनियों ने 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें व्यक्तिगत दावे कितने आए और कितने निरस्त हुए इसकी रिपोर्ट कंपनियों ने नहीं दी है।

## राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री ने इस बार की गणतंत्र दिवस परेड महिला शक्ति को समर्पित की, बोले-

# कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपनाएं युवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**





नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उत्साहित एनसीसी/एनएसएस कैडेट। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड इस बार और विशेष होगी क्योंकि यह देश की महिला शक्ति को समर्पित है और साथ ही यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस भी होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के एक समूह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बारे में जानने और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी कहा कि वे राष्ट्र प्रथम के मंत्र को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'जेन जेड' (जेड पीढ़ी) कहा जा सकता है लेकिन वह उन्हें (युवाओं को) अमृत पीढ़ी कहना पसंद करेंगे। पिछड़े समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न दिए जाने से युवा पीढ़ी उनके बारे में जानेगी और उनके जीवन से सीख लेगी जो कि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता के बीच पैदा हुए, लेकिन वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता हमेशा विनम्र रहे और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा। मोदी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी को एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाकुर गरीबों के कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने कार्यों में उनकी सरकार के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है और युवाओं की ऊर्जा से देश की गति तेज होगी।

## भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिजनक पोस्ट करने में गिरफ्तार

**राजगढ़ (मप्र)**। मध्यप्रदेश में भाजपा के एक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े 'आपत्तिजनक' पोस्ट साझा करने के आरोप में राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भ्याना गांव के रहने वाले आरोपी सईद खान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों द्वारा उनकी पोस्ट को लेकर लीमाचौहान पुलिस थाना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद की गई।

लीमाचौहान पुलिस थाना के प्रभारी अनिल कुमार राहोरिया ने बताया कि मंसूरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि मंसूरी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

# भाजपा और विपक्ष में ठाकुर की विरासत पर दावा करने की होड़ तेज

**नयी दिल्ली/पटना, एजेंसी**



पटना में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राज्य मंत्री तेज प्रताप यादव। ● एजेंसी

जननायक' कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों में दिग्गज समाजवादी नेता की राजनीतिक विरासत पर दावा करने की होड़ बुधवार को तेज हो गई। भाजपा ने जहां उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की, वहीं विपक्षी नेताओं ने उनके (ठाकुर के) एजेंडे पर काम करने की केंद्र को सलाह दी और जाति आधारित गणना की फिर से वकालत की।

ठाकुर की 100वीं जयंती पर मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है।

▸▸ जयंती पर मोदी, शाह, नीतिश व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने ठाकुर के योगदान को स्वीकार नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करने के भाजपा के प्रयास से सशंकित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद ने अपनी राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर के प्रभाव और उनके लिए भारत रत्न' की अपनी मांग को भी रेखांकित किया है।

## एक नजर

### आपत्तिजनक पोस्ट करने में कई लोगों पर केस

**जम्मू**। अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आपत्तिजनक सामग्री' पोस्ट करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी और रियासी जिलों में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर 'संवेदनशील सामग्री' पोस्ट की जिससे 'शांतिपूर्ण माहौल खराब' होने की आशंका थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन लोगों पर एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

### ज्वाला ने तीन नहीं चार शावकों को जन्म दिया

**भोपाल**। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया है। पहले तीन शावकों के जन्म की जानकारी दी गयी थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक पोस्ट में कहा, वन्यजीवन का अचरज! अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले वन्यजीव योद्धा किसी तरह ज्वाला के करीब पहुंच पाए, उन्होंने पाया कि उसने तीन के बजाय चार शावकों को जन्म दिया है।

## गणतंत्र दिवस परेड: उप्र की झांकी में देखने को मिलेगी नमो भारत ट्रेन की झलक

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की नमो भारत ट्रेन की प्रतिकृति इस गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झांकी में साहिबाबाद स्टेशन से शुरू होने वाली क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) ट्रेन का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा, " इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में नमो भारत ट्रेन आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। इसकी झलक उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। इसमें साहिबाबाद स्टेशन से चलने वाली आरआरटीएस ट्रेन की लघुकृति प्रदर्शित की जाएगी।

## सैन्य कमांडर ने जवानों की तैयारियों का जायजा लिया

**जम्मू**। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सैनिकों की अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उत्तरी कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उधमपुर में साजो-सामान के डिपो का दौरा किया और ध्रुव कमान की समग्र तत्परता के संदर्भ में डिपो की सुरक्षा और क्षमताओं की समीक्षा की।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट : अडाणी समूह झटके से साल भर में उबरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ पिछले साल अडाणी समूह की कंपनियों पर लगे थे शेयरों के भाव में हेराफेरी के आरोप

हिंडनबर्ग रिसर्च की साल भर पहले आई प्रतिकूल रिपोर्ट में लगाए गए कई आरोपों से अडाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट आ गई थी लेकिन समय बीतने के साथ अडाणी समूह काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा है। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में अडाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था। लेकिन हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों की वजह से समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने लगी थी।

वित्त वर्ष की पहली छमाही में समूह की कंपनियों का कर-पूर्व लाभ 47 प्रतिशत उछलकर 43,688 करोड़ रुपये हो गया। अडाणी समूह ने अगले दशक में अपने बुनियादी ढांचे के कारोबार विस्तार के लिए सात लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके साथ ही समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी एक बार फिर अमीरों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यंत वंचितों के लिए काम किया : जोशी



प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र सौंपते लोग।

**जयपुर, एजेंसी**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, कूर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

जोशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवन पर्यंत वंचित और पिछडे.वर्ग के उत्थान के का काम किया।

## खरगे ने असम में राहुल की सुरक्षा पर शाह को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी की तिथि वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

# जितने भी केस करें, हम डरेंगे नहीं : राहुल

**बारपेटा (असम), एजेंसी**

▸▸ राहुल ने भारज जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन असम में की जनसभाएं



असम के बोंगाईगांव जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी। ● एजेंसी

भीड़ को उकसाने के आरोप में गुवाहाटी पुलिस द्वारा राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य को चुनौती दी कि वे जितना संभव हो उतने मामले दर्ज करें, लेकिन फिर भी वह डरेंगे नहीं। बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हिमंत विश्व शर्मा को यह विचार कैसे आया कि वह मामले दर्ज करके मुझे डरा सकते हैं। जितना संभव हो, उतने मामले दर्ज करें। 25 और मामले दर्ज करें, आप मुझे डरा नहीं सकते। भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) मुझे डरा नहीं सकते।''

गुवाहाटी पुलिस ने मंगलवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य की राजधानी में हिंसा के कृत्यों के लिए गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की। गांधी ने कहा, भाजपा-आरएसएस असम की भाषा, संस्कृति और इतिहास को मिटाना चाहते हैं। वे असम को नागपुर से चलाना चाहते हैं।



# सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर

## आईसीसी ने लगातार दूसरी बार घोषित किया साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

**दुबई, एजेंसी**

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है। आईसीसी ने उन्हें टी-20 प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में करीब 50 के औसत और 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टी-20 मैचों में रन बनाए थे। इस समय सूर्यकुमार यादव जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहेबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

### आईसीसी ने सूर्या को बताया भारतीय मध्यक्रम की रीढ़

आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। आईसीसी के मुताबिक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। सूर्या ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 7 रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

### कप्तानी का बोझ होने पर भी की अच्छी बल्लेबाजी

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

# युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

## अंडर-19 विश्व कप : आज अच्छी बल्लेबाजी के अभ्यास पर होगी नजर

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा।



### बल्लेबाजों को शैली में कराना होगा सुधार

भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए थे लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 79 और 68 रहा, जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सौमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज है जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण बीच में ब्रेक लेना पड़ा था।

### भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

# 12 साल का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

## साल 2012 से अपनी सरजमीं पर खेली गई टेस्ट शृंखला में अजेय है भारतीय टीम

**हैदराबाद, एजेंसी**

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को इंग्लैंड की टीम अपनी बैजबॉल शैली से चुनौती देने के लिए उतरेगी तो बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा ब्रिगेड इसका जवाब स्पिन बॉल से देना चाहेगी। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट शृंखला में 2-1 से हराया था। इसके बाद से भारत ने लगातार 16 शृंखलाएं जीती हैं, जिनमें 7 में क्लीन स्वीप किया है।



### विराट के न खेलना से राहत

इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे, जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं।

### कोहली की जगह रजत पाटीदार टीम में

मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट शृंखला में 3-0 से हराया था लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी थे।

### 44 टेस्ट में से सिर्फ 3 में हारा है भारत

भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट मैच खेले और सिर्फ 3 में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए तो भारत के सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।



### अश्विन और जडेजा पेश करेंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम खासतौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। अश्विन 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक है।

### बैजबॉल से इंग्लैंड को मिली कामयाबी

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर इकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे, जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

# भारत ए ने पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर कसा शिकंजा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आकाशदीप के 4 विकेट के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत ए ने बुधवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। आकाशदीप ने चार, जबकि यश दयाल और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके।

**आकाशदीप ने झटके 4 विकेट, देवदत्त ने बनाए नाबाद 92 रन**

ओलिवर प्राइस 48 रन बनाकर इंग्लैंड लायंस के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राइडन कार्स ने 31 रन बनाए। इंग्लैंड के 7 बल्लेबाज 10 रन से ऊपर नहीं जा सके। प्राइस और कार्स के बीच सबसे बड़ी भागीदारी 43 रन की रही। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 53) की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। भारत ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 150 रन बना लिए।

## खेल डायरी

### सुमित नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे मिला प्रवेश



**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए कट-ऑफ 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

### जका अशरफ की जगह शाह खावर बने पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन



**लाहौर।** जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी। खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

### मंदीप इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो से भिड़ेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को अमेरिका के वाशिंगटन में टोपेनिश सिटी में इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो इस्क्विवेल से भिड़ेंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार रॉय जोन्स जूनियर से ट्रेनिंग लेने वाले जांगड़ा ने अपने सामान्य 75 किग्रा वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है और अब वह 59 किग्रा वजन वर्ग में भिड़ेंगे। यह उनके कॅरिअर का सबसे बड़ा मुकाबला होगा। जांगड़ा ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत हासिल की है, जिसमें से चार नॉकआउट जीत रही हैं। जांगड़ा ने अपना पहला मुकाबला 2021 में जीता था और अंतिम जीत अगस्त 2023 में दर्ज की थी।

**मुक्केबाजी**

### सेमीफाइनल में पहुंचे बोपन्ना सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



**मेलबर्न।** भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

# किरण-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**जकार्ता, एजेंसी**

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलयेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले किरण जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया।

**प्रणय और श्रीकांत पहले दौर में हारकर बाहर**



किरण जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी। लक्ष्य सेन का सामना अगले दौर में डेनमार्क के मलयेशिया ओपन चैंपियन एंडर्स एंटोनसेन या इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारडोयो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए।

# भारत ने फ्रांस से ड्रा खेला

**केपटाउन, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फ्रांस से 2-2 के ड्रा से अंक बांटने पड़े। भारत के लिए मंदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा, जबकि फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट और बी गैस्पर्ड के गोल से बराबरी हासिल की।

**हॉकी टूर्नामेंट**

मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया, जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन फ्रांस ने वापसी करने के लिए हमले तेज किए और उसकी बराबरी हासिल करने की कोशिश सफल साबित हुई जब क्लेमेंट ने गोल कर अंतर कम किया।

अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के लिए प्रयासरत थीं लेकिन भारत को हूटर बजने से एक मिनट पहले गहरा झटका लगा जब फ्रांस के लिए गैस्पर्ड ने बराबरी गोल लगाया। इस टूर्नामेंट में भारत और फ्रांस के अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड की टीमें भाग ले रही है। भारत शुक्रवार को तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर रविवार को उसका सामना नीदरलैंड से होगा।

# एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को दी शिकस्त

**मस्कट, एजेंसी**

**पूल सी के मैच में 5-4 से हराया**
**दीपिका- मुमताज ने किए 2-2 गोल**

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के 2-2 गोल की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। पोलैंड के लिए जूलिया, कप्तान मारलेना रिबाचा, पाउला स्लाविंस्का और मोनिका पोलव्जाक ने गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली थी। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी।



# बॉलीवुड हलचल

## 12वीं फेल ऑस्कर की दौड़ से बाहर, टू किल अ टाइगर लिस्ट में हुई शामिल

ऑस्कर्स 2024 के लिए हाल ही में फिल्मों का नॉमिनेशन शुरू हुआ था। अब नॉमिनीज की लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट से 12वीं फेल और 2018 दोनों फिल्में बाहर हो गई हैं। उम्मीद की जा रही थी कि विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल को इस लिस्ट में जगह मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इन दोनों बड़ी फिल्मों को मात देकर इंडिया की निशा पाहूजा की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म टू किल अ टाइगर ने एंट्री मारी हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। साल 2024 में टू किल अ टाइगर अकेली ऐसी फिल्म हैं, जिसे ऑस्कर्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के नॉमिनेट होने के पर इंडियन फैंस की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। इस फिल्म को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के अलावा 4 और फीचर फिल्मों को इस लिस्ट में जगह मिली है।




### कैसी है टू किल अ टाइगर की कहानी

निशा पाहूजा की फिल्म टू किल अ टाइगर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां लोगों ने इसे काफी पसंद किया था। इस फिल्म की कहानी इंडिया के एक छोटे से गांव पर बनी है। इसमें एक पिता की कहानी है जो अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाना चाहता है, जिसके साथ तीन लोगों ने अपहरण करके दुष्कर्म किया था।

## रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फाइटर पर लगा बैन

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है मगर खाड़ी देशों से इस फिल्म के लिए बुरी खबर है। इस फिल्म पर रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। भारतीय वायु सेना के पायलट की जिंदगी पर बनी इस फिल्म को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। इससे गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। फिल्म को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

फिल्म फाइटर रिलीज होने से पहले ही एडवांस बुकिंग में धमाल मचा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।



## डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स में शाहरुख खान की एंट्री

बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की साल 2024 में एक भी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक नहीं देने वाली है लेकिन उनका नाम एक कई फिल्मों से जुड़ रहा है। धूम 4 से लेकर इंशाअल्लाह तक उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इसी बीच शाहरुख खान के हाथ एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म लगी है। यह डॉक्यूमेंट्री एक्टर-फिल्ममेकर राकेश रोशन की जिंदगी पर बन रही है। इसका नाम द रोशन्स है। शाहरुख खान इस डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा होने वाले हैं, इसका खुलासा राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर किया है। राकेश रोशन ने एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वो शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए राकेश रोशन ने द रोशन्स में योगदान करने के लिए शुक्रिया कहा है।



### अजय देवगन की फिल्म शैतान का नया पोस्टर जारी

अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें अजय देवगन के साथ ही आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान का नया पोस्टर शेयर किया है। नया पोस्टर फैंस का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म का टीजर 25 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका हैं। इसे अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

